फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 3, वर्ष 11, अंक 303, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

प्रयागराज, बुधवार, 22 फरवरी, 2023

परख सच की


# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित



अंदर - औपनिवेशिक स्त्री विमर्श और कस्तूरबा

अन्दर : ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की सहायता के लिए तैयार हूं : हेडन



नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

## उद्धव गुट की याचिका पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** शिवसेना पर कब्जे की लड़ाई को लेकर उद्धव गुट की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट राजी हुआ है। सुप्रीम कोर्ट में आज दोपहर 3.30 बजे इस मुद्दे पर सुनवाई होगी। इसके पहले मंगलवार को कोर्ट में याचिका को लेकर सुनवाई हुई।




# गाजीपुर में सॉल्वर गैंग का भंडाफोड़, प्रबंधक, प्रिंसिपल सहित 13 गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**कसा शिकंजा**

**दूसरे जिलों से फर्जी परीक्षार्थी लाकर दिला रहे थे 10वीं-12वीं के बोर्ड एक्जाम**

**एसपी बोले-बलरामपुर की महिला चला रही थी गैंग**

**गाजीपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल माफिया का राज चल रहा है। शासन की सख्ती के बावजूद नकल माफिया जान जोखिम में डालकर नकल करा रहे हैं। पहले तो यह विभाग की मिलीभगत से केंद्र बनवा लिए। उसके बाद नकल का खेल शुरू कर दिए। हालांकि, जिला प्रशासन ने नकल माफियाओं की कारास्तानी को पकड़ने के लिए पूरी टीम लगा दी है। वह लगातार परीक्षा केंद्रों पर चक्रमण कर रहे हैं। सीसीटीवी से लेकर वायस कैमरा चेक कर रहे हैं। फिर भी नकल माफिया साल्वर बैठा कर कहीं अन्यत्र परीक्षार्थियों की कॉपी लिखवा रहे हैं। जिसके एवज में मोटी रकम वसूल रहे हैं। गाजीपुर जिला पूरे प्रदेश में नकल के लिए मशहूर है। यहां अन्य जिलों से परीक्षार्थी परीक्षा देने आते हैं। जिसके लिए कालेज संचालक एजेंट रखे हुए हैं। पास कराने का यहां ठेका लिया जाता है। लेकिन जिला प्रशासन भी काफी सख्त रुख अपनाए हुए है। पहले दिन भी नकल के आरोप में नौ लोग को पकड़े थे। इसके बाद सोमवार को तेरह लोगों को नकल के मामले में गिरफ्तार की है।

इंटरमीडिएट और हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह में प्राचार्य, प्रबंधक व फर्जी परीक्षार्थी समेत 13 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं एक फरार चल रहा है। मुखबिर की सूचना पर स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय सर्विलांस प्रभारी सुनील तिवारी व थानाध्यक्ष दुल्लहपुर की संयुक्त टीम ने नकल कराने वाले गिरोह के प्राचार्य ,प्रबंधक व फर्जी परीक्षार्थी समेत 14 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। जिसमें 13 पुलिस गिरफ्त में है। पुलिस ने हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट का 43 प्रवेश पत्र, 29 आधार कार्ड, 3 फीस रजिस्टर (अटेंडेंस व फीस रजिस्टर), व कक्षा 9, 10, 11, 12 का नामनल फार्म 15 प्रश्नपत्र, मानीटर, सीपीयू, प्रिंटर बरामद किया है। नकल के लिए कुख्यात जखनियां तहसील के शिक्षा माफियाओं ने बाहर के जिलों से साल्वर बुलाकर प्रवेश पत्र व आधार कार्ड पर फोटो बदल कर परीक्षा दिलवा रहें थे। बीते सोमवार को रेहटी मालीपुर के जय मां दुर्गा इंटर कालेज में रह रहीं साल्वर गैंग की महिला सरगना समेत पांच फर्जी परीक्षार्थियों को सचल दस्ते की टीम ने दबोचा था। यह दूसरे के स्थान पर 16 फरवरी की परीक्षा दे चुके हैं। सभी इसी कालेज से फार्म भरे छात्रों के स्थान पर परीक्षा देने के लिए दूसरे जनपदों से आए थे। पकड़े गए आरोपित स्नातक व बी फार्मा के विद्यार्थी हैं। वहीं इस कालेज का सेंटर भुड़कुड़ा के महंत रामबरन दास इंटर कालेज में पड़ा है। कालेज के प्रबंधक के भाई सुनील सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

कॉलेज प्रबंधन ने नकल कराने के लिए बाहर से साल्वर बुलाया था। सभी को अपने यहां कालेज में ठहराया था। इनको पांच-पांच हजार देने का लालच दिया था। जिसमें तीन हजार एडवांस के रूप में दिया गया था। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर परीक्षा में मंगलवार को डीएम एवं एसपी ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें खाकी बाबा सिद्धार्थ इंटर कॉलेज यूसुफपुर, श्री राम सरन नगदु इंटर कॉलेज मरदानपुर गुरैनी की परीक्षा केंद्र में बने स्ट्रांग रूम तथा सीसीटीवी का निरीक्षण की। सीसीटीवी कैमरे को चेक करने के बाद कैमरे से हो रहे निगरानी को भी जांचा।



## बलरामपुर और बस्ती जिले के थे साल्वर

ओंमकार नाथ सिंह पुत्र स्व. हनुमान सिंह ग्राम सरसेना थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ। सुनील सिंह पिता स्वर्गीय महेश प्रताप सिंह रेहटीमालीपुर थाना दुल्लहपुर। अजीत प्रताप सिंह पुत्र महेश प्रताप सिंह ,रेहटीमालीपुर थाना दुल्लापुर। नमिता पांडे पुत्री भवानी प्रसाद पाण्डेय पता मुजहनी महाराजगंज तराई बलरामपुर। मगन पाण्डेय पुत्र भवानी प्रसाद पांडेपता मुजहनी महाराजगंज तराई बलरामपुर। कंचन तिवारी पुत्री हरी नाथ तिवारी, पता देवीपाटन तुलसीपुर बलरामपुर। जयंती सोनी पुत्री गोविंद सोनी देवीपाटन तुलसीपुर बलरामपुर। विजय पाल सिंह पुत्र दिवाकर सिंह तेलियाडीह,गोल्हौरा सिद्धार्थनगर। प्रांजल सिंह पुत्री हरिप्रसाद सिंह पता खदेवरा रुधौली जनपद बस्ती। ऋषभ सिंह पुत्र महेंद्र सिंह पता खदेवरा रुधौली जनपद बस्ती। सौरभ कुमार पुत्र सुरेंद्र राम देवकली चिरैयाकोट मऊ। बृजेश कुमार मोहित राम पता नसीरुद्दीनपुर चिरैयाकोट जनपद मऊ। रोशन गुप्ता पुत्र मुन्ना प्रसाद गुप्ता पता रेवरीया दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर। रहमान यादव प्रधानाचार्य डीएसवाई इण्टर कॉलेज (फरार है)।




## अर्पिता मुखर्जी के घर से 52 करोड़ नकद जब्त

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपए के हुए शिक्षक भर्ती घोटाले में अब तक जब्त नकदी और सोने के साथ-साथ बैंक खातों और संपत्तियों की कुल रिकवरी लगभग 111 करोड़ रुपये हो गई है। सूत्रों ने कहा कि यह जब्त और फ्रीज हुए खाते केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मामले में समानांतर जांच के संयुक्त आंकड़े हैं। हालांकि, नकदी और सोने की बरामदगी के मामले में ईडी अपनी सीबीआई से काफी आगे है। इस घोटाले में अधिकतम कैश और सोने की रिकवरी पिछले साल जुलाई में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के दो आवासों से हुई थी, जहां से कुल रिकवरी लगभग 33 करोड़ रुपए थी।

# विधानसभाओं सहित हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएं

## विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर आम सहमति बनाने की जरूरत: राष्ट्रपति मुर्मू

**ईटानगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि देश के समग्र और समावेशी विकास के लिए राज्यों की विधानसभाओं, जन-प्रतिनिधित्व की अन्य संस्थाओं सहित हर कार्य क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और बढ़ाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन और मर्यादा संसदीय प्रणाली की पहचान हैं तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि चर्चा की सामग्री एवं गुणवत्ता उच्चतम स्तर की हो। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की विधानसभा सहित सभी राज्यों की विधानसभाओं तथा जनप्रतिनिधित्व की अन्य संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मेरा मानना है कि हमारे देश के समग्र और समावेशी विकास के लिए हर



कार्य क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और अधिक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन और मयार्दा संसदीय प्रणाली की पहचान हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चर्चा की सामग्री और गुणवत्ता उच्चतम स्तर की हो। साथ ही हमें विकास और जनकल्याण के मुद्दों पर आम सहमति बनाने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की संस्कृति, विविधता और प्राकृतिक सुंदरता, इस राज्य को भारत में एक विशेष स्थान प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश अरुणाचल प्रदेश की ओर यहां की क्षमता तथा यहां के लोगों की उपलब्धियों के कारण नई दृष्टि से देख रहा है। मुर्मू ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में देश में ह्यप्रकृति के प्रथम कटोरेह्न के रूप में उभरने की क्षमता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह राज्य ह्यखासी मंदारिनह्न संतरे और कीवी उत्पादन में पहले स्थान पर है, जबकि बड़ी इलायची के उत्पादन में इसका देश में दूसरा स्थान है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल की इस धरती पर सदियों से स्वशासन और जमीनी लोकतंत्र की एक जीवंत प्रणाली विद्यमान है। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी संस्कृति अपने समूह की आकांक्षाओं को पूरा करने में निष्पक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह बनकर सच्चे लोकतंत्र और सुशासन के मूल सिद्धांतों को आत्मसात करती है। राष्ट्रपति ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश ने ह्यपक्के घोषणा-पत्रह्न के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के लिए प्रतिबद्धता दिखाने का संकल्प लिया है। मुझे आशा है कि अन्य राज्य भी इससे प्रेरणा लेते हुए इस मॉडल को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह देखकर प्रसन्नता होती है कि विकास का सूर्य अरुणाचल प्रदेश को प्रकाशित कर रहा है और आज यह भारत की प्रगति की धारा का महत्वपूर्ण स्रोत है। उन्होंने कहा कि यह राज्य और यहां के सरल तथा निष्ठावान लोग देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। मुर्मू ने ह्यअपनी विधानसभा को जानेंह्न पहल की सराहना की।

# सोनभद्र में सिपाही ने खुद को एके-47 से गोली मारी

**हड़कंप**

**अनुभव यादव ग्राम डूहींया थाना सुहवल, गाजीपुर का था निवासी**

**डाला(सोनभद्र)।** हाथीनाला थाना मे तैनात सिपाही दिवान ने मंगलवार की देर सायंकाल एके 47 रायफल से गले में गोली मारकर आत्महत्या कर लिया। दिवान की आत्महत्या की खबर लगते ही पुलिस महकमे में हडकंप मच गई। पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह ने डाक्टरों के पैनल का गठन करके पोस्टमार्टम कराने के लिए निर्देशित किया। अपर पुलिस कालू सिंह ने बताया कि 32 वर्षीय अनुभव यादव पुत्र स्व योगेन्द्र यादव निवासी ग्राम डूहींया थाना सुहवल जनपद गाजीपुर हाथीनाला थाने पर तैनात था, जो सायंकाल गश्त करने के बाद हाथीनाला थाना प्रभारी श्याम किशोर से बोल कर गया कि सर मैं अपने कमरे से आ रहा हूं, कुछ देर बीत जाने के बाद जब वह नहीं लौटा तो तो थाने पर तैनात अन्य साथियों ने फोन लगाया तो फोन नहीं उठ सका। फोन नहीं उठने पर कमरे में अन्य साथियों ने जाकर देखा तो अनुभव खून



फाइल फोटो

से लथपथ चारपाई पर पड़ा है, खून से लथपथ अनुभव को देखकर हर चकित हो गया। घटना की सूचना हाथीनाला थाना प्रभारी ने उच्च अधिकारियों को दिया। हेड कांस्टेबल की आत्महत्या करने की जानकारी मिलते ही सोनभद्र पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह हाथीनाला थाना पर पहुंच गए और हर पहलुओं का तहकीकात करने का निर्देश दिया। इस सन्दर्भ में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया कि मृतक अनुभव यादव ने हमराह में मिले राइफल एके 47 से गले में गोली मारकर आत्महत्या कर लिया, घर के लोगों को सूचना दे दी गई है, अनुभव के शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में डॉक्टरों के पैनल से कराया जाएगा।

# होली के बाद तेजस्वी बनेंगे मुख्यमंत्री

**पटना।** रोहतास के दिनारा से फ्खऊ विधायक विजय मंडल ने दावा किया है कि होली के बाद तेजस्वी यादव बिहार के मुख्यमंत्री होंगे। मुख्यमंत्री ने बयान दिया था कि 2025 का चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। इस पर उन्होंने कहा कि 2025 अभी दूर है। होली के बाद ही उन्हें जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपेंगे। विजय मंडल ने सासाराम में कहा कि होली तक तेजस्वी यादव बिहार के सीएम बन जाएंगे, जबकि नीतीश कुमार 2024 के होने वाले चुनाव में पीएम उम्मीदवार के रूप में अपना अभियान शुरू करेंगे।

विजय मंडल ने कहा कि नीतीश कुमार खुद चाहते हैं कि तेजस्वी यादव सीएम बनें। उन्होंने खुद कहा है कि उन्हें तेजस्वी को बढ़ाना है। तेजस्वी को आगे पहुंचाना है। मुझे नीतीश कुमार पर भरोसा है कि वो तेजस्वी को कमान सौंपेंगे और खुद देश का नेतृत्व करेंगे।



**सियासत**

**विजय मंडल ने कहा- 2025 तो दूर है, नीतीश खुद जल्द उन्हें प्रभार सौंपेंगे**

सोमवार को उपेंद्र कुशवाहा के पार्टी छोड़ने के ऐलान के ठीक बाद जेडीयू ऑफिस में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में ललन सिंह ने कहा कि 2025 की बात 2025 में देखेंगे। अभी नीतीश कुमार जेडीयू के नेता हैं और वही पार्टी का नेतृत्व करेंगे। जेडीयू का किसी पार्टी में विलय नहीं हो रहा है। अब आरजेडी विधायक विजय मंडल का यह बयान इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। विधायक नीतीश कुमार की घोषणा की याद दिला रहे हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2025 में बिहार विधानसभा चुनाव में उट पद के दावेदार नहीं होंगे। उन्होंने खुद इसकी घोषणा की है। पटना में महागठबंधन के विधायकों की बैठक में नीतीश ने कहा-2025 का विधानसभा चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। मेरा लक्ष्य 2024 लोकसभा में भाजपा को हराना है। मैं उट या ढट पद का उम्मीदवार नहीं बनना चाहता। वित्त मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने बताया- बिहार विधानसभा के बाद महागठबंधन विधानमंडल दल की बैठक हुई थी। उसमें मुख्यमंत्री ने यह साफ कर दिया कि मेरे बाद जो नेतृत्व होगा वह तेजस्वी यादव का होगा।

# दूल्हे को नोटों की माला पहनाना आरबीआई के नियमों के खिलाफ

**नई दिल्ली।** इनदिनों शादी-ब्याह का सीजन चल रहा है। उत्तर भारत में एक आम चलन हैं कि दूल्हा नोट की माला पहन कर घोड़ी पर चढ़ता है। लेकिन अब एक अलग सी घटना दिखने लगी है। झपटमार दूल्हे के गले से नोटों की माला छीन का भाग जा रहे हैं। यदि दूल्हे के गले में 500 रुपये के नोट की माला हो और माला को बनाने में 100 नोटों का भी उपयोग हुआ हैं, तब यह मामला 50 हजार रुपये का होता है। यह हुआ दूल्हे के नुकसान की बात। लेकिन आपकों पता है कि करेंसी नोट की माला बनाना रिजर्व बैंक के नियमों के खिलाफ है? उत्तर भारत के कई राज्यों में यह रिवाज खूब लोकप्रिय है। कहीं सिर्फ दूल्हे नोट की माला पहनते हैं, तब कहीं दुल्हन को भी नोटों की माला पहनाई जाती है। शादी के परिधान जिस दुकान में मिलते हैं, उसी दुकान में नोटों की माला भी बिकती है। इस समय 10 रुपये, 20 रुपये और 50 रुपये के नोटों की माला काफी बिक रहे हैं। अमीर व्यक्ति 100 और 500 रुपये के नोटों से बने माला भी पहन रहे हैं। इस माला में उपयोग हुए नोटों का तब दाम देना ही पड़ता है, माला बनाने की मजदूरी भी चुकानी होती है।बीते 27 जनवरी को खबर आई थी। पश्चिमी दिल्ली में एक दूल्हे की बारात चल रही थी। दूल्हे के गले में 500 रुपये के नोट की माला थी। उसमें 329 नोट लगे थे। मतलब कि उस माले में 1,64,500 रुपये का उपयोग हुआ था। एक नाबालिग झपटमार ने दूल्हे के गले से वह माला झपटकर भाग गया। हालांकि बाद में वह पकड़ा गया।

# परिवहन निगम: दुर्घटना बीमा राशि बढ़ी

**पहल**

**अब दुर्घटना की स्थिति में मृत्यु होने पर पांच लाख के बदले मिलेंगे साढ़े सात लाख**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** परिवहन निगम की बसों में यात्रा के दौरान यात्री की मृत्यु होने की दशा में निगम की ओर से मिलने वाली बीमा राशि को पांच लाख से बढ़ाकर साढ़े सात लाख रुपये कर दिया गया है। मुख्यालय के सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के निदेशक मण्डल की बैठक में लिए गये निर्णय के अनुसार 13 फरवरी 2016 से लागू यात्री राहत योजना में प्रदान की जाने वाली सहायता राशि को डेढ गुना किया गया है।

मृत्यु की स्थिति में वारिसान को पूर्व सापेक्ष सहायता राशि को पांच लाख से बढ़ाकर साढ़े सात लाख, अवयस्क को रू० 2.50 लाख से बढ़ाकर रू0 3.75 लाख तथा जिन बच्चों का टिकट नहीं लगता है उनके लिए रू0 1.25 लाख से बढ़ाकर 1.875 लाख किया गया है। स्थायी विकलांगता होने पर सहायता राशि उक्तानुसार ही होगी। गम्भीर घायलों होने की स्थिति में रू0 25,000 तक तात्कालिक सहायता दी जायेगी तथा इलाज पर खर्च हुई धनराशि की रू0 7.50 लाख की प्रतिपूर्ति की व्यवस्था की गयी है। परिवहन निगम में कार्यरत महिला कर्मचारियों को शासनादेश के अनुरूप बाल्य देखभाल अवकाश अनुमन्य कर दिया गया है।



## अनियमिता के आरोप में दो एआरएम निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने मंगलवार को अकील अहमद खां सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, हमीरपुर डिपो चित्रकूटधाम क्षेत्र व राजेश कुमार सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक रूहेलखण्ड डिपो बरेली क्षेत्र को निलंबित कर दिया। दोनों के खिलाफ अनियमिता की शिकायत पाये जाने पर जांच करायी गयी थी जांच में दोनों को दोषी पाये जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गयी।



## संक्षेप

### प्रधान पुत्र के सहयोगियों ने एक पक्ष को मारा पीटा तथा कार तोड़ी

**मऊआइमा।** मनरेगा के तहत आयी जांच में प्रधान की कमियों को गिनाने पर प्रधान पुत्र सहित नौ लोगों ने मारा पीटा तथा कार तोड दी। जिस पर नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जबकि प्रधान पुत्र का अभी तक मुकदमा नहीं दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता में प्रधान सहित उनके सहयोगियों और दूसरे पक्ष के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। बताया गया है कि दोनों के बीच प्रायः लडाई झगड़ा होता चला आ रहा है। दोनों पक्षों द्वारा पूर्व में दर्ज कराया गया मुकदमों की जांच सीबीआई कर चुकी है। एक पक्ष के दिवाकर मिश्रा पुत्र बृजेश नारायण मिश्रा ने यह आरोप लगाया है कि प्रधान के खिलाफ जांच करने अधिकारीगण आए थे। जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान फूला देवी पत्नी देवानन्द यादव के खिलाफ की जा रही थी। दिवाकर मिश्रा का आरोप है कि प्रधान पुत्र सहित उनके सहयोगियों ने लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिए तथा कार तोड दिए। और जान से मारने की धमकी भी दी गई। दिवाकर मिश्रा ने मऊआइमा थाने में प्रधान पुत्र धर्मेन्द्र तथा कुमार, धीरज, सूरज, अतुल कुमार, राम कुमार, देवेंद्र यादव, मनोज यादव, बब्लू, पृथ्वी शंकर मोर्या के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। घायल दिवाकर मिश्रा को सी एच सी द्वारा रेफर कर दिया

# जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**निरीक्षण**


**परीक्षा को नकल विहीन और शुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दिए निर्देश**



निरीक्षण करते जिलाधिकारी

**नैनी।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने मंगलवार को उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संपन्न करायी जा रही हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं को नकल विहीन एव शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जनपद में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नैनी में श्री रणजीत पंडित इंटर कॉलेज नैनी, श्री राधारमण महिला इंटर कॉलेज नैनी , केदार नाथ जायसवाल इंटर कॉलेज पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केदार नाथ जायसवाल इंटर कॉलेज नैनी में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रकाश की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए । परीक्षा केंद्रों पर बने कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरा की क्रियाशीलता एवं कंट्रोल रूम, परीक्षार्थियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई परीक्षार्थी नकल करते या कराते हुए पकड़ा जाएगा तो परीक्षार्थी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सम्बन्धित केन्द्र को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। उन्होंने स्ट्रॉन्ग रूम के डबल लॉक को खुलवा कर प्रश्नपत्रों के पैकेटों की सील व टेम्परिग का परीक्षण भी किया। स्टैटिक मैजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश दिए हैं कि स्वयं की उपस्थिति में ही स्ट्रॉन्गरूम के डबल लॉक को खुलवाए।

## कड़ी सुरक्षा के बीच हाईस्कूल की परीक्षा देने पहुंचा बाल कैदी



परीक्षा देने जाता कैदी

**लालगोपालगंज।** स्थानीय कस्बा के एक विद्यालय में लगाए बाल कैदी परीक्षा देने पहुंचा तो लोग देखते रह गए पुलिस कस्टडी में कड़ी सुरक्षा के बीच बाल कैदी परीक्षा दिलवार पुलिस उसे अपने साथ वापस बंदी ग्रह लेकर लौट गई स्थानीय कस्बा के निंदूरा स्थित जमील हसन इंटर कॉलेज को कई विद्यालय का परीक्षा केंद्र बनाया गया मंगलवार की सुबह एक बाल कैदी पुलिस कस्टडी में विद्यालय में परीक्षा देने पहुंचा तो अन्य परीक्षार्थी उसे देखते रह गए जानकारी के अनुसार मंसूराबाद निवासी अंकित कुमार पुत्र भारत लाल एक मामले में खुल्दाबाद बाल सुधार गृह निरुद्ध था मंगलवार को कड़ी सुरक्षा में पुलिस कस्टडी में हाई स्कूल गणित की परीक्षा दिलाया गया उसके बाद उसे पुनः पुलिस अपने साथ वापस लेकर चली गई।

## हाई स्कूल बोर्ड की गणित परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई

**कछना।** मंगलवार को सुबह पाली मे हाईस्कूल के गणित का पेपर शातिपूर्ण ढंग से सपन्न हुआ और दूसरी पाली मे इंटर के कम्पियूटर की परीक्षा संपन्न हुई। तहसील क्षेत्र मे कुल 21 परीक्षा केन्द्रो पर शातिपूर्ण ढंग से परीक्षा सपन्न हुई इस दौरान उपजिलाधिकारी गणेंश कन्नौजिया भी परीक्षा केन्द्रो का दौरा करते हुए निरीक्षण किया उनके दौरे के दौरान केन्द्रो पर हंडकप मचा रहा है वही गणित की परीक्षा के दौरान क्षेत्र के अमिलो स्थित श्रीकृष्ण इंटर कालेज मे पहुचे एसडीएम ने नकल विहीन परीक्षा कराये जाने पर जोर दिया। वही सूत्रों के मुताबिक वित्तविहीन विद्यालयो मे अंदर से नकल की पूरी व्यवस्था की गई है जहा सुविधा शुक्ल लेकर नकल कराई जा रही है।

**कार्यालय प्रधानाचार्य मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज एवं सम्बद्ध चिकित्सालय प्रयागराज।**

**ई-निविदा सूचना**

समस्त निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज सम्बद्ध चिकित्सालय प्रयागराज के सुचारू संचालन हेतु 1-Life Saving Medical Gases 2- Supply of milk and milk product 3- Vehicle stand की दिनांक 22.02.2023 से 17.03.2023 तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसकी टैक्नीकल बिड्स दिनांक 18.03.2023 को खोली जायेगी तथा 1-Plumbing items 2- CMC for non Medical Equipments हेतु दिनांक 23.02.2023 से ई-निविदा आमंत्रित की जानी है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइड www.etender.up.nic.in पर उक्त ई-निविदा की विस्तृत सूचना प्राप्त कर प्रतिभाग कर सकते हैं।

(एस0पी0 सिंह)
प्रधानाचार्य

संख्याः क0अनु0/2023/7743 दिनांकः 21 फरवरी 2023

## केंद्र व्यवस्थापक द्वारा जाँच के दौरान पकड़ाए तीन मुन्नाभाई

**थरवई।** मंगलवार को थरवई अंतर्गत नारायण पाण्डेय इंटर कॉलेज जो बेरूई में है। दसवीं क्लास की गणित विषय की परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने वाले तीन मुन्नाभाइयों को केंद्र व्यवस्थापक ने जांच के दौरान पकड़ते हुए थाना थरवई पुलिस को सौंप दिया गया। केंद्र व्यवस्थापक द्वारा जब जब सभी के आईडी व प्रवेश पत्र चेक किया जा रहा था उसी दौरान तीन लोगों के प्रवेश पत्र व आधार कार्ड में अंतर पाया गया तो पुलिस को सूचित करते हुए सौंप दिया गया। उधर केंद्र व्यवस्थापक डॉ देवेंद्र पांडेय ने तीनों परीक्षार्थियों के विरुद्ध थरवई थाने पर लिखित तहरीर दी।

## एसडीएम के चपरासी ने काम कराने के नाम पर लिया पैसा, डीएम से शिकायत

**करछना।** तहसील करछना मे एसडीएम के चपरासी ने जमीन की नाप कराने के नाम पर एक होमगार्ड ने पैसा लेने का आरोप लगाते हुए जिलाधकारी से शिकायत की है।होमगार्ड अरविन्द तिवारी की ग्राम पंचायत कुलमई में पड़ोसी से जमीन संबंधी बिवाद चल रहा है जिसको लेकर तहसील करछना में वाद दाखिल किया गया है नाप कराने को लेकर तहसील का एक चपरासी जो बीसो साल से एक ही तहसील में कार्यरत हैं जो शिकायत कर्ता से नाप कराने को लेकर पैसा ले रक्खा था इही बात को लेकर मंगलवार शाम को जब वह पैसा मागे तो वह मारपीट पर अमादा हो गया।किसी तरह लोगो ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया होमगार्ड ने जिलाधिकारी पोर्टल पर शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।होमगार्ड का आरोप है कि कई लोगो से एसडीएम से काम राजस्व कार्य नाप जोख एवं मुकदमा आदि कार्य के लिए मोटी रकम की मांग कर महकमें में अधिकारियों को बदनाम किया जा रहा है, और ऐसे लोगों को अधिकारी भी नजर अंदाज कर जाते हैं।

# घरेलू कलह से तंग युवक ने लगाई फांसी, मौत



सूचना पर पहुंची पुलिस व जुटी भीड़

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के मंदुरी गांव निवासी इंदर भारतीय (33) पुत्र मोहन भारतीय गुजरात मे रहकर नौकरी करता था, अभी कुछ दिनों पूर्व ही वह गुजरात से घर वापस आया था। बताया जाता है कि दो तीन दिन पूर्व उसके घर पहुंचे ससुराल पक्ष के लोगों से उसका विवाद हुआ था। जिसमे उसके ससुराल के लोगों ने विवाद कहासुनी कर उसकी पत्नी को मायके लेकर चले गए थे। जिसके बाद से इंदर बहुत दुखी रहने लगा था। सोमवार के दिन वह खेतो की रखवाली आवारा पशुओं से करने के लिए गया था। देर रात घर पहुंचा और कमरे में घुसकर पंखे के चुल्ले में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी पर लटक गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मंगलवार भोर में लोगों ने देखा तो हड़कम्प मच गया। इंदर के दो बेटे शिवा (14) शिवम (12) व एक बेटी शिवानी (10) हैं। पत्नी किरण घटना के समय अपने मायके गोझवार गांव में थी। सूचना पर पहुंची लालापुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## बहुजन समाज के अधिकारी व बाल कलाकार होंगे सम्मानित

**प्रयागराज।** आगामी 14 अप्रैल 2023 को बाबासाहेब डा. भीमराव रामजी अम्बेडकर जयन्ती के पावन अवसर पर डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) और प्रबुद्ध फाउंडेशन द्वारा बाल कलाकारों व समाजसेवी अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा उक्त निर्णय सोमवार को दावा और प्रबुद्ध फाउंडेशन के अलोपीबाग स्थित कार्यालय पर प्रबंध कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन के प्रबन्धक/ सचिव उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रंग निर्देशक आईपी रामबृज ने की।

**विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन**

रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी सं. 01025/01026 दादर-बलिया एवं 01027/01028 दादर-गोरखपुर विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों के संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या | स्टेशन से स्टेशन तक | आवृत्ति (दिन) | अतिरिक्त फेरे |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 01025 | दादर-बलिया | सप्ताह में 03 दिन (सोम, बुध, शुक्र) | 01.03.2023 से 30.06.2023 = 53 फेरे |
| 2 | 01026 | बलिया-दादर | सप्ताह में 03 दिन (बुध, शुक्र, रवि) | 03.03.2023 से 02.07.2023 = 53 फेरे |
| 3 | 01027 | दादर-गोरखपुर | सप्ताह में 04 दिन (मंगल, गुरु, शनि, रवि) | 02.03.2023 से 29.06.2023 = 69 फेरे |
| 4 | 01028 | गोरखपुर-दादर | सप्ताह में 04 दिन (सोम, मंगल, गुरु, शनि) | 04.03.2023 से 03.07.2023 = 69 फेरे |

नोट:- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad. indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे 282/23(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @cpro ncr

**उत्तर मध्य रेलवे**

संख्याः- 11320222023 दिनांकः- 18.02.2023

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक(कार्य)/ प्रयागराज निम्न लिखित कार्य हेतु ऑनलाइन जेम (GeM) निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | Gem निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. में) | अमानत राशि (रू.में) | अनुबंध समापन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11320222023-341 GeM Bid No. GEM/2023/ B/3153098 Dated18.02.2023 | प्रयागराज में घूमिल डीह हुए हाथी नाले, सैनहोल, सड़क से गाद हटाने आदि की सफाई/डीसिल्टिंग। | Rs. 19,72,896.10 | 39,500.00 | 03 माह |
| 2 | 11320222023-342 GeM Bid No. GEM/2023/ B/3152963 Dated 18.02.2023 | केंद्रीय अस्पताल, प्रयागराज में दो (02) वर्षों के लिए 81 केएलडी क्षमता के प्रवाह/सीवरेज उपचार संयंत्र (ईटीपी/एसटीपी) का संचालन और रखरखाव। | Rs. 18,60,000.00 | 37,800.00 | 24 माह |

निविदा प्रपत्र की राशि: 2,000.00 प्रत्येक निविदा हेतु।

निविदा बंद होने की तिथि: 01.03.2023 को 15.30 बजे प्रत्येक निविदा हेतु।

नोट: 1. पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल्वे वेबसाइट www.GeM.gov.in पर देखें। 276/23(K)

@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

## प्रतिमाह आय की सुनिश्चितता से कृषि के प्रति युवाओं का बढ़ेगा आकर्षण



कार्यक्रम में मौजदू कृषि वैज्ञानिक

**बायोवेद में आयोजित तीन दिवसीय 25वीं कृषि वैज्ञानिक एवं कृषकों के अधिवेशन का समापन**

**लालगोपालगंज।** किसानों को एकीकृत, समन्वित, आधुनिक, विकसित, आवश्यकता परक, पर्यावरण हितैषी, संसाधन आधारित, अल्प लागत, अल्प समय एवं अल्प श्रम में होने वाली खेती पर ध्यान देना होगा। इससे प्रतिमाह आय की संरक्षा, सुरक्षा एवं जवाबदेही तय हो तो कृषि के प्रति युवाओं का आकर्षण बढ़ेगा। यह अनुमोदन बायोवेद कृषि एवं प्रौद्योगिकी शोध संस्थान मोहरब श्रृंगवेरपुर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय रजत जयंती कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषकों के अधिवेशन के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ. सीमा वहाव, पूर्व वरिष्ठ सलाहकार जैव प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार ने कही।

उन्होंने सामुदायिक खेती, सामुदायिक नर्सरी, सामुदायिक जीन बैंक, जलवायु केंद्रित खेती, महिला उद्यमिता बढ़ाने हेतु प्रयास, सीड बैंक, प्लांट बैंक, नॉलेज बैंक, ग्रामीण नवाचार बैंक एवं स्वदेशी तकनीकी बैंक की स्थापना पर बल दिया। इससे पूर्व अधिवेशन के समापन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। डॉक्टर ओ.पी. सिंह पूर्व निदेशक प्रसार सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ ने कहा कि समन्वित उद्यमिता प्रबंधन पॉलीक्लिनिक खेती में काम करने वाली महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था स्थानीय मृदा जल एवं जैव विविधता संरक्षण हेतु टास्क फोर्स की स्थापना, ग्रामीण-पुरालेख, संग्रहालय, ध्यान केंद्र की स्थापना से कृषकों में खेती के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। इससे नवयुवकों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध होगा। डॉ. सी.पी. श्रीवास्तव राज्य कृषि सलाहकार उत्तर प्रदेश, डॉ एस.के. आचार्य, पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बिधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय पश्चिम बंगाल, डॉ. जे.पी. श्रीवास्तव ऐमेरिटस साइंटिस्ट आईसीएआर, डॉ. एस.एस. त्रिपाठी, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष ईसीसी पीजी कॉलेज प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बायोकेमिस्ट्री, डॉ. बेचन शर्मा, डॉ आर.एस. पांडेय, पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष जंतु विज्ञान, डॉ. वी.के. द्विवेदी निदेशक, बायोवेद कृषि एवं प्रौद्योगिकी शोध संस्थान, डॉ. पी.सी. पांडेय, चेयरमैन फिल्म प्रोडक्शन हाउस विनोद कुमार, डॉ. एस.एस. यादव प्राचार्य ब्रियान्ट्स के दिशा निर्देशन में अधिवेशन में भाग लेने वाले वैज्ञानिकगण, प्रगतिशील कृषकगण, एफपीओ के मुख्य कार्यकारी अधिकारीगण, निदेशकगण केवीके एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों के वरिष्ठ वैज्ञानिक, नीति विशेषज्ञ, महिला उद्यमियों के साथ विचार-विमर्श के बाद सम्यक ढंग से कई पहलुओं पर विचार रखे। समाज के विकास के कार्यों में संलग्न विभिन्न क्षेत्रों के 20 प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। इस अधिवेशन में 250 वैज्ञानिकगण एवं 450 कृषकों ने भाग लिया। सांस्कृतिक संध्या का आयोजन डॉ. पी.सी. पांडेय चेयरमैन एवं डॉ. हिमांशु द्विवेदी निदेशक श्रृंगी ऋषि फिल्म के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। संस्थान के निदेशक डॉ. बी.के. द्विवेदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ. एसएस यादव प्राचार्य ब्रियाट्स ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता मनोज कुमार मित्तल, प्रदीप केसरवानी पूर्व चेयरमैन लालगोपालगंज, संजय तिवारी अध्यक्ष जय श्री राम सेवा समिति आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर बाइक सवार युवक की हुई मौत

**बहरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे फौजशाह गांव निवासी राजेष सरोज उम्र 28 वर्ष पुत्र झगडू सरोज बाइक से कही रिस्तेदारी निमंत्रण में जा रहा था कि जैसे ही मेन सड़क पर पहुंचा ही था कि रात करीब 9 बजे के आस-पास किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दिया जिससे राजेष नीचे गिर पड़ा। आस-पास के ग्रामिणों ने उसे उठाया और पास के किसी क्लीनिक में ले गये जहां डाक्टर ने उसे मृत बताया। वहां पर उपस्थित लोग उसे गांव ले गये। उसके घर पर कोई नही था । उसके पिता मजदूरी करने के लिये प्रयागराज षहर गये हुये थे। तब तक काफी रात हो गया था। ज्यादा रात होने के कारण लाष को घर पर ही रोका गया। जैसे ही उसके पिता आदि घर के परिजन आये तो राजेष को मृत देखकर रोने चिल्लाने लगे । राजेष की 8 महीने पहले ही कलन्दरपुर के पास किसी गांव मे षादी हुई थी। सुबह ग्रामप्रधान संदीप षर्मा ने उक्त घटना की जानकारी बहरिया थाने में दिया। तो पुलिस मौके पर पहुंचकर लाष को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

**सूचना**

मैं रमदेई पत्नी शिवमंगल पाल निवासी फरेदूपुर नगर पंचायत कुंडा तहसील कुंडा जिला प्रतापगढ़। मेरा पुत्र भैयाराम पाल पुत्र शिवमंगल पाल मेरे कहने सुनने में नहीं रहता है। मेरे पुत्र का असामाजिक तत्वों से संबंध है। अराजक तत्वों के साथ उठना बैठना है। मेरे कई बार समझाने पर भी कोई सुधार नहीं हो रहा है। ऐसी स्थिति में मैं अपने पुत्र भैया राम पाल के गलत कृत्यों से परेशान होकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। अब वह कोई भी अपराधिक कृत्य करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा उनका कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा।

**आवश्यकता है**

श्याम सुन्दर शिक्षण-प्रशिक्षण महाविद्यालय मवई कला कुण्डा, प्रतापगढ़ (उ0प्र0) में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत कला संकाय (बी0ए0) में भारतीय प्राचीन इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, गृह विज्ञान, हिन्दी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र (प्रत्येक विषय हेतु एक पद) एवं शिक्षा संकाय (बी0एड0) में बी0एड0 प्रवक्ता हिन्दी, गणित, विज्ञान (प्रत्येक विषय हेतु एक पद) और सामाजिक विज्ञान विषय के दो पद हेतु आवेदन पत्र विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अन्दर आमंत्रित किये जाते हैं।

सभी पदों हेतु योग्यता यू0जी0सी0/ NCTE/उ0प्र0 शासन द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुरूप होगी।

मैनेजर
श्याम सुन्दर शिक्षण-प्रशिक्षण महाविद्यालय
मवई कला कुण्डा, प्रतापगढ़।
मो0: 9450184497, 7905488086

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन**

रेल प्रशासन द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बयाना स्टेशन पर हो रहे नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, शार्ट-टर्मिनेशन/ओरिजिनेशन और मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या | स्टेशन से स्टेशन तक | आवृत्ति | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी निरस्तीकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 04794 | मथुरा -सवाई माधोपुर | प्रतिदिन | 22.02.23 से 28.02.23 |
| | 04793 | सवाई माधोपुर -मथुरा | प्रतिदिन | 23.02.23 से 01.03.23 |
| 2 | 19109 | कोटा -मथुरा (मेमू) | प्रतिदिन | 23.02.23 से 28.02.23 |
| | 19110 | मथुरा -कोटा (मेमू) | प्रतिदिन | 23.02.23 से 28.02.23 |
| 3 | 09279 | बयाना -मथुरा (मेमू) | प्रतिदिन | 23.02.23 से 28.02.23 |
| | 09280 | मथुरा जं.-बयाना जं. (मेमू) | प्रतिदिन | 23.02.23 से 28.02.23 |
| 4 | 09277 | बयाना जं.-यमुना ब्रिज (मेमू) | प्रतिदिन | 23.02.23 से 28.02.23 |
| | 09278 | यमुना ब्रिज-बयाना जं. (मेमू) | प्रतिदिन | 23.02.23 से 28.02.23 |
| 5 | 12315 | कोलकाता टर्मि.-उदयपुर सिटी | साप्ताहिक | 23.02.23 |
| | 12316 | उदयपुर सिटी-कोलकाता टर्मि. | साप्ताहिक | 27.02.23 |
| 6 | 22655 | एर्णाकुलम-हज़रत निज़ामुद्दीन | साप्ताहिक | 22.02.23 |
| | 22656 | हज़रत निज़ामुद्दीन-एर्णाकुलम | साप्ताहिक | 24.02.23 |
| 7 | 22633 | तिरुवनंतपुरम-हज़रत निज़ामुद्दीन | साप्ताहिक | 22.02.23 |
| | 22634 | हज़रत निज़ामुद्दीन-तिरुवनंतपुरम | साप्ताहिक | 24.02.23 |
| 8 | 22653 | तिरुवनंतपुरम-हज़रत निज़ामुद्दीन | साप्ताहिक | 25.02.23 |
| | 22654 | हज़रत निज़ामुद्दीन-तिरुवनंतपुरम | साप्ताहिक | 27.02.23 |
| 9 | 20985 | कोटा-उधमपुर | साप्ताहिक | 22.02.23 |
| | 20986 | उधमपुर-कोटा | साप्ताहिक | 23.02.23 |
| 10 | 19803 | कोटा-श्री माता वैष्णो देवी कटरा | साप्ताहिक | 25.02.23 |
| | 19804 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा-कोटा | साप्ताहिक | 26.02.23 |

**रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन**

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या | स्टेशन से स्टेशन तक | आवृत्ति | आंशिक निरस्तीकरण/ ओरिजिनेशन के स्टेशन | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05913 | कोटा-यमुना ब्रिज | प्रतिदिन | गंगापुर सिटी तक जाएगी एवं गंगापुर सिटी-यमुना ब्रिज के मध्य निरस्त रहेगी | 23.02.23 से 28.02.23 |
| | 05914 | आगरा फोर्ट-कोटा | प्रतिदिन | गंगापुर सिटी से चलेगी एवं आगरा फोर्ट-गंगापुर सिटी के मध्य निरस्त रहेगी | 23.02.23 से 28.02.23 |
| 2 | 19817 | रतलाम-आगरा फोर्ट | प्रतिदिन | कोटा तक जाएगी एवं कोटा-आगरा फोर्ट के मध्य निरस्त रहेगी | 22.02.23 से 27.02.23 |
| | 19818 | यमुना ब्रिज-रतलाम | प्रतिदिन | कोटा से चलेगी एवं यमुना ब्रिज-कोटा के मध्य निरस्त रहेगी | 23.02.23 से 28.02.23 |

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या | स्टेशन से स्टेशन तक | आवृत्ति | वास्तविक मार्ग | मार्ग परिवर्तन वाया | प्रारंभिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12395 | राजेन्द्र नगर-अजमेर | साप्ताहिक | आगरा फोर्ट-बयाना-सवाई माधोपुर-जयपुर | आगरा फोर्ट-अछनेरा-भरतपुर-बांदीकुई-जयपुर | 22.02.23 |
| | 12396 | अजमेर-राजेन्द्र नगर | साप्ताहिक | जयपुर-सवाई माधोपुर-बयाना-आगरा फोर्ट | जयपुर-बांदीकुई-भरतपुर-अछनेरा-आगरा फोर्ट | 24.02.23 |
| 2 | 22444 | बांद्रा ट.कानपुर सेन्ट्रल | साप्ताहिक | नगदा-कोटा-भरतपुर-कानपुर सेन्ट्रल | नगदा-संत हिरदाराम नगर-निशातपुरा-बीना-वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी-कानपुर सेन्ट्रल | 24.02.23 |
| | 22443 | कानपुर सेन्ट्रल-बांद्रा ट. | साप्ताहिक | कानपुर सेन्ट्रल-भरतपुर-कोटा-नगदा | कानपुर सेन्ट्रल-वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी-बीना-निशातपुरा-संत हिरदाराम नगर-नगदा | 22.02.23 |
| 3 | 15635 | ओखा-गुवाहाटी | साप्ताहिक | बयाना-आगरा फोर्ट | बयाना-भरतपुर-अछनेरा-आगरा फोर्ट | 24.02.23 |
| 4 | 15667 | गांधीधाम-कामख्या | साप्ताहिक | बयाना-आगरा फोर्ट | बयाना-भरतपुर-अछनेरा-आगरा फोर्ट | 25.02.23 |
| | 15668 | कामख्या-गांधीधाम | साप्ताहिक | आगरा फोर्ट-बयाना- | आगरा फोर्ट-अछनेरा-भरतपुर-बयाना | 22.02.23 |
| 5 | 19670 | पाटलिपुत्र-उदयपुर सिटी | साप्ताहिक | भरतपुर-बयाना-खंडेरिया | भरतपुर-बांदीकुई-जयपुर-अजमेर-चंदेरिया | 24.02.23 |
| 6 | 22969 | ओखा-बनारस | साप्ताहिक | नगदा-कोटा-बयाना-आगरा फोर्ट-कानपुर सेन्ट्रल | नगदा-संत हिरदाराम नगर-निशातपुरा-बीना-वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी-कानपुर सेन्ट्रल | 23.02.23 |
| | 22970 | बनारस-ओखा | साप्ताहिक | कानपुर सेन्ट्रल-आगरा फोर्ट-बयाना-कोटा-नगदा | कानपुर सेन्ट्रल-वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी-बीना-निशातपुरा-संत हिरदाराम नगर-नगदा | 25.02.23 |
| 7 | 12937 | गांधीधाम-हावड़ा | साप्ताहिक | नगदा-कोटा-बयाना-आगरा फोर्ट-कानपुर सेन्ट्रल | नगदा-संत हिरदाराम नगर-निशातपुरा-बीना-वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी-कानपुर सेन्ट्रल | 25.02.23 |
| | 12938 | हावड़ा-गांधीधाम | साप्ताहिक | कानपुर सेन्ट्रल-आगरा फोर्ट-बयाना-कोटा-नगदा | कानपुर सेन्ट्रल-वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी-बीना-निशातपुरा-संत हिरदाराम नगर-नगदा | 27.02.23 |
| 8 | 20941 | बांद्रा ट.-गाजीपुर सिटी | सप्ताह में दो दिन | नगदा-कोटा-बयाना-आगरा कैंट-इटावा | नगदा-मक्सी-गुना-ग्वालियर-उदी मोड़-इटावा | 24.02.23 एवं 26.02.23 |
| | 20942 | गाजीपुर सिटी-बांद्रा ट. | सप्ताह में दो दिन | इटावा-आगरा कैंट-बयाना-कोटा-नगदा | इटावा-उदी मोड़-ग्वालियर-गुना-मक्सी-नगदा | 26.02.23 |
| 9 | 12947 | अहमदाबाद-पटना | सप्ताह में दो दिन | नगदा-कोटा-बयाना-आगरा फोर्ट-कानपुर सेन्ट्रल | नगदा-संत हिरदाराम नगर-निशातपुरा-बीना-वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी-कानपुर सेन्ट्रल | 22.02.23 एवं 27.02.23 |
| | 12948 | पटना-अहमदाबाद | सप्ताह में दो दिन | कानपुर सेन्ट्रल-आगरा फोर्ट-बयाना-कोटा-नगदा | कानपुर सेन्ट्रल-वीरांगना लक्ष्मी बाई झाँसी-बीना-निशातपुरा-संत हिरदाराम नगर-नगदा | 22.02.23 एवं 24.02.23 |
| 10 | 19037 | बांद्रा ट.-बरौनी | प्रतिदिन | बयाना-आगरा फोर्ट | बयाना-भरतपुर-अछनेरा-आगरा फोर्ट | 22.02.23 से 27.02.23 |

उत्तर मध्य रेलवे

288/23(AN) northcentralrailways North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR



फूलपुर में अशफाक अहमद का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

# प्रयागराज

## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 27.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

## डीएम ने परीक्षा सेंटरों का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** जिला अधिकारी संजय कुमार खत्री मंगलवार को उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा संपन्न करायी जा रही हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परिक्षाओं को नकल विहीन एव शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जनपद में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मेरी वानामेकर इंटर कॉलेज, भारत स्काउट गाइड इंटर कॉलेज पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बने कंट्रोलरूम में सीसीटीवी कैमरा की क्रियाशीलता एवं कंट्रोल रूम, परीक्षार्थियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय पर दर्ज मुकदमे के खिलाफ उबले कांग्रेसी

**प्रयागराज।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के विमान डायवर्जन मामले में प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय पर दर्ज मुकदमे के विरोध में कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार को निशाने पर लिया। मंगलवार को जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन्स पत्थर गिरजाघर स्थित धरना स्थल पर प्रदेश सरकार और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रदर्शन कर राज्यपाल सम्बोधित दो सूत्रीय ज्ञापन एसीपी कमिश्निरेट को सौप कर मुकदमा वापस लेने की मांग की। कांग्रेसियो ने कहा की 13 फरवरी को अंतिम समय में राहुल गांधी के विमान को वाराणसी के बाबतपुर हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति नहीं देने से उन्हें दिल्ली लौटना पड़ा था। इसका पुरजोर विरोध प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने किया था। आरोप लगाते हुए कहा की सरकार के दबाव में प्रशासन



प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते कांग्रेसी

अजय राय पर कथित मुकदमा दर्ज कर दबाव बना रहा है। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे पार्टी नेताओं ने एक स्वर में कहा की मुकदमे से कांग्रेसी डरने वाले नहीं हैं।

प्रदर्शन करने वालो में: जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, अरुण तिवारी, शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन, मुकुंद तिवारी, विवेकानंद पाठक, हसीब अहमद, राकेश पटेल, मो० असलम, रचना पाण्डेय, मनोज पासी, विवेक पाण्डेय, अनिल कुशवाहा, मो०शहाब, विजय यादव, दिनेश सोनी, रिजवाना बेगम, भोले सिंह, विनय पाण्डेय, रियाज अहमद, राजकुमार रज्जू, इस्तियाक अहमद, सुष्मिता यादव, इशरत अली, आशा देवी, महबूब अहमद समेत आदि लोग मौजूद रहें।

## कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने किया अशफाक अहमद का जोरदार स्वागत

**फूलपुर।** पार्टी के हित में निष्ठापूर्वक कार्य करने पर उच्च नेतृत्व द्वारा कांग्रेसी नेता अशफाक अहमद को ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी का सदस्य बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी ब्याप्त है। मंगलवार को देवनहरी गांव में वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्यक्ष के नेतृत्व में जुटे कार्यकताओं ने अशफाक अहमद का माल्यार्पण करके स्वागत किया। वरिष्ठ नेता एडवोकेट देवराज उपाध्याय ने कहा कि पार्टी का यह निर्णय बहुत सराहनीय है निश्चित रूप से पार्टी को इससे बहुत मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि अशफाक अहमद किसानों, मजदूरों, बेरोजगारों एवं महिलाओं की समस्याओं को लेकर सदैव संघर्ष करते रहते हैं। नतीजतन शीर्ष नेतृत्व ने उनपर अपना भरोसा जताया है। स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रोफेसर जगत नारायण सिंह, विनोद विश्वकर्मा हाफिज अजहरुद्दीन भोला तिवारी, मौलाना सदरे आलम, हाफिज आफताब आलम, मोहम्मद यूसुफ, डॉ कृष्ण कुमार द्विवेदी, अशोक यादव, कलीम अल्ताफ,दिलीप द्विवेदी समीम प्रधान गिरधारी लाल गौतम भीम मिश्रा मोहम्मद साबिर मोहम्मद सद्दाम,नसीम हाशमी, महबूब आलम राईन,कैफ वारिसी, महेंद्र प्रताप सिंह, सलीम टाइगर आदि रहे।

## शुआट्स में सभी शिक्षकों की भर्तियां वैध, कोई अनियमितता नहीं

**नैनी।** शुआट्स के प्रवक्ता द्वितीय ब्रजेश पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि शुआट्स में शिक्षकों की भर्ती में यूजीसी, आईसीएआर, एआईसीटीई द्वारा निर्धारित न्यूनतम योग्यता का पालन किया गया है एवं चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से सभी शिक्षकों की नियुक्तियाँ की गई हैं अतएव सभी भर्तियाँ वैध एवं विधि अनुरूप की गई है।

ब्रजेश पाण्डेय ने बताया कि श्री दिवाकर नाथ त्रिपाठी की शिकायत पर शासन के आदेश के तहत स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा वर्ष 2010-11 से 2017-18 की स्पेशल आडिट की गई थी जिसमें कई आपत्तियाँ उठाई गईं। आपत्तियों के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा आख्या प्रस्तुत की गई किन्तु आडिट टीम ने विश्वविद्यालय की आख्या को शामिल नहीं किया। इस सम्बन्ध में शुआट्स द्वारा विशेष सचिव, उ0प्र0 को 5 जुलाई, 2021 को सूचित भी किया गया कि विशेष सम्परीक्षा 2010-11 से 2017-18 में उठाई गई आपत्तियों के अनुपालन में शुआट्स द्वारा आख्या प्रेषित की जा चुकी है। जिसकी पुष्टि स्थानीय निधि लेखा परीक्षक विभाग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज, सम्परीक्षा वर्ष 2016-17 की रिपोर्ट दिनांकित 23.09.2020 से होता है जिसमें इंगित किया गया है कि गबन का प्रकरण प्रकाश में नहीं आया। साथ ही यह भी उल्लेखित है कि राजस्व क्षति के सम्बन्ध में ऐसा कोई प्रकरण प्रकाश में नहीं आया। सम्परीक्षा रिपोर्ट 2016-17 में यह भी उल्लेखित है कि सेवा पुस्तिकाओं की जांच में शिक्षण एवं शिक्षणेततर कर्मचारियों के वेतन निर्धारण एवं वेतनवृद्धि सम्बन्धी कोई त्रुटिपूर्ण प्रकरण प्रकाश में नहीं आया।

कतिपय असामाजिक तत्व पूर्व में उठाई गई आपत्तियों के आधार पर शुआट्स की छवि धूमिल कर रहे हैं जबकि शुआट्स में सभी शिक्षकों की भर्तियाँ वैध हैं एवं किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता नहीं हुई है।

## संक्षेप

### कृष्ण जन्म की कथा सुन श्रोता हुए भाव विभोर



**मेजा।** क्षेत्र के कुअँर पट्टी,जेवनियाँ में पूर्व प्रधान दिनकर मिश्र के आवास पर 17 फरवरी से चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास डॉ ओम प्रकाश मिश्र ने मंगलवार को समुद्र मंथन और कृष्ण जन्म पर कथा सुनाई। कथा के शुभारंभ होने के पूर्व मुख्य यजमान द्वारा सम्मानित डॉक्टर ओमशंकर मिश्र (पीएचडी) ने मंगलवार को कथा सुनाते हुए कहा कि भाद्रपद कृष्ण अष्टमी तिथि की घनघोर अंधेरी आधी रात को रोहिणी नक्षत्र में मथुरा के कारागार में वसुदेव की पत्नी देवकी के गर्भ से भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया था। यह तिथि उसी शुभ घड़ी की याद दिलाती है और सारे देश में बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है। कथा व्यास ने कृष्ण जन्म पर विस्तार से कथा सुनाई । इसी तरह कथा व्यास ने समुद्र मंथन पर कथा सुनाते हुए कहा यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण पौराणिक घटना है जिसमें अमृत की प्राप्ति के लिए देवताओं और दैत्यों ने मिलकर समुद्र का मंथन किया था। कृष्ण जन्म और समुद्र मंथन की कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए । इस दौरान मुख्य रूप से आयोजकगण कौशल कुमार मिश्र,दिवाकर मिश्र, सुधाकर मिश्र, डॉ रत्नाकर मिश्र और मधुकर मिश्र रहे । दिनकर मिश्र ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया कि कथा श्रवण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं ।

### परीक्षित जन्म व ध्रुव चरित्र का स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने किया बखान



**जंघई।** श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन गोपालापुर, गरियांव गांव में परीक्षित जन्म व ध्रुव चरित्र का बखान करते हुए कथा व्यास स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि सच्चे मन से की गई ईश्वर की उपासना का फल अवश्य मिलता है एवं मन की शुद्धि के लिए परमात्मा का सुमिरन करना बहुत जरूरी है जिससे ज्ञान हासिल करके ही धर्म के मार्ग पर जाया जा सकता है। महाराज ने कथा के द्वितीय दिवस भागवत कथा में ध्रुव-प्रहलाद की भक्ति तथा राजा परीक्षित-कपिल-सती चरित्र का वर्णन किया। संगीतमय भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। महाराज ने कहा कि मनुष्य को अपनी कथनी व करनी में फर्क नहीं रखना चाहिए ईश्वर सत्य व ईमानदारी से काम करने वालों की रक्षा करते हैं। उन्होंने ध्रुव, प्रहलाद की भक्ति तथा राजा परीक्षित, कपिल, देवाहुति एवं सती चरित्र की कथा का वर्णन किया। मुख्य यजमान इंद्रावती देवी उदयराज मिश्र, सावित्री अभयराज मिश्र, शकुंतला खेमराज मिश्र, सीता देवी श्याम राज मिश्र, सुशीला देवी अवध राज मिश्र, शमला देवी प्रेमराज मिश्र, सविता धर्मराज मिश्र एवं कार्यक्रम संचालकों में अनुज महाराज, गंगाधर पांडेय, कल्लू पंडित, कुल गुरू अखिलेश त्रिपाठी, कुल पुरोहित जगदंबा प्रसाद शुक्ल, दुर्गा प्रसाद शुक्ल, उदयराज मिश्र, बाबा मिश्रा, देवेंद्र दुबे, परिजनों में धर्मेंद्र, जितेंद्र, मनोज, संजय, अरविंद, राजू, दीपक, आशीष, दिलीप, अतुल, संदीप, कुलदीप, मयंक, मंथन, यश, हर्ष, दिव्यांश, युग, बिवान, आरव, मानसी, मान्या, सौम्या, पीहू,श्रीनिधि, कामना, सुनिधि, बैदेही आदि लोग मौजूद रहे।

### सचिव वैद्य गुरु तीन जौ प्रिय बोलहिं भय आस : पंडित रमाकांत मिश्र



**उरुवा।** 'सचिव वैद्य गुरु तीन जौ प्रिय बोलहिं भय आस, राज धर्म तनु तीनि कर होत बेग ही नाश' उक्त कथानक रामनगर स्थित शिव मंदिर पर बोल बम कांवरिया समिति के तत्वाधान में हो रहे पांच दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के शिष्य पंडित रमाकांत मिश्र ने कथा के दूसरे दिन कहा। उन्होंने कहा कि राजा का मंत्री अथवा सलाहकार वैद्य और गुरु अगर भय वश प्रिय लगने वाली बात बोलते हैं तो, मंत्री अथवा सलाहकार के बोलने से राजकाज की हानि होगी। वैद्य के ऐसा करने से शरीर का नुकसान होगा। वहीं गुरु के ऐसा करने से धर्म की हानि होगी। इस दौरान यजमान श्रीराम सिंह सपत्नीक धर्मा देवी सहित गांव के सैकड़ों मानस प्रेमी बैठकर राम कथा का आनंद लेते रहे।

## प्रयागराज होते हुए विभिन्न शहरों तक जाएगी होली स्पेशल ट्रेन यात्रियों को मिलेगी सहूलियत

**प्रयागराज।** होली पर्व नजदीक आते ही लोग अपने घर वापस आने लगते हैं। यही कारण है कि एक साथ बड़ी संख्या में यात्री स्टेशनों पर पहुंचने लगते हैं। यात्रियों की सहूलियत के लिए रेलवे की ओर से होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। उत्तर मध्य रेलवे की ओर से विभिन्न रूटों ट्रेनों का संचालन होगा। ठउफ के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि गाड़ी संख्या 02191 जबलपुर से दानापुर तक चलेगी जो 6 मार्च को चलाई जाएगी और गाड़ी संख्या 02192 दानापुर से जबलपुर के लिए चलाई जाएगी जो 7 मार्च को संचालित होगी। यह जबलपुर से चलकर कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, शंकरगढ़ होते हुए प्रयागराज छिवकी स्टेशन पहुंचेगी।

**अहमदाबाद से पटना तक चलेगी होली स्पेशल-** गाड़ी संख्या 09417 अहमदाबाद से पटना के बीच चलेगी। यह साप्ताहिक ट्रेन है जो अहमदाबाद से सोमवार को रवाना होगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 09418 जो पटना से मंगलवार को रवाना होगी और अहमदाबाद तक जाएगी। यह अहमदाबाद जंक्शन से सुबह 09.10 बजे रवाना होगी। जो रतलाम, कोटा जंक्शन, भरतपुर, मथुरा जंक्शन, फरूखाबार्द, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर होते दूसरे दिन मंगलवार को पटना स्टेशन पर पहुंचेगी।

## बैसाखी के दौरान गुरु कृपा यात्रा में भारत गौरव पर्यटक ट्रेन से प्रसिद्ध सिख तीर्थस्थलों की यात्रा करने का सुनहरा अवसर

**इस यात्रा को विभिन्न गुरुद्वारों, सिख गुरुओं और विभिन्न सिख समाजों के साथ विचार-विमर्श के बाद विशेष रूप से तैयार किया गया है**

**11 दिन/10 रातों की यह यात्रा, जिसमें सभी खर्च शामिल हैं, 5 अप्रैल, 2023 को लखनऊ से शुरू होगी और 15 अप्रैल, 2023 को समाप्त होगी**

**प्रयागराज।** रेल मंत्रालय भारत गौरव पर्यटक ट्रेनों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को बढ़ावा दे रहा हैए जिनका इस महान राष्ट्र की सांस्कृतिक भव्यता को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न प्रसिद्ध थीम-आधारित यात्रा-मार्गों पर रेलवे द्वारा संचालन किया जा रहा है।

सिख धर्म के श्रद्धालुओं के प्रति सम्मान के साथए जो वास्तव में शिष्य-परम्परा को मानते हैं, भारतीय रेलवे आगामी अप्रैल महीने में. जिसे पूरे उत्तर भारत में बैसाखी के महीने के रूप में भी मनाया जाता है, अपनी विशेष भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के साथ गुरु कृपा यात्रा की शुरूआत कर रहा है। गुरुद्वारों, सिख गुरुओं आदि विभिन्न स्तरों पर हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के बाद, भारतीय रेलवे ने इस यात्रा को महान सिख तीर्थस्थलों के लिए विशेष रूप से तैयार किया है।

भारतीय रेलवे ने 11 दिन/10 रातों की इस यात्रा को, जिसमें सभी खर्च शामिल हैं, पेश किया हैए जो 5 अप्रैल, 2023 को लखनऊ से शुरू होगी और 15 अप्रैल, 2023 को समाप्त होगी। इस सुन्दर पवित्र यात्रा के दौरानए, तीर्थयात्री सिख धर्म के सबसे प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों का दौरा करेंगे। इस यात्रा को देश के महान सिख तीर्थस्थलों में से सर्वश्रेष्ठ को प्रस्तुत करने के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है। इस यात्रा में आनंदपुर साहिब में श्री केसगढ़ साहिब गुरुद्वारा और विरासत.ए-खालसा, कीरतपुर साहिब में गुरुद्वारा श्री पातालपुरी साहिब, सरहिंद में गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब, अमृतसर में श्री अकाल तख्त और श्री हरिमंदिर साहिब, बठिंडा में श्री दमदमा साहिब, नांदेड़ में तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब, बीदर में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक झीरा साहिब और पटना में गुरुद्वारा तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब को शामिल किया गया है।

भारतीय रेलवे का पीएसयूए आईआरसीटीसी इस ट्रेन का संचालन करेगा। 9 स्लीपर क्लास कोचए 1 एसी.3 टियर और 1 एसी.2 टियर कोच की संरचना के साथ, भारतीय रेलवे 3 श्रेणियों में टूर पैकेज की पेशकश कर रहा है। मानक, उच्च और आरामदायक। रेलवे किफायती अनुभाग की मानक श्रेणी में अधिक सीटों के साथ 678 यात्रियों के लिए बुकिंग की पेशकश कर रहा है। सभी खर्चों को शामिल करने वाले इस टूर पैकेज में यात्रा अनिवार्य रूप से आरामदायक होगी। सुविधा को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए विशेष कोच, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, गुणवत्ता वाले होटलों में आवास, सड़क द्वारा आवागमन की सुविधा और आरामदायक वाहनों में दर्शनीय स्थलों की यात्राए टूर एस्कॉर्ट्स सेवा, यात्रा बीमा और ऑन.बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग आदि इस यात्रा को आरामदायक बनायेंगे।

## आभूषण साफ करने के बहाने महिला को बनाया ठगी का शिकार

**ठगी**

**थानाध्यक्ष शंकरगढ़ मनोज कुमार सिंह ने मौका मुआयना किया व कार्यवाही का दिया आस्वासन**

**शंकरगढ़।** आभूषण की सफाई करने वाला बनकर आए ठगों ने एक महिला को झांसा देकर उसके सोने के आभूषण लेकर चंपत हो गए। बाद में महिला को ठगी का एहसास होने पर शोर मचाया तो मोहल्ले वालों ने स्थानीय पुलिस को फोन किया। घटना मंगलवार दोपहर लगभग 12:00 बजे नगर पंचायत शंकरगढ़ के हज्जी टोला, हनुमान नगर की है।

उक्त मोहल्ले के अजय सिंह प्रयागराज पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड में कार्य करते हैं। घर पर उनकी पत्नी तथा उनका बेटा था ।आज दोपहर लगभग 12:00 बजे दो लड़के मोटरसाइकिल से आए। उन्होंने अजय सिंह की पत्नी नीतू सिंह से आभूषण साफ कराने की बात कही।


नीतू सिंह उनके झांसे में आकर पहले अपना चांदी का पायल दिया। जिसे उन्होंने साफ कर वापस कर दिया। इससे अजय सिंह के पत्नी काफी प्रभावित हुई तथा उन्होंने कान की सोने की बाली तथा मंगलसूत्र साफ करने के लिए दे दिया। प्री प्लानिंग के तहत एक पन्नी में कुछ पीला पदार्थ डालकर उसमें पानी डालकर बताया कि इसी में इस आभूषण को डाल देंगे तो आधे घंटे बाद अपने आप साफ हो जाएगा । इतना कहने के बाद उन्होंने अजय सिंह की पत्नी से घर से पानी मंगाया। वह पानी लेने चली गई। इधर आभूषण साफ करने वालों ने पन्नी में छोटे-छोटे कंकड़ कागज के टुकड़े में लपेट कर डाल दिए तथा उसको स्टेपलर से कई स्थानों पर पंच कर दिया। अजय की पत्नी आई तो उन्होंने कहा आप के आभूषण इसी पन्नी के अंदर हैं। आप इसे ले जाकर के आधे घंटे के लिए फ्रिज में रख दें ।आधे घंटे बाद निकाल कर देखिए गा आभूषण साफ मिलेंगे। नीतू सिंह उनके झांसे में आ गई तथा आभूषण लेकर फ्रिज में रखने चली गई। तब तक दोनों ठग मोटरसाइकिल से भाग गए। शंका होने पर जब नीतू ने पन्नी खोली तो उसमें कंकड़ थे। वह शोर मचाने लगी व पति को बुलवा लिया। लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष शंकरगढ मनोज कुमार सिंह ने मौका मुआयना किया व कार्यवाही का आस्वासन दिया।

## महिला अधिकार संगठन की अध्यक्ष ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रयागराज।** महिला अधिकार संगठन की नगर अध्यक्ष शानू जौहर ने करछना में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। बेटी को पढ़ाई के लिए डांटने पर शौहर से कहासुनी हो गई। माना जा रहा है कि इसी से आहत होकर उन्होंने साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर के बैरहना की रहने वाली शानू जौहर अपने पति और दो बेटियों के साथ शहर के ही कीडगंज इलाके में किराए के मकान में रहती थीं। उनकी बड़ी बेटी चिंकी (15) हाईस्कूल में पढ़ रही है और उसका बोर्ड एक्जाम चल रहा है। छोटी बेटी पीहू (6) यूकेजी में पढ़ती है। मोबाइल पर ज्यादा बातचीत करने के लिए उन्होंने एक दिन पहले अपनी बड़ी बेटी चिंकी को फटकार लगाई थी। इसके बाद बेटे से कहासुनी हो गई। इसको लेकर शानू का अपने पति कविश जौहरी से विवाद दो गया। घटना से आहत होकर शानू ने साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

## कोतवाली पुलिस अवैध गांजा के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुदित राय के नेतृत्व में लगातार अपनी कर्मठ कार्यशैली सुकृत्य कार्य से लगातार सुर्खियों बने रहें। कुछ दिन पहले मोटरसाइकिल वाहन चोर गैंग का भंडाफोड़ कर खुलासा करने में अहम्‌ भूमिका निभाई थी वही सोमवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर अभियुक्त मो.नेहाल 22 वर्ष रहने वाला नेवादा अशोक नगर थाना कैण्ट का है उसे कोतवाली पुलिस ने निरंजन पुल के आगे गोबर से सटीक सूचना मिलते ही मौके पर गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से 07 किलो 250 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ पुलिस के मुताबिक अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में थाना कैंट में मु0अ0सं0 12/22 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज



पुलिस की गिरफ्त में गांजा तस्कर

था। वहीं कोतवाली पुलिस ने गांजा तस्कर को पकड़ कर शिकंजा कसा और अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 31/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरक्षक के साथ उ0नि0 संजय गुप्ता चौकी प्रभारी एसआरए? उ0नि0 सुमित कुमार श्रीवास्तव चौकी प्रभारी घण्टाघर उ0नि0 आनन्द यादव का0 देवेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।

## हाईस्कूल गणित की पेपर में 1.68 लाख से अधिक ने छोड़ दी परीक्षा

**प्रयागराज।** यूपी बोर्ड परीक्षा में नकल माफिया पर नकेल कसने के लिए लंबे समय से कवायद चल रही थी। मंगलवार को हाईस्कूल गणित के प्रश्नपत्र को लेकर एक दिन पहले से ही परीक्षा केंद्रों पर सर्तकता बढ़ाने का निर्देश शासन की तरफ से दिया गया था, ऐसे में परीक्षा के दौरान केंद्रों पर जिलों के आला अधिकारी लगातार निरीक्षण करते रहे। प्रदेश में हाईस्कूल गणित की परीक्षा में डेढ़ लाख से अधिक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। मंगलवार को पहली पाली में हाईस्कूल गणित की परीक्षा को लेकर सॉल्वर गिरोह पर लगातार जांच टीमें नजर बनाए रही। परीक्षा को शुचितापूर्ण तरीके से कराने के लिए बोर्ड के अधिकारी कंट्रोल रूम से लगातार प्रदेश भर के शिक्षाधिकारियों के संपर्क में रहे। सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है। नतीजा यह रहा है कि गणित की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई।गणित की परीक्षा के लिए प्रदेश में कुल 22,12,692 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए थे, लेकिन इसमें से परीक्षा केंद्रों तक 1,68,155 परीक्षार्थी नहीं पहुंचे। इंटर व्यवसायिक परीक्षा में 40,003 में 2003 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बोर्ड के अफसरों की केंद्र व्यवस्थापकों एवं कक्षा निरीक्षकों पर सीसीटीवी कैमरे से नजर रखने की वजह से शिक्षा माफिया भी सेंटर से दूर है। बोर्ड सचिव दिब्य कांत शुक्ल ने बताया कि मंगलवार को परीक्षा शुचितापूर्ण तरीके से संपन्न हुई।

यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल गणित की परीक्षा के दौरान 7083 परीक्षा केंद्रों की विशेष नगरानी की गई। बोर्ड के कंट्रोल रूम से अधिकारियों ने यह निगरानी की। जिले के अधिकारियों को विशेष रूप से कई केंद्रों में रात्रि को जांच के लिए भेजा गया। सचिव दिब्यकांत शुक्ल के मुताबिक परीक्षा के पहले दिन से प्रक्रिया जारी है। जो आगे भी चलेगी। वैसे अब तक लगभग सभी केंद्रों के निगरानी की जा चुकी है। बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय के अपर सचिव भी अपने परिक्षेत्र के जिलों की मानिटरिंग कर रहे हैं।

## प्राथमिक विद्यालय घुरमुटी में मासिक संकुल बैठक सम्पन्न

**लालापुर।** क्षेत्र के मानपुर संकुल में प्राथमिक विद्यालय घुरमुटी के प्रांगण में पूर्ण निर्धारित एजेण्डे के अनुसार संपन्न हुई।बैठक के निम्न एजेंडा बिंदु रहे - निपुण विद्यालय बनाने की योजना,शिक्षक संदर्शिका का कक्षा शिक्षण में प्रयोग,प्रिंट मैटेरियल का कक्षा कक्ष में प्रदर्शन, शिक्षण योजना निर्माण हेतु दीक्षा का प्रयोग, होमवर्क व उसकी नियमित जांच,निपुण तालिका पर कार्य, निपुण बालक की पहचान, पुस्तकालय की सक्रियता, दीक्षा एप के क्यूआर कोड को स्कैन करते हुए ब्लूटूथ से कनेक्ट करके कक्षा शिक्षण में प्रयोग,रीड एलांग, छात्र उपस्थिति बढ़ाने की योजना, निपुण लक्ष्य ऐप से आकलन व अभिलेखीकरण आदि।बैठक में ए. आर.पी. महेंद्र प्रताप सिंह ,समस्त शिक्षक संकुल व न्याय पंचायत के प्रत्येक विद्यालय से शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में मेजबान विद्यालय के बच्चों के द्वारा मां सरस्वती जी की वंदना



बैठक में शामिल शिक्षकगण

प्रस्तुत की गई ,उसके बाद बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बैठक के अगले सत्र में एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई ।बैठक में उपस्थित सभी शिक्षक साथियों ने मेजबान विद्यालय के द्वारा निपुण विद्यालय बनाने हेतु किए जा रहे प्रयासों को देखा व सराहा।बैठक का संचालन प्राथमिक विद्यालय घुरमुटी के प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा किया गया। शिक्षक संकुल लक्ष्मी नारायण पाण्डेय,अजय कुमार,अंकिता शुक्ला, व स्वाती सिंह द्वारा बैठक में तय एजेंडा बिंदुओं की उपयोगिता पर बारी-बारी से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अंत में ए.आर.पी.महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा बैठक में शामिल सभी बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई व विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने की कार्ययोजना पर जरूरी दिशा निर्देश प्रदान किया गया। बैठक के अंत में मेजबान विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक समरजीत ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में ए.आर.पी.सभी शिक्षक संकुल,न्याय पंचायत मानपुर के सभी विद्यालय के प्र. अ./स. अ./ शि.मि.उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### दबंगों ने युवक को पीटा

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के महावां गांव निवासी महेश सोनकर ने बताया कि पड़ोसी दबंगों से उसकी रंजिश है। इसे लेकर मंगलवार सुबह वह गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। चीख-पुकार पर जुटे ग्रामीणों ने दखल देकर किसी तरह मामला शांत कराया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी।

### दस हजार रुपये नहीं लौटाने का आरोप

**कौशाम्बी।** करारी इलाके के छिमिरछा गांव निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि साल भर पहले बीमारी का इलाज कराने के लिए उसने पड़ोसी को दस हजार रुपये उधार दिया था। पीड़ित की मानें तो अब पड़ोसी रुपये वापस नहीं कर रहा है। तकादा करने जाने पर जानलेवा धमकी देता है। पीड़ित ने मंगलवार को आरोपित के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

### करंट से किशोरी झुलसी

**कौशाम्बी।** सरायअकिल के बेनीराम कटरा गांव की सुरेखा (14) पुत्री मनोहरलाल मंगलवार सुबह पानी भरने के लिए टुल्लू पंप स्टार्ट कर रही थी। तभी तार कटा होने के कारण करंट की चपेट में आ गई। किशोरी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# एक परिवार, एक पहचान योजना के क्रियान्वयन को दिया गया प्रशिक्षण


प्रशिक्षण में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी

**कौशाम्बी।** ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कीर्त कुमार द्वारा मंगलवार को कलक्ट्रेट के सम्राट उदयन सभागार में प्रथम चरण मध्यान्ह 12 बजे से 01 बजे तक सभी उप जिलाधिकारियों की उपस्थिति तथा द्वितीय चरण में अपरान्ह 01 बजे से 02 बजे तक मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी की उपस्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों कर्मचारियों को ह्लफैमिली आईडी-एक परिवार, एक पहचान योजना के क्रियान्वयन को प्रशिक्षण दिया गया।

ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने बताया कि फैमिली आईडी का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत आच्छादित करना, डुप्लीकेट या फर्जी लाभार्थियों को हटाना, छूटे हुए लाभार्थियों और जरूरतमंद परिवारों की प्राथमिकता के आधार पर पहचान, सरकार की सभी योजनाओं का संतृप्तीकरण एवं लाभों के लक्षित वितरण के लिए सभी विभागों का एकीकरण करना हैं। उन्होंने बताया कि फैमिली आईडी प्रत्येक परिवार के लिए 12 अंको की एक विशिष्ट पहचान संख्या है, जिसमें परिवार के सदस्यों का विवरण दिया होगा। फैमिली आईडी डेटाबेस योजनाओं में पात्रता निर्धारित करने तथा लाभ से वंचित पात्र लाभार्थियों को लाभ देने के लिए केन्द्रीय भण्डार के रूप में कार्य करेंगा। फैमिली आईडी एक स्वैच्छिक सेवा है, केवल वे परिवार जो प्रदेश, केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ प्राप्त कर रहें है या लाभ प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें पंजीकरण कराने की आवश्यकता हो सकतीं हैं। उन परिवारों का फैमिली आईडी कार्ड बनाया जाना है, जो राशन कार्ड धारक नहीं है। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि आवेदक द्वारा विभिन्न चरणों में स्वयं या सीएससी सेन्टर के माध्यम से इन प्रक्रियाओं के तहत बेवसाइट पर पंजीकरण किया जा सकता है तथा पंजीकरण के पश्चात लेखपालों एवं सचिव, ग्राम पंचायतों द्वारा सत्यापन किये जाने से सम्बन्धित सभी प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी खण्ड विकास अधिकारीगण, सचिव ग्राम पंचायत एवं सम्बन्धित लेखपाल उपस्थित रहे।


## दो पक्षों में चटकी लाठी चार लोग घायल

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के काजू गांव में जमीन के विवाद में दो पक्ष आमने-सामने हो गए। तीखी झड़प के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्ष से चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद दोनों पक्षों की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। काजू निवासी समीर सिंह का गांव के ही बृजेश से पुराना विवाद चल रहा है। सोमवार को दोनों के बीच कहासुनी हो गई। तीखी झड़प के बाद दोनों परिवार के लोग आमने-सामने हो गए और एक दूसरे पर लाठी-डंडा लेकर टूट पड़े। मारपीट में एक पक्ष से बृजेश लल्लू, दूसरे पक्ष से समीर व अनिल घायल हो गए। ग्रामीणों ने बीच-बचाव करते हुए किसी तरह मामला शांत कराया। गांव पहुंची पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद समीर की तहरीर पर बृजेश, लल्लू, मोटे, राकेश व बृजेश की तहरीर पर समीर व अनिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पूर्व सैनिक के घर किया गया हमला, घायल

**हमला**

**रंजिशन हुई वारदात, सदर कोतवाली के जुवरा गांव का मामला**


मारपीट के बाद घायल युवक

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली के जुवरा गांव निवासी एक व्यक्ति पूर्व सैनिक है। आरोप है कि उसकी पूर्व प्रधान से कुछ रंजिश है। मंगलवार को प्रधान व उसके कई साथी पूर्व सैनिक के घर पर हमला बोलते हुए मारपीट किया। इस दौरान पूर्व सैनिक सहित परिवार के लोग घायल हुए। हालांकि पुलिस ने दोनों पक्षों से तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी थी।

बता दें कि शिकायतकर्ता राजकुमार ने बताया कि गांव का ही रावेंद्र सिंह जो गांव का पूर्व है। चुनावी रंजिश को लेकर 8:30 बजे के लगभग अपने साथों राजकुमार, विनय, विकास और अनंत प्रसाद के साथ घर पर चढ़ा आया, और घर में घुसकर मारपीट करने लगा। इस दौरान आए रिश्तेदार कमल सिंह को सिर वार कर घायल कर दिया।घर के लोगों ने जब विरोध किया तो पूर्व प्रधान ने फायर कर गांव में दहशत फैला दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह गांव में शांति व्यवस्था कायम किया। इतना ही नहीं दोनों पक्षों की तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जल, जमीन और स्वच्छ पर्यावरण जीवन का आधार

**पद यात्रा**

**बंगाल के दुर्गापुर से दिल्ली के लिए निकला दंपत्ति पहुंचा कौशाम्बी**

**राष्ट्रीय सड़क मार्गों किनारों से काटे गए वृक्षों, पुनः न लगाने पर खड़े किया सवाल**


पैदल यात्रा को निकला दंपत्ति

**कौशाम्बी।** जल जमीन और स्वच्छ पर्यावरण मानवता के लिए जरूरी है और समस्त प्रथ्वी पर सभी जीवो के लिए जीवन का आधार है लेकिन नव सभ्यता में अधुनिकीकरण के इस दौर में नए प्रयोगी के नवाचारों से पर्यावरण को क्षति पहुंची है। ऐसे में मानवता को बचाने के लिए समाज के लोगों को आगे आना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण के लिए एक मुहिम चलाकर इन्हें संरक्षित किया जाना चाहिए जिससे जल जमीन और वन हम अपने आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रख सकें। पश्चिम बंगाल दुर्गापुर जिले से निकले दंपत्ति शुभो चक्रवर्ती और पत्नी रोमा चक्रवर्ती आज कौशांबी जिले में पहुंचा इस दौरान इन्होंने अपने उद्देश्य को बताते हुए कहा कि वह अपने इस उदेश का एक मांग पत्र देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पहुंचाना चाहते हैं।


इस मौके पर चक्रवर्ती दंपत्ति ने बताया कि उनकी यात्रा का उद्देश्य जल गंगा जमीन और जंगल पर्यावरण और अपनी आजीविका संस्कृत की अस्तित्व बचाने के लिए वह दोनों पद यात्रा पर हैं। उन्होंने बताया कि वाराणसी और प्रयागराज में गंगा नदी कुछ हद तक ठीक है। लेकिन इसके बाद गंगा नदी का प्रदूषण बढ़ जाता है और पश्चिम बंगाल पहुंचते-पहुंचते यह काफी प्रदूषित हो जाती है इसके साथ उन्होंने वृक्षों की लगातार कटाई पर चिंता जताते हुए कहा कि यह सब ठीक नहीं है इससे मानवता सहित सारे जीव को खतरा है। उन्हें बताया कि वह झारखंड बिहार होते हुए उत्तर प्रदेश में पहुंचे हैं जहां उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से विश्राम किया है उन्हें अभी तक हर जगह आतिथ्य मिला है। कहीं पर उन्हें होटल या सराय में नहीं ठहरना पड़ा जो दिखाता है कि इस ओर अभी हमारे देश के लोगों में काफी जागरूकता है। इस दौरान उन्होंने सड़कों के बनने के साथ ही इनके किनारे पर बने हुए पेड़ों के काटे जाने पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इतनी दूर सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर चुके हैं। सड़क के किनारे जहां पहले भारी संख्या में छायादार होते थे। वहां अब यह वृक्ष गायब दिख रहे हैं जो चिंता का विषय है। उन्होंने इस ओर स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों और सरकारों का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने कहा कि यह सभी विषयों को लेकर अपना मांग प्रदेश के महामहिम राष्ट्रपति और यशस्वी प्रधानमंत्री को सौंपेंगे।

# हत्यारा नामजद या फिर फोन पर धमकी देने वाला युवक

## मामला कौशाम्बी के बरमबारी गांव में हुए किसान हत्या कांड का

**कौशाम्बी।** कोतवाली कौशाम्बी अंतर्गत बरमारी गांव में शुक्रवार की रात एक किसान की खेत में पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मृतक की पत्नी सुंदर कली अनपढ़ बताई जा रही है, लेकिन जो पुलिस को तहरीर मिली है उसमें यह दर्शाया गया है कि गांव का सम्पत बेटी से बातचीत करता था, इसे लेकर पति शिवकुमार से विवाद हुआ था और उसी ने शिवकुमार की हत्या कर दिया। जबकि दूसरी ओर सुंदरकली का जो वीडियो वायरल हुआ उसमें वह यह कह रही है उसके पति शिवकुमार रोजाना की तरह तकरीबन शाम को खेत की रखवाली करने गए थे, वह घर पर बच्चों के साथ घर का दरवाजा खोलकर उनके आने का इंतजार कर रही थी। पति तो नहीं आए लेकिन तकरीबन तीन लोग घर के अंदर पहुंचकर लूटपाट किया और यह भी धमकी दिया कि तुम्हारे पति को मार आए हैं अब तुमको भी नहीं छोड़ेंगे, जबकि पुलिस ने जिस तहरीर पर केस दर्ज किया उसमें इसका कहीं भी जिक्र नहीं है। अब कहानी ने नया मोड़ ले लिया। घटना के समय मृतक शिवकुमार का मोबाइल गायब हो गया था और उसी नंबर से उसके रिश्तेदार आनंद को फोन कर गाली गलौज और धमकी दी जा रही है, लेकिन फोन पर धमकी देने वाला युवक अपना सही लोकेशन नहीं बता रहा है। जबकि मृतक की पत्नी सुंदरकली ने जिस सम्पत को नामजद किया था उसे पुलिस ने रविवार को ही हिरासत में ले लिया था। ऐसे में अब सवाल इस बात का उठ रहा है कि आखिर हत्यारा नामजद सम्पत है या फिर फोन में धमकी देने वाला युवक। उधर पुलिस ने मृतक के घर से लूटपाट किए गए कुछ गहने भी कुछ बरामद किया है, जबकि महिला आरोप लगा रही है कि जब पुलिस उसके घर के अंदर गई तो उन लोगों को बाहर ही रोक दिया था। बहरहाल घटना की क्या सच्चाई है छानबीन में पुलिस जुटी थी।

**किसान हत्याकाण्ड**



### मृतक के नंबर से रिश्तेदार को मिल रही धमकी

**कौशाम्बी।** कोतवली कोतवाली के बरमबारी गांव में खेत की रखवाली कर रहे किसान शिवकुमार को शुक्रवार की रात बेरहमी से मार डाला गया था। इसके बाद बदमाशों ने उनके घर में लूटपाट की। बदमाश शिवकुमार का मोबाइल भी उठा ले गए थे। मामले में शिवकुमार की पत्नी सुंदर कली की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही संपत सरोज के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। घटना वाली रात ही पुलिस ने संपत को धनराजी गांव में दबिश देकर गिरफ्तार भी कर लिया। धनराजी गांव में आरोपित संपत की भाभी अनारा देवी के मामा के बेटे का तिलक समारोह था। संपत गांव के रोहित के साथ कार्यक्रम में गया था। उधर, घटना की जानकारी होने के बाद से ही मृतक शिवकुमार के साढ़ू का बेटा कलानी निवासी आनंद पीड़ित परिवार के साथ ही है। आनंद के अनुसार रविवार रात उसी लूटे गए मोबाइल से एक फोन अया। फोन करने वाला भद्दी-भद्दी गालियां देने के साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहा है।

### घर से फोन कर बुलाने की भी चर्चा

बरमबारी गांव के किसान शिवकुमार ने अपने खेत में गेहूं बो रखा था। वह खेत में मचान बनाकर फसल की रखवाली करता था। शिवकुमार के साथ पड़ोसी खेत के छह किसान भी रखवाली करने जाते थे। लेकिन शुक्रवार रात गांव में दो वैवाहिक कार्यक्रम होने के कारण बाकी के किसान खेत नहीं गए।

ग्रामीणों के मुताबिक शुक्रवार को बरमबारी गांव में शिवाकांत के बेटे का तिलक और गया प्रसाद के बेटे की बारात गई थी। ज्यादातर किसान वैवाहिक कार्यक्रम में व्यस्त थे। शिवकुमार भी अकेले होने के कारण खेत नहीं गए थे। चर्चा है कि रात करीब नौ बजे किसी ने उनके मोबाइल पर फोन कर बताया कि मवेशी उसका खेत चर रहे हैं। इसके बाद शिवकुमार खेत चले गए। रात 10 बजे के करीब शिवकुमार की पत्नी खोजबीन करते हुए खेत पहुंची तो वहां वह गंभीर रूप से जख्मी मिले थे। अब सवाल यह है कि आखिर किसके फोन पर विश्वास करके शिवकुमार खेत गया। शिवकुमार के खेत जाने के एक घंटे बाद उसकी पत्नी खेत कैसे पहुंची। खुद सुंदरकली की जुबानी है कि वह घर में पति का खाने पर इंतजार कर रही थी। दरवाजा खुला था और बदमाशों ने आकर लूटपाट की। लेकिन यह सारी कहानी का जिक्र तहरीर में नहीं है।

### आखिर कौन है भौजी...., रहस्य बरकरार

धमकी भरा फोन करने वाले के ऑडियों की मानें तो उसमें वह किसी भौजी की बात कह रहा है। रिकार्डिंग के मुताबिक घटना वाले दिन वह भौजी भी खेत में थी लेकिन भाग गई? अब सवाल यह है कि आखिर वह भौजी कौन है?

### शराबी की शरारत भी मान रही पुलिस

कौशाम्बी पुलिस विभाग में चर्चा रही कि बदमाश शिवकुमार का मोबाइल लूटने के बाद कहीं फेंककर भागे होंगे। किसी शराबी के हाथ वह मोबाइल लग गया और वह शराब के नशे में धुत होकर गाली-गलौज कर रहा है। फिलहाल पुलिस अभी तक पूरे मामले में खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।

### इनका कहना है

शिवकुमार हत्याकांड का पुलिस कई बिन्दुओं से जांच कर रही है। रहा सवाल, उसके फोन से किसी को धमकी देने का तो ये किसी शराबी की करतूत हो सकती है। पीड़ित परिवार ने जो ऑडियो दिया है, उससे यही लग रहा है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

**-योगेंद्र कृष्ण नारायण**
**सीओ सिटी**

### युवती से किया दुराचार, केस दर्ज

**कौशाम्बी।** फतेहपुर जिले के एक युवक की रिश्तेदारी सैनी इलाके में है। उसका रिश्तेदारी आना-जाना होता था। दो दिन पहले मोहल्ले की एक युवती को घर में अकेली देख वह बहाने से पहुंचा। इसके बाद उससे दुराचार किया। दूसरे दिन पीड़िता ने युवक की करतूत परिजनों को बताई तो परिवार के लोग अवाक रह गए। पीड़िता थाने पहुंची और मामले की नामजद तहरीर पुलिस को दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ दुराचार का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

### आवास के लिए अफसरों से लगाई गुहार

**कौशाम्बी।** सदर ब्लॉक के बरलहा गांव की रमेश्वरी देवी पत्नी ओम प्रकाश ने डीएम व अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। रमेश्वरी देवी ने बताया कि बरसात में उसका कच्चा मकान गिर गया था। छप्पर डालकर वह किसी तरह परिजनों के साथ रह रही है। आवास के लिए कई बार शिकायती पत्र दिया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। डीएम ने पात्रता की जांच कराकर कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया है।

## अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा, बाल-बाल बचा चालक

**कौशाम्बी।** इलाके के भैला मकदूमपुर गांव का रोहित पुत्र भुइरा तिवारी ट्रैक्टर चालक है। मंगलवार दोपहर वह ट्रैक्टर में मंझनपुर से सरिया लादकर भैला मकदूमपुर होते हुए करारी जा रहा था। गुवारा चैराहा के समीप अचानक सामने आए मवेशी को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक व साथ रहा एक अन्य व्यक्ति बाल-बाल बच गया।

## मारपीट, फायरिंग मामले में नौ पर एफआईआर

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के कन्नूपुर डोरमा गांव में सोमवार को मामूली विवाद में मारपीट के फायरिंग की गई थी। इस मामले में पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कन्नूपुर डोरमा निवासी मेवालाल का गांव के ही रोहित से पुराना विवाद चल रहा है। सोमवार को इसी अदावत में आरोपित ने परिजनों और साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए कुनबे को पीट दिया। इसके बाद आरोपितों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए दहशत फैलाने को हवाई फायरिंग भी की थी। देर शाम थाने पहुंच पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने पीड़ित मेवालाल की तहरीर पर आरोपित रोहित, राहुल, महेन्द्र, राजेन्द्र समेत नौ लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली इलाके के समदा गांव की रशीदा बेगम ने बताया कि करीब तीन साल पहले उसका विवाह करेली प्रयागराज में हुआ था। पीड़िता की मानें तो शादी के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर ससुरालवाले उसे प्रताड़ित करने लगे। हफ्ते भर पहले पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने मंगलवार को मामले की शिकायत एसपी से की है।

## बाइकों की भिड़ंत में प्रधानाध्यापक का पैर टूटा

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के लोकीपुर गांव के समीप बाइकों की भिड़ंत में प्रधानाध्यापक का पैर टूट गया। प्रयागराज के सुलेमसराय निवासी मनोज कुमार भगवतपुर ब्लॉक के लोकीपुर गोविंदपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक हैं। मंगलवार दोपहर वह बाइक से तेवारा गांव की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे अकबरपुर गांव निवासी छोटू की बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में प्रधानाध्यापक समेत दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। जिसमें प्रधानाध्यापक मनोज कुमार का पैर टूट गया। मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच गए।

### भाई बहन की चेन और लॉकिट अज्ञात लोगों ने किया पार

**कौशांबी।** चरवा थाना अंतर्गत सटई गांव में एक सगाई कार्यक्रम में शामिल होने आए भाई और बहन के गले से सोने की चैन और लॉकिट को भीड़ में छूट भईया बदमाशों ने पार कर दिया। घटना के बाद भाई बहनों ने चरवा थाने में लिखित तहरीर दी है। सोमवार को लगभग शाम 7 बजे के करीब खान पुर थाना सराय अकिल निवासी मनोज कुमार पुत्र राम हित अपने भाई की सगाई में शामिल होने ग्राम सटयी थाना चरवा आया था। मनोज ने बताया कि इसी कार्यक्रम में डीजे भी बज रहा था। तभी डीजे वाले की जोर - जोर से गाली - गलौज करने की आवाज आई। मैने सोचा कि किसी से झगड़ा हो गया है। काफी लोग वहां जमा हो गए। मैने यही सोच कर मौके पर पहुंच कर बीच - बचाव करने लगा तभी इस भीड़ में चार - पांच की संख्या में अज्ञात लड़कों ने हमसे धक्का मुक्की शुरू कर दी और मेरे गले से 10 ग्राम की सोने की चैन जो मैने पहनी हुई थी उसे छीन कर भाग गए। मैं बड़ा जोर से चिल्लाया मगर शोर इतना ज्यादा था कि लोग समझ पाते इससे पहले वो लड़के चैन छीनकर रफूचक्कर हो गए। उनके जाने के बाद उसी भीड़ में शामिल मेरी बहन कोमल देवी पत्नी गुड्डू की भी रोने की आवाज आई उसने भी बताया की इसके गले से भी कोई उसकी चवन्नी भर की लॉकेट छीन कर भाग गया है। घटना से सहमे दोनो लोगों ने चरवा थाने में इस घटना की लिखित तहरीर दे दिया है।

# डीएम को जिला कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन


ज्ञापन सौंपने पहुंचे कांग्रेसी

**कौशांबी।** अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विमान को विगत दिनों वाराणसी एयरपोर्ट पर निरस्त कर दिया गया एवं शासन के दबाव में एयरपोर्ट निदेशक के तहरीर पर कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के ऊपर फर्जी मुकदमें लिखाने के संबंध में जनपद कौशांबी के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार विद्यार्थी ने अपने कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कांग्रेसी जनों के साथ जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के विमान को वाराणसी एयरपोर्ट पर किसी के दबाव में उक्त लाइट को निरस्त कर लैंड नहीं करने दिया गया और जब स्थानीय प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री ने उस पर आवाज उठाई तो दबाव बनाने के लिए विपक्ष की आवाज को दबाने एवं लोकतंत्र का हनन करते हुए शासन के दबाव में एयरपोर्ट निदेशक की तहरीर पर प्रांतीय अध्यक्ष के ऊपर फर्जी तरीके से वाराणसी के फूलपुर थाने में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया गया जबकि मानहानि के मुकदमे में दावा किया जाता है। उक्त प्रकरण की जांच करा कर तत्काल मुकदमे को वापस लिए जाने की मांग की गई है।

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को देते समय कौशांबी के जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी, भारत गौतम, मुकेश पासी, इजहार, एडवोकेट गुलाम मोहम्मद, मोहम्मद शाहिद, तंजील अहमद, नत्थू लाल आदि सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवक ने पत्नी को पीटा, केस दर्ज

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बे में पैसे के विवाद में युवक ने पत्नी को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित कहीं भी शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। देर शाम पीड़िता का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

चायल कस्बे की सहीन बेगम पत्नी अनवर ने बताया कि उसका पति उससे पैसा मांगने लगा। इस पर उसने रुपये देने से इनकार किया तो आरोपित आगबबूला हो गया। घर में रखे सामान को तोड़ने लगा। विवाहिता ने विरोध किया तो उसे पीट दिया। ग्रामीणों ने बीच-बचाव करते हुए विवाहिता की जान बचाई। देर शाम पीड़िता शिकायत लेकर थाने पहुंची और पति के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता का प्राथमिक उपचार कराने के बाद आरोपित अनवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अझुवा के वार्ड दो में हाईमास्ट साबित हो रहा बेमतलब


शोपीस बनकर खड़ा हाईमास्ट

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा के दो वार्ड नंबर दो में लगाया गया हाईमास्ट जिम्मेदारों की अनदेखी का शिकार है। इलाकाई लोगों का आरोप है कि यह हाईमास्ट कनेक्सन विहीन ही चल रहा है। जबकि हाईमास्ट लगते समय लोगों को इससे बड़ी आस थी।

बता दें कि नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर दो हरिजन बस्ती में रोशनी के लिए हाईमास्ट लगाया गया था। लेकिन यह लोगों को उजाले की सुविधा तो नहीं दे सका बल्कि अनदेखी का शिकार होकर लोगों को मुंह जरूर चिढ़ा रहा है। आरोप है कि अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी कोई हल नहीं निकल रहा है। इतना ही नहीं हरिजन बस्ती के लोगों के आरोपों पर जाएं तो कहा जा रहा है कि हाईमास्ट तो खराब है ही यहां पर सफाई कार्य भी पूरी तरह धड़ाम है। नालियों का दूषित पानी इंटरलॉकिंग सड़क पर भरा रहता है, स्कूली बच्चे व बुजुर्गों को इसमें से घुसकर गुजरना पड़ता है। हालांकि लोगों ने इस ओर जिम्मेदारों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

## संक्षेप

### आत्महत्या के लिए उकसाने पर इंदौर पुलिस आरोपी के घर की छापेमारी

**प्रतापगढ़।** एक साल पहले इंदौर में ट्रेन से कटकर हुए युवक के मौत के मामले में फरार चल रहे आरोपित की तलाश में पुलिस कुंडा पहुंची। आरोपित के घर छापामारी की लेकिन उसका सुराग नहीं लगा।
कुंडा के डुहिया पहाड़पुर बनोही गांव निवासी राजेश कुमार इंदौर में रहकर काम करता था। साल भर पहले उसकी इंदौर रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर मौत हो गई थी। पुलिस को मृतक के पास से मिले मोबाइल में गांव के ही संतोष कुमार पटेल, दिलीप कुमार और राजकुमार के खिलाफ एक वीडियों मिला था। जिसमें उसे आत्महत्या के लिए मजबूर किए जाने की बात सामने आई थी। उसी वीडियो के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर संतोष और दिलीप को जेल भेज चुकी है। जबकि राजकुमार फरार चल रहा है। मंगलवार को इंदौर के दरोगा जितेंद्र भटारिया, आरक्षी राजकुमार के साथ कुंडा पहुंचे। कोतवाली पुलिस के साथ राजकुमार के घर दविश दी लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं लगा।

# घर में सो रही वृद्धा की गला रेत कर निर्मम हत्या

**प्रतापगढ़।** बेखौफ बदमाशों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। बदमाशों ने घर में सो रही एक वृद्ध महिला की गला रेतकर हत्या कर दिया। घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। महेशगंज थाना क्षेत्र के माघीचैनगढ़ गांव में अज्ञात अपराधियों ने निर्मम तरीके से धारदार हथियार से 65 वर्षीय शकुंतला सिंह की गला रेत कर हत्या कर दी। मृतिका शकुंतला सिंह पत्नी स्व0 दान बहादुर सिंह के दो पुत्र हैं। उनका बड़ा पुत्र अजय सिंह सपरिवार सूरत में रहता है। जबकि छोटा पुत्र मुंबई में नौकरी करता है। शकुंतला अपनी छोटी बहू के साथ गांव में ही रहती थी। सोमवार की रात वृद्धा पड़ोस के बजरंग बहादुर सिंह के यहां चल रही भागवत कथा सुनने गई थी। कथा समाप्त होने के बाद मृतका आकर घर में सो गईं। सुबह जब बहू प्रिया सिंह ने दरवाजा खोलने के लिए अपनी सास




शकुंतला को आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला और नहीं दरवाजा खुला। बड़ी मशक्कत के बाद जब दरवाजा खोला गया तो चारपाई पर शकुंतला का शव पड़ा हुआ था और खून बह रहा था। किसी ने धारदार हथियार से शकुंतला सिंह के गर्दन पर बेहरहमी से हमला करके उनकी हत्या कर दी थी। सूचना पाकर



मृतका की फाइल फोटो

घटना स्थल पर एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र, सीओ सदर अमरनाथ गुप्ता, एसओ प्रमोद सिंह फोरेंसिक टीम के साथ पहुँचे। घटना की गहनता से जांच की। इस संबंध में एएसपी पश्चिमी रोहित मिश्र का कहना है कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। मृतका का छोटा पुत्र मुंबई से आ रहा है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# उप शिक्षा निदेशक ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**निरीक्षण**

**उप शिक्षा निदेशक ने विद्यालय में परीक्षा दे रहे छात्रों की निगरानी के साथ ही कंट्रोल रूम की खंगाली हकीकत**

**पट्टी।** रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टी में मंगलवार को बोर्ड परीक्षा की हकीकत देखने उप शिक्षा निदेशक विद्यालय पहुंचे। प्रथम पाली के दौरान विद्यालय पहुंचे उप शिक्षा निदेशक ने विद्यालय में परीक्षा दे रहे छात्रों की निगरानी के साथ ही कंट्रोल रूम की हकीकत खंगाली।

प्रथम पाली में कक्षा 10 की गणित व कक्षा 12 की व्यवसायिक परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओं की शासन की मंशा के अनुरूप नकल विहीन परीक्षा को लेकर उप शिक्षानिदेशक राजेन्द्र प्रसाद ने हकीकत खंगाला। इसके साथ ही कंट्रोल रूम व कॉपी पेपर के रखरखाव वाले कमरे का भी निरीक्षण किया। प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र अपनी सचल दल टीम के साथ निरीक्षण करने आई टीम के साथ लगे रहे। उप शिक्षा निदेशक ने विद्यालय की साफ सफाई एवं नकल विहीन शुचिता पूर्ण परीक्षा को देखकर प्रधानाचार्य एवं कक्ष निरीक्षक पूरी टीम को धन्यवाद दिया।



परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते उप शिक्षा निदेशक

### दबोचे गये स्कूलों से मुन्नाभाई, दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज।** नकल रोकने पर प्रशासन का जोर इस बार शोर के अलावा कहीं से भी प्रभावी नही हो पा रहा है। मुन्ना भाई पर अंकुश लगाने मे शिक्षा विभाग पूरी तरह से परीक्षा के प्रारंभिक चरण मे ही विफल देखा जा रहा है। यूपी बोर्ड के हाईस्कूल की परीक्षा मे प्रथम पाली के गणित विषय मे सांगीपुर थाना क्षेत्र मे दो परीक्षा केन्द्रों पर मुन्ना भाई दबोचे गये। सांगीपुर के बेनीमाधव इण्टर कालेज सिलौधी में परीक्षा केंद्र के सचल दल द्वारा परीक्षार्थी के स्थान पर दूसरे छात्र द्वारा परीक्षा देते समय उसे धर दबोचा गया। सचल दल की जांच पड़ताल में थरिया गांव के शिवम पटेल पुत्र राजेश पटेल हाईस्कूल का परीक्षार्थी है। उसकी जगह इसी गांव का शिवशंकर गौड का पुत्र सचिन शिवम की जगह परीक्षा दे रहा था। आरोपी को दबोचने के बाद केन्द्र व्यवस्थापक अरूण कुमार सिंह ने पुलिस को सूचना दी। सांगीपुर पुलिस आरोपी को हिरासत मे लेकर थाने पहुंची। केन्द्र व्यवस्थापक की तहरीर पर आरोपी शिवशंकर गौड के खिलाफ जालसाजी तथा धोखाधडी का पुलिस ने केस दर्ज किया। वहीं सांगीपुर थाना क्षेत्र के ही पहाड़पुर के समीप ज्ञानीपुर स्थित पं. रामसुख इण्टर कालेज में भी हाईस्कूल की परीक्षा मे दूसरे की जगह परीक्षा दे रहा आरोपी सचल दल द्वारा धर दबोचा गया। केंद्र व्यवस्थापक प्रवीण कुमार त्रिपाठी की तहरीर पर पकडे गए आरोपी अजीत शर्मा पुत्र अवधेश को पुलिस ने हिरासत मे ले लिया। अजीत अपने छोटे भाई अर्पित शर्मा के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। पुलिस ने आरोपी अजीत शर्मा के खिलाफ भी परीक्षा अधिनियम समेत धोखाधडी आदि गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। सांगीपुर एसओ जितेन्द्र सिंह का कहना है कि आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इन्हें जेल भेजा जाएगा। बतादें बोर्ड परीक्षा के पहले दिन भी सांगीपुर के सर्वोदय इण्टर कालेज मे हाईस्कूल प्रथम पाली की हिन्दी की परीक्षा में भी एक मुन्ना भाई एडीआईओएस द्वारा दबोचा गया था।

# डीएम व एसपी ने सांसद के साथ किया महोत्सव दर्पण का विमोचन

**विमोचन**

**स्मारिका महोत्सव दर्पण के जरिये लोगो को बाबा धाम की महत्ता, पौराणिकता एवं पर्यटन नगरी के अदभुत विकास की वृहद जानकारियां दी गई है**

**लालगंज।** बाबा धाम मे देवाधिदेव महादेव श्री घुश्मेश्वर के आध्यात्मिक गौरव तथा बाबा से जुडी जनश्रुति एवं धाम के माहात्म्य व पर्यटन विकास से जुडी अटठाईसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव दर्पण-2023 का जिलाधिकारी डा. नितिन बंसल एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी व एसडीएम सौम्य मिश्र, सीओ रामसूरत सोनकर व अन्य अतिथियों ने समारोहपूर्वक विमोचन किया। कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता व रामपुरखास की विधायक आराधना मिश्रा मोना के संपादन मे अटठाईसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव पर आधारित स्मारिका महोत्सव दर्पण के जरिये लोगो को बाबा धाम



महोत्सव दर्पण का विमोचन करते डीएम व एसपी साथ मे प्रमोद तिवारी व विधायक मोना तथा अन्य

की महत्ता, पौराणिकता एवं पर्यटन नगरी के अदभुत विकास की वृहद जानकारियां दी गई है। महोत्सव दर्पण मे बाबा घुइसरनाथ के स्वस्फुटित लिंग के सुफल मंगलफल और सई पार स्थित करील के वृक्ष तथा उपलिंग बूढ़ेश्वरनाथ के साथ प्रथम महोत्सव की शुरूआत से लेकर विगत सत्ताईस वर्षो से हो रहे महोत्सव की सांस्कृतिक उपलब्धियो पर भी प्रकाश डाला गया है। वहीं महोत्सव दर्पण मे बाबा धाम मे दो दो पैदल यात्री सेतु, एकता सरोवर, सांस्कृतिक रंगमंच, सीसी परिक्रमा मार्ग, सोलर पावर प्लांट, परिक्रमा छाजन, पेयजल टंकी, चिकित्सालय व विद्युत उपकेंद्र के साथ जुडी विकास गाथा का भी सचित्र प्रस्तुतीकरण लोगो को पसंद आया। विमोचन समारोह का संचालन महोत्सव दर्पण के कार्यकारी संपादक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर विशालमूर्ति मिश्र, राममिलन तिवारी, भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, द्दगपाल यादव, रामकृपाल पासी, सुधाकर पाण्डेय, आशीष उपाध्याय, रामबोध शुक्ल आदि रहे।

## किसानों के लिए वरदान साबित होगी नैनो यूरिया तरल

**प्रतापगढ़।** गड़वारा बाजार स्थित मेला ग्राउंड पर मंगलवार को आईएफएफडीसी और कृषि वानिकी सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा किसानों को आधुनिक खेती के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया। आईएफएफडीसी के मार्केटिंग मैनेजर सैयद रियाज हुसैन ने बताया कि नैनो यूरिया तरल के उपयोग से न केवल फसलों की पैदावार बढ़ेगी बल्कि इसके उपयोग से खेत में पनपने वाले कीड़े मकोड़े भी स्वतः नष्ट हो जाते हैं। किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि इसके उपयोग से किसानी पर लगने वाली लागत में भी कमी आएगी। कार्यक्रम का संचालन कृषि वानिकी सहकारी समिति लिमिटेड बांसी के सचिव श्रीकांत पांडेय ने किया। इस दौरान कुंवर बहादुर सिंह, राजेश पांडेय, हरकेश बहादुर सिंह, अरुणपति मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# पट्टी तहसील के अधिवक्ताओं में आक्रोश न्यायिक कार्य से रहे विरत

**पट्टी।** 124 गांव को सदर तहसील में शामिल करने की चर्चा को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश दिखा। विरोध जताते हुए तहसील के अधिवक्ता मंगलवार को न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ताओं ने संपूर्ण तालाबंदी करते हुए आर-पार की लड़ाई लड़ने की रणनीति बनाई।

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राधारमण मिश्रा ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पहले भी पट्टी तहसील के लगभग 300 गांव नई तहसील रानीगंज में शामिल किए गए। जनता के हित को ध्यान में रखते हुए उस दौरान अधिवक्ताओं ने उसका विरोध नहीं किया। लेकिन वर्तमान समय में तहसील के 124 गांव अगर सदर तहसील में शामिल हो जाएंगे तो पट्टी तहसील का वजूद ही समाप्त हो जाएगा। जिसको अधिवक्ता बर्दाश्त



अपनी आवाज बुलंद करते अधिवक्ता

नहीं करेंगे। इसको लेकर मंगलवार को सामूहिक तालाबंदी कर अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहें। वर्तमान अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहां की प्रशासन और सरकार पट्टी तहसील के अधिवक्ताओं के साथ अन्याय कर रही है। इस तरह की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आंदोलन छेड़ा जाएगा। पूरे मामले को लेकर उप जिलाधिकारी पट्टी देश दीपक सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य के पत्र पर जिलाधिकारी ने कोहडौर सर्किल के गांव को सदर तहसील में शामिल करने की रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट जिला मुख्यालय को प्रेषित कर दी गई है। जो भी निर्णय होगा वह जिलाधिकारी के माध्यम से ही निश्चित होगा। फिलहाल इस प्रकरण को लेकर अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रेलवे कर्मचारियों ने दिया धरना



धरने पर बैठे कर्मचारी

**प्रतापगढ़।** सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाली को लेकर मंगलवार को नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने एसएस दफ्तर के सामने धरना प्रदर्शन किया। शाखा मंत्री अनिल शुक्ला ने कहा कि नई पेंशन स्कीम कर्मचारियों को नहीं चाहिए। उन्हें पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। अध्यक्ष मोहम्मद शफीक ने कहा कि देश में कर्मचारी संगठन नई पेंशन स्कीम के विरोध में लामबंद है। जगह जगह प्रदर्शन हो रहा है। इस मौके पर राज्य कर्मचारी संगठन भी धरने में शामिल हुए। जिसमें अध्यक्ष राजेश मोहन और मंत्री रमाशंकर तिवारी ने भी नई पेंशन योजना का विरोध किया। धरने में मनीष पांडे, विनय मिश्रा, वीके तिवारी समेत कई कर्मचारी नेता मौजूद थे। धरने के साथ एसएस को ज्ञापन दिया गया। जिसमें राष्ट्रपति से पुरानी पेंशन बहाली की मांग की गई है।

# पांच गाड़ियों से पहुंची एनआईए टीम का गांव में छापा, हड़कंप

**छापा**

**बदमाश लारेंस बिशनोई गैंग का सदस्य होने की शक में छापा**

**एनआईए द्वारा एक घंटे तक चली जांच पड़ताल में गोड़े गांव के कई घरों में सघन तलाशी ली गई**

**प्रतापगढ़।** एनआईए की टीम मंगलवार की सुबह दलबल के साथ गांव में छापेमारी के लिए पहुंचते ही हड़कंप मच गया। पंजाब की जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य होने की आंशका पर नगर कोतवाली के गोंडे गांव के रहने वाले विकास सिंह के घर पर पहुंचकर एनआईए की टीम ने जांच पड़ताल की। छापेमारी के दौरान नगर कोतवाली की पुलिस भी एनआईए की टीम के साथ मौजूद रही। विश्नोई गैंग को टेरर फंडिंग, आर्म्स सप्लाई आदि करने वालों की




छापेमारी के दौरान एनआईए की टीम

तलाश में नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की कई जिलों में ताबड़तोड़ छापेमारी चल रही है। एनआईए द्वारा एक घंटे तक चली जांच पड़ताल में गोड़े गांव के कई घरों में सघन तलाशी ली। पुलिस गांव के रहने वाले शातिर बदमाश विकास सिंह के घर पर एक घंटे तक जांच पड़ताल की। इसके बाद एनआईए की टीम वापस लौट गई। टीम ने मीडिया से कुछ भी बताने से परहेज किया। बता दें कि विकास सिंह 2014 से झांसी जेल में बंद है। उस पर लूट, हत्या, फिरौती, गैंगस्टर सहित कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

### सुबह 4 बजे पांच गाड़ियों से पहुंची थी टीम

ग्रामीणों के अनुसार आज भोर में चार बजे एक इंस्पेक्टर के नेतृत्व में 5 गाड़ियों में सवार कुछ लोग आए थे। जिन्होंने गांव में आने वाले लोगों के बारे में पूछताछ की। एक घंटे तक विकास सिंह के घर के अंदर जांच पड़ताल करते रहे। जिसके बाद लोग वापस चले गए। वहीं एनआईए की ताबड़तोड़ छापेमारी से गांव में हड़कंप मचा रहा। ग्रामीण किसी बड़ी अनहोनी घटना की चर्चा करते रहे। पूरे मामले में स्थानीय पुलिस अधिकारी भी कुछ बोलने से बच रहे हैं। वहीं स्थानीय लोगों की बात करें तो वह भी केवल छापेमारी की बात बता पा रहे हैं।

## गणित के पेपर में विभिन्न स्कूलों से दबोचे गये चार मुन्ना भाई, मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** बोर्ड परीक्षा में मंगलवार की सुबह प्रथम पाली में हाईस्कूल के गणित पेपर में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे दो मुन्ना भाई पकड़े गये। केन्द्र व्यवस्थापक की तहरीर पर गिरफ्तार मुन्ना भाइयों को छुड़ाने के लिए देर शाम तक थाने पर पंचायत चलती रही। मान्धाता थाना क्षेत्र के जेजे इण्टर कालेज खरगीपुर व मुनीश्वर दत्त इण्टर कालेज में मंगलवार की सुबह की पाली में हाईस्कूल गणित की परीक्षा हो रही थी। मानधाता के जेजे इण्टर कालेज खरगीपुर परीक्षा केन्द्र पर कक्ष सं0 13 में शुभम कुमार पुत्र रामधन अनुक्रमांक 1231599649 के स्थान पर फर्जी तरीके से मो0 हसीब पुत्र मो0 नसीम ग्राम मदारी थाना मऊआइमा प्रयागराज परीक्षा दे रहा था। पकड़े जाने पर केन्द्र व्यवस्थापक ने कहा कि सही परीक्षार्थी को बुलाओ और तुम भाग जाओ। इस बात पर फर्जी परीक्षार्थी मो0 हसीब केन्द्र व्यवस्थापक से भिड़ गया। उसने फर्जी आधार कार्ड भी बनावा रखा था। फर्जी परीक्षार्थी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। वही दूसरी तरफ मानधाता क्षेत्र के मुनीश्वर दत्त इण्टर कालेज की प्रथम पाली गणित की परीक्षा में परीक्षार्थी शाह आलम के स्थान पर उसके रिस्तेदार इमरान निवासी ठेमा पूरे रोशई मानधाता परीक्षा दे रहा था। केन्द्र व्यवस्थापक ने फर्जी परीक्षार्थी को पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गये दोनों मुन्ना भाई गिरफ्तार कर थाने लाए गये जहॉ देर शाम तक दोनों को छुड़ाने के लिए पंचायत चलती रही। थानाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है। वहीं लालगंज के बेनीमाधव इण्टर कालेज की प्रथम पाली में गणित के पेपर में थरियापुर गांव के शिवम पटेल पुत्र राजेश की जगह इसी गांव का शिव शंकर गौडत्र परीक्षा दे रहा था। जबकि इसी क्षेत्र के ज्ञानीपुर स्थित पं0 रामसुख इण्टर कालेज में फर्जी छात्र अजीत शर्मा पुत्र अवधेश अपने छोटे भाई अर्पित शर्मा के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। केन्द्र व्यवस्थापक की तहरीर पर पुलिस छात्रों को गिरफ्तार कर थाने ले गई।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**प्रतापगढ़।** नेहरू युवा केन्द्र व खेल मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से नगर के एकलव्य स्टेडियम में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। नेहरू युवा केन्द्र के उप निदेशक समर बहादुर सिंह व समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके पूर्व हुए ब्लाक स्तरीय खेलों में सफल बालक बालिका खिलाड़ी इस प्रतियागिता में भाग ले रहे हैं। जिसमें दौड़, वालीवाल, कबड्डी आदि खेलों को शामिल किया गया। मंगलवार को हुई बालक, बालिका की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। दो सौ मीटर की दौड़ में वर्षा सिंह प्रथम, आठ सौ मीटर की दौड़ में भी वर्षा सिंह प्रथम स्थान पर रहीं। जबकि चार सौ मीटर के बालक दौड़ में मो0 मेहताब प्रथम और सोलह सौ मीटर की दौड़ में राजकुमार सरोज प्रथान प्राप्त किया।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए

बालीवाल और कबड्डी का खेल बुद्धवार को किया जायेगा। खेल का संचाल विनय कुमार मिश्र ने किया। इस दौरान शिवम यादव, विश्वजीत सिंह, चंद्रमणि मिश्र, श्याम नारायण, रंजीत यादव, आशु गुप्ता, गरिमा सिंह, प्रियंका सिंह, कविता गौतम आदि मौजूद रहे।

## जिला जज ने चार को हत्या के मामले में सुनाई उम्रकैद व अर्थदण्ड की सजा

**प्रतापगढ़।** जिला न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय ने हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए चार को उम्रकैद व अर्थ दंड की सजा सुनाई। जिसमें कमलेश पटेल, जितेंद्र यादव, नन्हे मौर्य समस्त निवासीगण आशापुर, थाना जेठवारा व विवेक यादव निवासी रामपुर कल्हवारी, थाना जेठवारा शामिल हैं। सभी दोषियों को आजीवन कारावास सहित 15 - 15 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। उक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी डीजीसी योगेश शर्मा व एडीजीसी विक्रम सिंह ने संयुक्त रूप से किया। वादी मुकदमा राजेश कुमार पटेल निवासी आशापुर, थाना जेठवारा के अनुसार उसकी चाची राजपति पत्नी त्रिभुवन नाथ वर्तमान में ग्राम प्रधान हुई हैं। 25 दिसंबर 2015 को सुबह साढ़े पांच बजे प्रार्थी अपने चाचा त्रिभुवन नाथ के साथ मोबाइल चार्ज करने के लिए गांव के शिव मूरत सिंह के यहां जा रहा था। घर से लगभग सौ मीटर की दूरी पर नन्हे मौर्य, कमलेश पटेल, जितेंद्र यादव व विवेक यादव अपने-अपने हाथों में लिए तमंचे से फायर कर त्रिभुवन नाथ की हत्या कर दी। उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। फायर की आवाज सुनकर अलाव ताप रहे चंद्रपाल, सतीश कुमार दौड़े तब प्रार्थी की भी जान बच पाई। सभी मुल्जिमान घटना करने के बाद फरार हो गए। साथ ही अभियुक्त कमलेश पटेल व जितेंद्र यादव को आयुद्ध अधिनियम में दोष मुक्त कर दिया। साथ ही न्यायालय ने अर्थदंड की राशि कुल साठ हजार रुपया में से 50 हजार रुपए मृतक के आश्रितों को दिये जाने हेतु आदेशित किया है।

# मदरसा अल मंसूर इस्लामिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में दिए गए मशवरे

**प्रतापगढ़।** कचहरी रोड़ स्थित मदरसा अल मंसूर इस्लामिक स्कूल का वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि मौलाना असद उल्लाह नदवी, वा विशिष्ट अतिथि मौलाना शोएब नदवी, डॉ० नजीब उद्दीन, डॉ०अनवार अहमद, की मौजूदगी में बालक बालिकाओं ने दीनी दुनवाई तालीम का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्म गुरू मौलाना अनवर हुसैन नदवी व संचालन मौलाना आदम ने की। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्थानीय व बाहर से आए कई मौलवी एवं उलमा ने हिस्सा लिया। मौलाना शोएब ने कुरान हदीश की रोशनी में लोगों को खिताब में तालीम ज्यादा से ज्यादा देने का आह्वान किया। उन्होंने मुस्लिम समाज में शिक्षा की दयनीय स्थिति पर गौर फिक्र करने की आवश्यकता पर जोर दिया। मौलाना असादुल्लाह नदवी, मौलाना



कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

डॉ०अनवार अहमद ने भी दीनी दुनियावी तालीम देने पर लोगों से अपील की। छात्र मो० तालिब, हसनैन, मिकाइल शमीम, छात्रा सबरीन बानो, आइसा बानो, सकीना बानो, आसिफा बानो ने स्कूल का तराना, सूरे जलजला हिंदी अंग्रेजी उर्दू तजुर्बा नात शरीफ जैसे अन्य प्रस्तुतियां छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ०फातिमा, डॉ० रौनक, इरफान अली एडवोकेट, जफरुल हसन, हाजी मुन्ना, मौलाना फरहान, हाफिज गुल चांद, मास्टर अरशद, नफीस, मो० इम्तियाज, डॉ0 आलम, नावेद, जायान, यावर, मोहम्द इमरान वगैरह मौजूद रहे।मिकाइल शमीम ने कुडो करके अपना हुनर दिखाया। संस्थान के पदाधिकरियों द्वारा फूल मालाओं के साथ मेहमानों की आवभगत की एवं उपस्थित लोगों का उत्साहवर्धन किया।

## जनसंपादकीय


# राष्ट्रकवि को नमन

**भारतेंदु मिश्र**



बिन्दकी, फतेहपुर उत्तर प्रदेश में जन्मे राष्ट्र कवि सोहनलाल द्विवेदी जी हिन्दी के बड़े प्रसिद्ध कवि थे। हिन्दी कविता के माध्यम से देश में राष्ट्रीय नवजागरण की जो अजस्त्र धारा बह रही थी उसमें मैथिलीशरण गुप्त, माखनलाल चतुर्वेदी, बालकृष्ण शर्मा नवीन, रामधारी सिंह दिनकर जैसे कई कवियों का बहुत योगदान था। इसी कड़ी में उनका नाम भी आदर से लिया जाता है । उनकी कवितायें राष्ट्रीय कविसम्मेलनों से लेकर आकाशवाणी, दूरदर्शन और विद्यालयों के समारोहों में लगातार पढ़ी सुनी जाती थीं । राष्ट्रीय ऊर्जा और चेतना से भरपूर रचनाओं के इस रचयिता को सर्वप्रथम राष्ट्रकवि की उपाधि से अलंकृत किया गया। महात्मा गांधी के दर्शन से प्रभावित द्विवेदी जी ने किशोरों के चरित्र निर्माण के लिए और बालोपयोगी पाठ्यचर्या वाली रचनाएँ भी लिखीं। आपको 1969 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री उपाधि प्रदान कर सम्मानित भी किया था।

मेरा सौभाग्य सन 1981 में पहली बार उनके दर्शन करने और उनका आशीर्वाद लेने का सुअवसर मिला । उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान और शहीद स्मारक के पास गांधी भवन में उनदिनों ऐसे राष्ट्रवादी साहित्यकारों का अक्सर आना जाना होता था और मैंने इन्ही दिनों तुकबंदी शुरू की थि। हमारे युवा मित्रों की संस्था युवारचनाकार मंच भी इन्ही दिनों शुरू की थी।



अशोक कुमार पाण्डेय अशोक, उमेशचन्द्र पाठक, सुरेश कुमार (आवारा नवीन), अजय प्रसून, राजहंस मिश्र दीपक, राजेश विद्रोही, अशोक ऋषिराज, रंजना श्रीवास्तव, ममता त्रिपाठी ,अनुराधा शर्मा जैसे कई लिखने पढ़ने वाले युवा साथी इस मंच से जुड़े थे। इनमें अधिकाँश लखनऊ विश्वविद्यालय के साथी छात्र थे। हम लोग साहित्यिक आयोजनों के पोस्टर हाथ से बनाकर लखनऊ भर के कालेजों में चिपकाते थे । साइकल से तब पूरा लखनऊ घूमना कठिन न था। हिन्दी संस्थान में जब भी कोई साहित्यिक आयोजन होता हमारी संस्था के मित्र अवसर निकालकर पहुँच जाते। तभी सूचना मिली कि बालदिवस के अवसर पर द्विवेदी जी हिन्दी संस्थान में आने वाले हैं।

पंडित सोहनलाल द्विवेदी जी को भी इन्ही दिनों देखा और सुना था। खादी का सफेद कुर्ता धोती और गांधी टोपी उनकी पोशाक थी। सर्दियों में नेहरू जैकट का चलन था। वे केवल कहने के लिए नहीं अपितु आचरण व्यवहार से भी राष्ट्रकवि दिखते थे । बाद में पता चला कि वे महामना मालवीय जी के शिष्य और पं हजारी प्रसाद द्विवेदी जी के सहपाठी भी थे।भारतीय राष्ट्रीय अस्मिता और खादी से अनुराग के साथ ही गांधीवादी विचारों से वे गहरी तरह प्रभावित थे। सन 1930 में वे अपने गाँव जवार के किसान साथियों के साथ गांधी जी की डांडी यात्रा में भी शामिल हुए थे। उनकी कुछ कवितायें तो उन्ही दिनों बहुत प्रसिद्ध हुई थीं। उनका स्वर गुरु गंभीर था सधी हुई वाणी जो कविता फूटती थी वह सीधे हृदय में घुस जाती थी। हिन्दी संस्थान में गंभीर स्वर में उनके मुख से जब एक बार सुना - 'वन्दना के इन स्वरों में एक स्वर मेरा मिला लो, हो जहाँ बलि शीश अगणित एक सिर मेरा मिला लो।'

तब समझ पाया इस कविता का राष्ट्रीय स्वर कैसे युवा मन को रोमांचित कर देता था। सिद्ध कवि के मुख से कविता सुनने में जो रस का भावन होता है वह कदाचित स्वयं पढ़ने में संभव नही होता। तब सामाजिक राजनीतिक भेदभाव की विकृतियाँ आज जैसी नहीं थीं। राष्ट्रवादी चेतना को सकारात्मक ढंग से ग्रहण किया जाता था। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों का सबसे अधिक प्रिय और प्रेरणादेने वाला गीत था। तब भारतीयता को राष्ट्रीय जातीय मूल्य के तौर पर देखा जाता था न कि वोट की राजनीति के तौर पर। इसके साथ ही बाद में उनकी अनेक प्रेरणा देने वाली कवितायें भी पढ़ी तो उनके प्रति मन सदैव आदर से भरता रहा। खासकर उनकी निम्न पंक्तियाँ देखें जो आज भी कोटि कोटि नवयुवकों को प्रेरित करती हैं -लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती। कोशिश करने वालों की हार नहीं होती।

भैरवीप्रबंध काव्य के अलावा बाल साहित्य की उनकी अनेक पुस्तकें चर्चित हुईं। अनेक वर्षों तक उन्होंने 'बालसखा' का संपादन किया। यह पत्रिका लखनऊ से ही निकलती थी। परन्तु महात्मा गांधी जी की चेतना और गांधी की जनव्याप्ति को जिस भाषा और संवेदना से सोहनलाल द्विवेदी जी ने लिखा वैसा शायद अन्य किसी ने नहीं लिखा-चल पड़े जिधर दो डग मग में,चल पड़े कोटि पग उसी ओर। पड़ गई जिधर भी एक दृष्टि,गड़ गये कोटि दृग उसी ओर। जिसके सिर पर निज धरा हाथ,उसके शिर-रक्षक कोटि हाथ। जिस पर निज मस्तक झुका दिया,झुक गये उसी पर कोटि माथ। हे कोटिचरण, हे कोटिबाहु! हे कोटिरूप, हे कोटिनाम! तुम एकमूर्ति, प्रतिमूर्ति कोटि,हे कोटिमूर्ति, तुमको प्रणाम!

इस कविता के प्रत्येक शब्द को उन्होंने जिया और देखा था। राष्ट्रीय स्वतंत्रता आन्दोलन में गांधी जी एक बड़े जादूगर तो थे ही जिनके एक आह्वान पर कोटि कोटि जन एकत्र हो जाते थे । एक गांधी के अलावा ऐसा अन्य कोई नेता तब देश में न था जिसके साथ इतने लोग एकत्र खड़े होते थे। गांधी जी को आदर्श राष्ट्र नायक मानने वाले लोगों में तब कोटि कोटि लोग होते थे। स्वतंत्रता के बाद नेहरू से लेकर आज तक बापू के त्याग और बलिदान का सम्मान लेशमात्र कम नही हुआ। राष्ट्रवादी कवि सोहनलाल द्विवेदी जी एक खादी गीत सुनाया करते थेखादी आजादी के साथ ही नए आर्थिक समाधान का भी प्रतीक बनी थी, खादी के धागे-धागे में अपनेपन का अभिमान भरा। माता का इसमें मान भरा, अन्यायी का अपमान भरा।

ये ऐसे कवि थे जिनके मन में देश आजाद होने के बहुत समय बाद तक राष्ट्रीय चेतना स्वयं मूर्तिमान होकर स्थित दिखाई थी। स्वतंत्रता आन्दोलन के समय जन सभाओं में उनके ये प्रस्थान गीत बच्चे बूढ़े और नौजवान सभी मिलकर गाते थे। सबको ये पंक्तियाँ लगातार प्रेरित करती हैं -न एक हाथ शस्त्र हो/ न एक हाथ अस्त्र हो/न अन्न वीर वस्त्र हो/ बढ़े चलो बढ़े चलो।

मेरा सौभाग्य रहा कि मुझे ऐसे शब्दसिद्ध तपस्वी कवि के चरण स्पर्श करने का अवसर मिला। तब उन्हें स्पर्श करके मुझे लगा था कि मानो मैंने महात्मागांधी का स्पर्श पा लिया हो। दूसरी बार भी हिन्दी संस्थान में ही सन 1983 में उनसे भेंट करने का सुअवसर मिला एक बार उनकी अध्यक्षता में बाल साहित्य पर कोई गोष्ठी थी तो उसमें उनकी कविता और उनका व्याख्यान सुनने को मिला। वे सहज राष्ट्रीय चेतना और बाल साहित्य के विशेषज्ञ समझे जाते थे` ऐसे राष्ट्रकवि की स्मृति को प्रणाम।

**(संपर्क:- सी-45/वाई-4,दिलशाद गार्डन, दिल्ली-110095, फोन- 986 803 13 84)**

# औपनिवेशिक स्त्री विमर्श और कस्तूरबा

## विशेष

**डॉ.चित्रा माली**



कस्तूरबा से एक बार पूछा गया कि बापू के 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' में आप कहाँ है ? कस्तूरबा ने हंसकर कहा,'मैंने पढ़ी तो नहीं, पढ़ नहीं सकती थी । लेकिन इतना जानती हूं कि उन्होंने मेरे अनपढ़ होने का दायित्व दोनों के बीच बांटा है । मैं सजाकर रखी गई एक मूर्ति की तरह उसमें मौजूद हूं । बड़े दिवान जी के न रहने का कारण मैं ही हूं । बापू ने जो सत्य के साथ प्रयोग किए हैं,उन्हें मैंने भोगा है'। कस्तूरबा कभी कभी सोचती थी कि क्या वह बापू के सत्य को नापने का मापक थी ... या माध्यम ? कस्तूर और गांधी में परिवार,समाज और प्रयोगों को लेकर कई असहमतियां थी जो कभी जाहिर हो पाती थी कभी नहीं,फिर चाहे पोरबंदर में परिवार को आर्थिक मदद भेजना हो या पारिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन संबंधी । गांधी जब लंदन से बैरिस्टर बनकर लौटे तो घर में काफी कुछ परिवर्तन किए गए । इन परिवर्तनों को करने में गांधी भी शामिल थे लेकिन वे अपनी आर्थिक जिम्मेदारियों से अनभिज्ञ बने रहे जिसका भान कस्तूर को कराना पड़ा । इस बात से गांधी इतने क्रोधित हुए की कस्तूर और हरिलाल को अगले ही सुबह की ट्रेन में बिठाकर उनके मायके भेज दिया गया । कस्तूर बिना उफ किए चुपचाप चली गई थी । कस्तूर ने सीख लिया था कि अपने जीवनसाथी के क्रोध को सहजता से कैसे लिया जा सकता है । यह भी कस्तूर का प्रतिरोध का एक तरीका था । इसके साथ ही स्वाद को दबाने का अभ्यास जबकि गांधी और कस्तूर दोनों ही खाने के शौकीन थे लेकिन गांधी जी का मानना था कि ₹हमारा खाना भौतिक आवश्यकताओं के लिए है₹ । कस्तूर खाने को मन से खाने,सुख प्राप्त करने और सेहत बनाने के माध्यम के रूप में देखती है । 1910 में लंदन वार्ता के असफल होने पर जब गांधी पहली बार फिनिक्स आश्रम पहुंचे तो कस्तूर उन्हें काफी कमजोर लगी जिससे कस्तूर की तंदुरुस्ती का जिम्मा गांधी ने लिया और खान पान संबंधी दिशा निर्देश जारी कर दिए । गांधी ने कस्तूर से कहा कि दाल खाना छोड़ दो और दाल कस्तूर की पसंदीदा चीज थी । यह सुनकर कस्तूर उत्तेजित हो गई और उल्टा गांधी जी से उन्होंने कहा कि 'आप क्यों नहीं उड़द की दाल खाना छोड़ देते'। गांधी जी ने बिना किसी उत्तेजना के इस चुनौती को स्वीकार कर लिया और कहा कि 'आज से एक वर्ष तक के लिए मैंने दाल छोड़ दी'। जबकि गांधी खाने में उड़द की दाल और एक फलीदार सब्जी जरूर खाते थे । गांधी के इस निर्णय से कस्तूर अवाक रह गई । कस्तूर ने गांधी से कहा कि वे यह निर्णय वापस ले लें,मैं वही खाऊंगी जो आप कहेंगे,लेकिन गांधी नहीं माने,उन्होंने कस्तूर से कहा कि तुमने मुझे एक महत्वपूर्ण सीख दी है । अगर मैं किसी से उसकी प्रिय वस्तु को छोड़ने के लिए कहता हूं तो मुझे भी अपनी प्रिय वस्तु को छोड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए । यही न्यायसंगत है । कस्तूर हरिलाल और गांधी के बीच की धुरी भी थी और कई बार वो पत्नी और मां के नाते लाचार, विवश और मजबूर भी दिखाई दी है । गांधी के आदर्शों और प्रयोगों ने कई बार कस्तूर के लिए धर्मसंकट की स्थितियों को उत्पन्न किया है । 1869 में काठियावाड़ के पोरबंदर नगर में जन्मी कस्तूर का विवाह मात्र तेरह वर्ष की आयु में गाँधी के साथ हो गया था । विवाह के बाद का जीवन सामान्य पति-पत्नी के जीवन से शुरू होकर एक दूसरे के सच्चे मित्र हो जाने तक का सफर था । कस्तूर ने सबसे पहला प्रतिरोध शादी के बाद गांधीजी के पतित्व की धारणा के बाद किया था,जिसमें एकपत्नी व्रत का पालन गांधीजी के द्वारा किया जा रहा था और वे कस्तूर से भी एकपति व्रत का पालन करवाना चाह रहे थे,जिसके चलते उन्होंने कस्तूर के कहीं भी आने जाने पर अपना नियंत्रण रखना चाहा था लेकिन कस्तूर ने गांधी जी के द्वारा लगाए अंकुशों का विरोध किया । कस्तूर अपने निर्णय स्वयं लेती थीं,गांधी जी जितनी रोक-टोक लगाते वह उनको नहीं मानती थी । अपने विवाह के आरंभिक जीवन में ही कस्तूर के महत्वपूर्ण गुणों को देखा जा सकता है,जिसमें पहला निडरता और दूसरा आत्मविश्वास था जो उस दौर की महिलाओं में बहुत ही कम पाया जाता था । अपने पति की आज्ञा की अवज्ञा करना उस दौर में सामान्य नहीं था,लेकिन साहसिक कस्तूर के द्वारा अवज्ञा की गई । सविनय अवज्ञा और सत्याग्रह के व्यवहारिक प्रयोगों को गांधी ने कस्तूर से ही सीखा था । कस्तूर और गांधी के जीवन का दूसरा अध्याय गांधी के विदेश प्रवास से प्रारंभ होता है । इंग्लैंड प्रवास से लौटने के बाद शीघ्र ही गांधी को दक्षिण अफ्रीका जाना पड़ा । दक्षिण अफ्रीका के दूसरे प्रवास के समय गांधी अपने साथ कस्तूर को ले गए । गांधी और कपाड़िया परिवार से पहली महिला विदेश यात्रा कर रही थी,यह बात कस्तूर के लिए गौरव की थी,साथ ही आधी आबादी के लिए भी जो आज तक अपने स्वतंत्र अस्तित्व की तलाश में हैं । गांधी दक्षिण अफ्रीका में फीनिक्स आश्रम की स्थापना कर एक ऐसे समाज का निर्माण करने का प्रयास कर रहे थे जहां धर्म,जाति,रंग,नस्ल या लिंग के आधार पर किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव न हो । सबके साझे सरोकार और सबके साझे सुख दुःख हो । जहाँ सभी कार्य आश्रमवासियों के द्वारा स्वेच्छा से किए जाएँ । जहां तक कस्तूर का आश्रम में रहने का सवाल था तो वह गांधी की सहधर्मिणी बनकर उनके प्रयोगों में शामिल होने का प्रयास कर रहीं थीं । लेकिन कस्तूर जिस सामाजिक संरचना से समाज व्यवस्था से आई थीं वहां कार्यों का स्पष्ट विभाजन था जो गाँधी के द्वारा किए जा रहे प्रयोगों के अनुकूल नहीं था । जिससे विवादों का होना लाजमी था । लोगों द्वारा कस्तूर को गांधी की अनुयायी या अनुगामी कहा जाता था,पर ऐसा था नहीं,उनका अपना स्वतंत्र अस्तित्व था । कस्तूर के अपने स्वतंत्र विचार और धारणाएं थी जो गाँधी से भिन्न भी थी और वे अपनी असहमतियों को लगातार दृढ़ता से दर्ज कराती थी । गांधी की सबसे बड़ी आलोचक कस्तूर थीं जो गांधी के हर कदम पर सही गलत का आकलन करती थी । 1913 में दक्षिण अफ्रीका में एक काला कानून पास हुआ था । जिसके विरोध में कस्तूर स्वेच्छा से सत्याग्रह में शामिल हुई और तीन अन्य महिलाओं के साथ जेल गई । जेल का भोजन शाकाहारी न होने के कारण कस्तूर ने जेल अधिकारियों से फलाहार की मांग की और इस मांग को पूरा करने के लिए सत्याग्रह भी किया । जेल में चार दिन तक बिना खाए कस्तूर को रहना पड़ा । पांचवे दिन से तीन टमाटर प्रतिदिन फलाहार के रुप में कस्तूर को दिया जाने लगा,जो संतुलित आहार की दृष्टि से काफी कम था । तीन माह तक कस्तूर इसी आहार पर रही,जिससे उनके स्वास्थ्य पर काफी असर पड़ा । यह कस्तूर के जीवन का पहला सार्वजनिक सत्याग्रह और जेल में अहिंसक प्रतिरोध था । कस्तूर की गिरफ्तारी की खबर ने महिलाओं को सत्याग्रह में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया । 1915 में जब कस्तूर गांधी के साथ भारत लौटीं तब पत्रकारों ने उनसे सवाल किया था,क्या आप वहां जेल में रही थीं ? तब उनका जवाब था, हाँ मैं उस काले और दमनकारी कानून के खिलाफ जेल में गई थी । उस दौर में किसी भारतीय महिला का जेल जाना सामान्य बात नहीं थी । इसमें गौर करने वाली और महत्वपूर्ण बात यह थी कि इस सत्याग्रह में कस्तूर का शामिल होना,उनका आत्मनिर्णय था, गांधी ने इसके लिए उन्हें प्रेरित किया था,प्रभावित नहीं किया था । भारत में आने के बाद गांधी ने सत्य के साथ जितने प्रयोग किए उन सभी प्रयोगों में कस्तूर ने अपनी भागीदारी या कहें सक्रिय भागीदारी अदा की । चाहे वह चंपारन के तिहरवा गांव में रहकर दवाई वितरण का कार्य हो या खेड़ा सत्याग्रह के समय घूम-घूमकर स्त्रियों में उत्साह का संचार करना हो । 1922 में जब गांधी जी को गिरफ्तार किया गया और उन्हें छह साल की सजा हुई उस समय कस्तूर ने कमान संभाली और भाषण दिया जिसने उन्हें वीरांगना के रुप में प्रतिष्ठित किया । यहां गांधी से अलग उनकी अपनी अस्मिता का निर्माण हुआ जो कस्तूर को कस्तूरबा में परिवर्तित कर रहा था । कस्तूर ने अब सामाजिक और राजनैतिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करना प्रारंभ कर दिया था । 1939 में राजकोट के ठाकुर साहब ने प्रजा को कतिपय अधिकार देना स्वीकार किया था किंतु बाद में मुकर गए । जनता द्वारा इसका विरोध किया गया और विरोध स्वरूप सत्याग्रह करने का निश्चय लिया गया ।

कस्तूर ने जब यह सुना तो उन्हें लगा कि राजकोट उनका अपना घर है और उन्हें वहां सत्याग्रह में भाग लेना चाहिए । यह उनका कर्तव्य है,लेकिन वे जब राजकोट पहुंची तभी उन्हें सविनय अवज्ञा के अभियोग में नजरबंद कर लिया गया । इस पूरी लड़ाई में कस्तूर असमानता व भेदभाव तथा अन्य कई मुद्दों पर अकेली लड़ती दिखाई देती हैं ।

भारत छोड़ो आंदोलन के आह्वान के लिए जब गांधी जी को 9 अगस्त 1942 को गिरफ्तार कर लिया गया तब कस्तूर ने शिवाजी पार्क (बम्बई) में भाषण देने का निर्णय लिया,किंतु पार्क के द्वार पर पहुँचते ही गिरफ्तार कर लिया गया था । ऐसे अवसर कस्तूर के जीवन में कई बार आए और उन्होंने इन अवसरों का इस्तेमाल राष्ट्रीय आंदोलन और स्वतंत्रता प्राप्ति का अलख जगाए रखने में किया । लेकिन आज अगर हम कस्तूर पर अलग से विमर्श कर रहे हैं तो इसके कई कारण हमारे सामने मौजूद हैं । लगातार कस्तूर के अस्तित्व का विलय गांधी के अस्तित्व में किया जाता रहा है जो कहीं न कहीं भारतीय समाज का चरित्र भी है । जिससे कस्तूर पर भी कोई नया विमर्श सामने नहीं आया है



। सामान्य पति पत्नी की नोंक-झोंक से गांधी का महात्मा बनना और कस्तूर का 'बा' बन जाना आसान नहीं था । किसी भी स्त्री के लिए श्रृंगार, कपड़ों, गहनों का मोह अपने परिवार, बच्चों का मोह त्यागना आसान कार्य नहीं है । यह सभी कस्तूर ने स्वेच्छा से, आत्मनिर्णय से किया होगा । जिसका अलग से कोई वर्णन हमें दिखाई नहीं देता है । कहीं-न-कहीं कस्तूर ने प्रतिरोध किया होगा,कोई वाद-विवाद या बहस या तर्क-वितर्क गांधी और कस्तूर में हुआ होगा,जो कि निहायत ही निजी रहा होगा । ऐसे ही कई और प्रश्न भी हमारे सामने उपस्थित हैं,जैसे ब्रह्मचर्य के प्रयोग जब गांधी कर रहे थे तो कस्तूर की स्वीकृति का प्रश्न, जबकि आज भी महिलाएं अपनी सेक्स लाइफ पर किसी तरह की कोई टिप्पणी सार्वजनिक और निजी कम ही करती हैं या न के बराबर,तब कस्तूर की स्वीकृति या अस्वीकृति के प्रश्नों का कहीं स्पष्ट जवाब नहीं मिलता है । नारीवादी दृष्टिकोण से इन प्रश्नों पर विमर्श की दरकार हैं ।

भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में महिलाओं की सक्रिय उपस्थिति का कारण कस्तूर ही थी,अन्यथा आधी आबादी को जोड़ पाना आसान कार्य नहीं था,आधी आबादी का साथ आना और सत्याग्रह में सक्रिय भागीदारी करना,कस्तूर के नेतृत्व का ही कमाल था,जिसे गाँधी जानते थे,कई जगहों पर गाँधी ने कस्तूर को रोल मॉडल की तरह प्रस्तुत भी किया है,चाहे वह आंदोलनों में भाग लेना हो या स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग या फिर आजादी की लड़ाई के यंत्र के रूप में चरखे के इस्तेमाल का प्रयोग ।

गांधी जैसे व्यक्तित्व की पत्नी के रूप में एक स्त्री का स्वयं अपने और साथ ही देश की आजादी के आंदोलन से जुड़े दोहरे संघर्ष को जानना समझना कस्तूर और कस्तूर बा के अलग-अलग अस्तित्व और व्यक्तित्व को जानना समझाना है जिसमें वह पत्नी,माँ और देश की आजादी के लिए एक समर्पित कार्यकर्त्ता के रूप में दिखाई देती है । जिनकी अपनी स्वतंत्र सोच और विचार हैं, जो निर्णय लेने में समर्थ है`

22 फरवरी 1944 के दिन का बहुत ही मार्मिक चित्रण 'गाँधी' फिल्म में रिचर्ड एडनबरो ने किया हैं । जिसमें पुणे के आगा खा पैलेस में गाँधी के मन की बैचनी और कस्तूर के गाँधी के दूर न जाने के आग्रह को देखा जा सकता है जो प्रेम की एक सशक्त अभिव्यक्ति है । आज कस्तूर की पुण्यतिथि है उन्हें शत शत नमन ।

**(सहायक प्रोफेसर,गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता)**

# डाइवर्सिटी एजेंडा लागू होना चाहिए

## प्रसंगवश

**एच. एल. दुसाध**



आज भारत में आर्थिक और सामाजिक विषमता जिस तरह शिखर पर पहुंची है;जिस तरह नीचे की प्रायः 50% आबादी महज 3% नेशनल वेल्थ पर गुजर-बसर करने के लिए विवश है; जिस तरह भारत ने नाइजीरिया को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के ह्यपॉवर्टी कैपिटलह्ण अर्थात ह्यगरीबी की राजधानी ह्यका खिताब अपने नाम किया है; जिस तरह देश की आधी आबादी को आर्थिक समानता पाने में 257 साल लगने के कयास लगाये जा रहे हैं और सर्वोपरि जिस तरह शासक वर्ग की नीतियों से बहुसंख्य वंचित समाज उस स्टेज में पहुंचा दिया गए है, जहां सारी दुनिया में वंचितों को मुक्ति- संग्राम में उतरना पड़ा है।? ऐसी दशा में अधिकांश बहुजन बुद्धिजीवियों को निगाहें बहुजन लेखकों के संगठन ह्यबहुजन डाइवर्सिटी मिशनह्ण (बीडीएम) पर टिक गयी हैं.बहुजन लेखकों का यह संगठन पिछले डेढ़ दशक से सेना व न्यायालयों सहित सरकारी और निजीक्षेत्र की सभी स्तर की,सभी प्रकार की नौकरियों, पौरोहित्य,डीलरशिप; सप्लाई,सड़क-भवन निर्माण इत्यादि के ठेकों,पार्किंग,परिवहन; शिक्षण संस्थानों, विज्ञापन व एनजीओ को बंटने वाली राशि,ग्राम-पंचायत,शहरी निकाय, संसद-विधानसभा की सीटों; राज्य एवं केन्द्र की कैबिनेट;विभिन्न मंत्रालयों के कार्यालयों; विधान परिषद; राज्यसभा;राष्ट्रपति,राज्यपाल एवं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यालयों इत्यादि के कार्यबल अर्थात शक्ति के समस्त स्त्रोतों में सामाजिक और लैंगिक विविधता लागू करवाने की वैचारिक लड़ाई शिद्दत से लड़ रहा है. इसके दस सूत्रीय एजेंडे को जहां भाजपा-कांग्रेस जैसे राष्ट्रीय दलों के साथ के साथ कई क्षेत्रीय पार्टियों ने अपने चुनावी मैनिफेस्टो में जगह दिया है,वहीं कई राज्य सरकारों ने लागू भी किया है. बहुजन बुद्धिजीवियों का मानना है कि यदि बीडीएम के दस सूत्रीय एजेंडे को ठीक से लागू कर दिया जाय तो दलित, आदिवासी,पिछड़े, अल्पसंख्यक और महिलाएं शक्ति के स्त्रोतों में अपनी वाजिब हिस्सेदारी पा जाएँगी और भारत पलक झपकते आर्थिक विषमताजन्य समस्त समस्यायों से निजात पा जायेगा!


इसमें कोई संदेह नहीं कि हिंदी पट्टी के बहुजनवादी दलों ने मंडल उत्तरकाल में विराट सम्भावना जगाया, किन्तु वह चिरस्थायी न हो सका और 2009 के लोकसभा चुनाव से वे सामाजिक न्याय की राजनीति से विचलन का संकेत देने लगे. दरअसल 2009 तक वे बहुजन समाज को अपने वोटों का गुलाम समझने लगे थे. वे यह मानकर निश्चिन्त थे कि कुछ नहीं भी करने पर बहुजनों का वोट उन्हें थोक भाव में मिलते रहेगा. इसलिए उन्होंने न सिर्फ सारा ध्यान सवर्णों पर लगाना शुरू किया, बल्कि उनके हिसाब से एजेंडा भी सेट करने लगे. वे बहुजनों की भागीदारी को दरकिनार कर गरीब सवर्णों के लिए आरक्षण की आवाज बुलंद करने लगे थे. इस समय तक खुद को जातिमुक्त दिखाने के लिए उन्होंने तिलक तराजू .. और भूराबाल जैसे नारों से पूरी तरह दूरी बना लिया था. वे सवर्णों के सहारे पीएम बनने के सपनों में विभोर हो गए थे. सामाजिक न्याय की राजनीति से उनके विचलन का परिणाम 2009 के लोकसभा चुनाव में गहरी शिकस्त के रूप में आया।

सामाजिक न्याय की राजनीति 2014 में और बदतर स्थिति में पहुँच गयी. 2009 के पराजय के बाद उन्हें सामाजिक न्याय की उग्र राजनीति की ओर लौटना था,पर वे खुद को नहीं बदले और अच्छे दिन लाने की उम्मीद जगा कर 2014 के लोकसभा में उतरे नरेंद्र मोदी नामक तूफान के सामने उड़ से गए. सबसे बुरी स्थिति बसपा की हुई. सामाजिक न्याय से भारी दूरी बनाने के कारण मायावती जी की बसपा शून्य पर पर पहुँच गयी.2014 में मुखर बहुजन नेता रामविलास पासवान सामाजिक न्याय का खेमा बदलकर मोदी के साथ हो लिए. बहरहाल बहुजनवादी दलों में अगर 2009 में लोजपा; 2014 में बसपा शून्य पर पहुंचने का रिकॉर्ड बनायीं तो 2019 में सामाजिक न्याय की बेहद मुखर पार्टी राजद शून्य पर पहुँच गयी. वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी के उदय के बाद बहुजनवादी पार्टियां चुनाव दर चुनाव अपनी स्थिति कारुणिक बनाती गईं. इसका प्रधान कारण यह रहा कि जिस सामाजिक न्याय के राजनीति की जोर से भाजपा को शिकस्त दी जा सकती थी, इन्होंने वह मुद्दा उठाया ही नहीं. एकमात्र अपवाद रहे लालू प्रसाद यादव जिन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव 2015 में डाइवर्सिटी केन्द्रित मुद्दा उठाकर लोकप्रियता के शिखर पर काबिज मोदी की भाजपा को शिकस्त दे दिया. 2015 के बाद हिंदी पट्टी में चार चुनाव हुए : 2017 में यूपी विधानसभा चुनाव, 2019 में लोकसभा चुनाव, 2020 में बिहार विधानसभा चुनाव और 2022 में फिर यूपी विधानसभा चुनाव. आश्चर्य की बात यह रही कि अज्ञात कारणों से यूपी और बिहार के बहुजन नेतृत्व ने इन चुनावों में सामाजिक न्याय से जुड़ा जरा भी मुद्दा नहीं उठाया. एक ऐसे दौर में जबकि मोदी सत्ता में आने के बाद राजसत्ता का अधिकतम इस्तेमाल निजीकरण, विनिवेशीकरण और लैटरल इंट्री के जरिये आरक्षण के खात्मे और संविधान के उद्देश्यों को व्यर्थ करने में कर रहे थे, इन्होंने चारों चुनावों में आरक्षण को विस्तार देने वाला मुद्दा उठाया ही नहीं. जबकि इनके समक्ष लालू प्रसाद यादव का दृष्टांत था, जिन्होंने डाइवर्सिटी केन्द्रित हल्का सा मुद्दा उठाकर 2015 मोदी जी को आराम से शिकस्त दे दिया था. यदि इन्होंने कायदे से डाइवर्सिटी टाइप मुद्दा उठाया होता, मोदी की 2019 में न तो सत्ता में वापसी हो पाती और न ही बहुजनों के गुलामों की स्थिति में पहुचने की नौबत आती. ऐसा लगता है मोदी के उत्तरोत्तर अप्रतिरोध्य बनते जाने के साथ अज्ञात कारणों से बहुजन नेतृत्व में सत्ता हासिल करने की इच्छाशक्ति मरती गयी, जबकि सत्ता में आने के बाद जिस तरह जूनून से मोदी आरक्षण के खात्मे और शक्ति के समस्त स्त्रोत सवर्णों के हाथ में देने में मुस्तैद हुए थे, उससे वंचित बहुजनों को आक्रोशित कर सत्ता दखल की बेहतर जमीन तैयार होने लगी थी. किन्तु जैसा पूर्व पंक्तियों में कहा कि इनमें सत्ता हासिल करने की इच्छाशक्ति ही विलुप्त सी हो गयी, इसलिए उन्होंने मोदी की बहुजन विरोधी नीतियों के सद्व्यवहार में कोई रूचि ही नहीं ली. अगर ऐसा नहीं होता तो वे कहते कि हम सत्ता में आने के 24 घंटे के अन्दर सवर्ण आरक्षण का खात्मा कर देंगे और जाति जनगणना कराकर उनको उनके संख्यानुपात में हर क्षेत्र में अवसर देंगे तथा उनके हिस्से का 65 से 75 प्रतिशत अतिरक्त अवसर दलित, आदिवासी पिछड़ो और अकलियतों के मध्य बाटेंगे. जिस तरह मोदीराज में लाभजनक सरकारी उपक्रमों को अन्धाधुन बेचा गया, वे कह सकते थे कि हम सत्ता में आने पर बेचीं गयी सरकारी कंपनियों और परिसंपत्तियों की समीक्षा कराएँगे और प्रयोजन होने पर पुनः राष्ट्रीयकरण करेंगे. वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति सहित सत्ता में आने पर सरकार के हर बहुजन विरोधी फैसलों को पलटने की बात कहकर अपने समर्थकों में सामाजिक न्याय का सपना दे सकते थे पर, इच्छाशक्ति खत्म होने के कारण ऐसा न कर सके.

सबसे बड़ी बात तो यह है कि मोदी सरकार ने अपनी बहुजन विरोधी नीतियों से सापेक्षिक वंचना को तुंग पर पंहुचा दिया , किन्तु इच्छा शक्ति के अभाव में बहुजन नेतृत्व इसके सद्व्यवहार से मीलों दूर रहे. क्रांति का अध्ययन करने वाले तमाम समाज विज्ञानियों के मुताबिक जब वंचित वर्गों में सापेक्षिक वंचना का भाव पनपने लगता है, तब उन में शक्ति संपन्न वर्ग के खिलाफ आक्रोश की चिंगारी फूट पड़ती है और वे शासकों को सत्ता से दूर धकेल देते हैं.जिस तरह आज मोदी की सवर्णपरस्त नीतियों से जन्मजात सुविधाभोगी वर्ग का शक्ति के स्त्रोतों- आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षिक और धार्मिक- पर बेहिसाब कब्जा कायम हुआ है, उससे सापेक्षिक वंचना के तुंग पर पहुंचने लायक आज जो हालात भारत में पूंजीभूत हुए हैं, वैसे हालात विश्व इतिहास में कहीं भी नहीं रहेः यहाँ तक कि फ्रांसीसी क्रांति और रूस की जारशाही के खिलाफ उठी वोल्सेविक क्रांति में भी नहीं रहे ! लेकिन मोदी सरकार द्वारा लगातार देश को बेचने तथा बहुजनों को गुलामों की स्थिति में पहुचाने का उपक्रम करते देखकर भी बहुजनवादी विपक्ष कभी सापेक्षिक वंचना के सद्व्यवहार के लिए आगे इसलिए नहीं आया, क्योंकि अदृश्य व अज्ञात कारणों से उसमें सत्ता हासिल करने की इच्छा शक्ति शायद विलुप्त हो गयी है. अतः जिन बहुजनवादी दलों में सत्ता में आने की चाह विलुप्त सी हो गयी, उनसे यह प्रत्याशा नहीं की जा सकती कि वे शक्ति के समस्त सोतों के वाजिब बंटवारे की हिमायत करने वाले बहुजन डाइवर्सिटी मिशन के दस सूत्रीय एजेंडे में कोई रूचि लेंगे! ऐसे में इसे लागू करवाने के लिए अन्य विकल्पों पर विचार करना होगा!

**(लेखक बहुजन डाइवर्सिटी मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं. संपर्क : 9654816191)**

## व्यंग्य



## गांव का मेला बनाम पुस्तक मेला

**अरविन्द तिवारी**

बचपन में गांव के मेले देखे थे,उनकी याद अमिट है।मेले में सबसे ज्यादा आकर्षण नौटंकी का था।उसके डायलॉग आज तक याद हैं।₹छप्पन छुरी बहत्तर चाकू।मेरा नाम है सुल्ताना डाकू।₹गांव के मेले में दिन भर घूमकर नहीं थकते थे,तो रात को भी चले जाते थे।मिट्टी के तेल के हंडे की रोशनी, मेले को एक नया लुक देती थी।सच कहता हूं उस रोशनी के आगे आधुनिक मैरिज होम की रोशनी भी फीकी लगती है!बड़े हुए तो किताबें पढ़ने लगे।कुछ और बड़े हुए तो नई दिल्ली के प्रगति मैदान में लगने वाले पुस्तक मेले में जाने लगे।तब हर दो वर्ष बाद विश्व पुस्तक मेला भरता था,जो अब सालाना हो गया है।

पिछले तीस वर्षों से पुस्तक मेले में जाते रहने के बाद हमें इल्म हुआ ,यह पुस्तक मेला तो गांव के मेले की जैसा ही है।गांव के मेले में कई भोले भाले ग्रामीण मेला देखने आते थे।पुस्तक मेले में आने वाले पाठकों और लेखकों को देखें,तो वे भोले भाले ग्रामीणों से कम नहीं हैं।उन्हें कोई भी आसानी से ठग सकता है।रही बात लेखकों की तो वह ठगे जाने के लिए ही जन्में हैं।दुख तब होता है,जब एक लेखक दूसरे को ठगने की कोशिश करता है!जिक्र कर चुका हूं,गांव के मेले में सबसे ज्यादा आकर्षण नौटंकी का होता था।पुस्तक मेले में हर स्टाल पर नौटंकी होती देखी जा सकती है।इसी नौटंकी के बरक्स एक दिन में एक किताब का विमोचन चार चार बार हो जाता है।थोड़ा बहुत चर्चित साहित्यकार मेले में आ जाए,तो प्रकाशकों के स्टाल उसे उसी तरह लपकते हैं,जैसे टूरिस्ट प्लेस पर लपके विदेशी सैलानियों को।

गांव के मेले में जादूगर भी आते थे।ये जादूगर आदमी को हवा में उड़ाने का दावा करते थे।एक आदमी जमीन पर लेटा हुआ होता था।बार बार डुगडुगी बजाकर जादूगर घोषणा करता था कि शीघ्र ही यह आदमी हवा में उड़ेगा।आदमी के उड़ने की घोषणा करते हुए वह जादू के अन्य करतब दिखाया करता था।पुस्तक मेले का जो लेखक मंच होता है,वहां हूबहू इसी तरह का जादू दिखाया जाता है। गांव के मेले वाले जादू में आदमी अंत तक नहीं उड़ पाता था,पर पुस्तक मेले के लेखक मंच वाले जादू में वह लेखक शुरू से ही हवा में उड़ने लगता है,जिसकी पुस्तक पर चर्चा हो रही है।खुद के रुपयों से किराए पर लिया मंच,जब माइक पर घोषणा करता है कि लेखक ने नई जमीन तोड़ी है,तो लेखक सचमुच उड़ने लगता है!कोई वक्ता उसे प्रेमचंद जैसा या मुक्तिबोध जैसा बता दे,तो वह उड़ता हुआ लेखक आसमान में उसी तरह गुलाटी खाने लगता है,जैसे हाल ही में भारतीय विमानों ने बैंगलोर में आयोजित विमान प्रदर्शनी में खाईं थीं।जैसे ही लेखक मंच पर कार्यक्रम समाप्त होता है वैसे ही वह लेखक,आसमान से नीचे आ गिरता है।जमीन पर उसी तरह पड़ा दिखाई देता है,जैसे गांव के मेले में उड़ने वाला आदमी पड़ा रहता था।जिसके उड़ने का आश्वासन वह जादूगर लगातार देता रहता था।

गांव के मेले में ग्रामीण महिलाएं मेला देखने आती थीं।पुस्तक मेले में भी महिलाओं की भीड़ लगी रहती है।ज्यादातर लेखिकाएं होती हैं।गांव के मेले में महिलाएं चाट वाले से जब चाट खरीदकर खातीं,तो उन्हें इल्म होता,दोने में तो मटर है।वे एक दूसरे को असलियत बतातीं,बहना ये तो मटरा है।इतनी महंगी मटरा!इधर पुस्तक मेले में गांव का मेला याद आ जाता है,जब अस्सी रुपए की कॉफी और चालीस रुपए में पानी की बोतल मिलती है।गांव के मेले में जो समान बिकता था,वह घटिया किस्म का होता था।पुस्तक मेले में भी कई किताबें,खासकर शब्दकोश सिर्फ. वजन में भारी होते हैं,शब्दों में नहीं।जैसे गांव के मेले में दुकानदार मेला खत्म होने से पहले समान औने पौने दामों में बेचते हैं,वैसे ही पुस्तक मेले में पुस्तकें बेची जाती हैं।प्रकाशकों से ज्यादा मुनाफा छोले कुल्चे वालों को हो जाता है।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# बारात की विदाई के पहले ही दूल्हे की गला रेतकर हत्या

**दुखद**

**गड़ौली सामूहिक विवाह में हुआ था विवाह**

**12 फरवरी को थी शादी, 18 से ही था लापता**





**मीरजापुर।** कछवां में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में विवाह रचाने वाले मैनेजर की गला रेतकर हत्या कर दी गई। 18 तारीख से लापता युवक का शव सोमवार की रात पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। हिंदू रीति रिवाज के अनुसार 5 मई को उसका बारात जाना तय किया गया था। धूमधाम से बारात के पूर्व ही दुल्हे की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटीं हैं। बताया गया है कि मड़िहान थाना क्षेत्र के रैकरा गाँव के अलग अलग मजरा में रहने वाले मैनेजर 23 वर्ष और निशा 19 वर्ष 12 फरवरी को गडौली सामूहिक विवाह समारोह में दाम्पत्य सूत्र में बंधे थे। निशा के पिता बंशी लाल की इच्छा थी कि बारात उसके घर आये। इसके लिए दुल्हे के पिता बिहारी से वार्ता कर 5 मई 2023 को बारात की तिथि तय किया गया था। विवाह सूत्र में बंध चुके अपनी पत्नी निशा से उसकी मुलाकात सीवान में हुई थी। इसके बाद पेशे से ट्रक चालक अपने घर नहीं लौटा। परिवार के लोग खोज में लग गए। कही पता नहीं चला। दूसरे दिन भी खोज जारी रहा। बताया जाता हैं कि गाँव का ही एक बालक सीवान में सोमवार की शाम शौच करने गया था। वहां देखा की कुत्ते किसी इंसान के शव को नोचकर खा रहे है। यह देख डर के मारे बिना शौच किए वह अपने घर आ गया। इसकी जानकारी अपने पिता को दी। उन्होंने ग्राम प्रधान महेंद्र को दिया। बताया कि मनोज के खेत में किसी का शव पड़ा है। ग्राम प्रधान की सूचना पर सोमवार की रात पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में लगी है। चर्चा हैं कि आशनाई के चलते दुल्हे की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किया गया है। सामूहिक विवाह समारोह में सात फेरे लेने के बाद सातवें दिन ही मैनेंजर की हत्या कर दी गई। सामूहिक विवाह के बाद निशा की विदाई नहीं हुई थी। बारात आने के बाद विदाई तय किया गया था। युवक का शव मिलने के बाद दुल्हा दुल्हन के परिवार में कोहराम मचा हैं। गाँव में भी गम छा गया है। युवक का शव दो दिन बाद घर से महज तीन सौ मीटर की दूरी पर सीवान में मिला हैं। सीओ नक्सल अनिल पांडेय ने बताया कि मामले की तहकीकात की जा रही हैं। जल्द ही खुलासा किया जायेगा।

# विंध्याचल दर्शन करने आयी नव विवाहिता प्रेमी के साथ फरार

जनसंदेश न्यूज

**हड़कंप**

**पत्नी की तलाशकर हारा पति, पुलिस से लगाई गुहार**

**होटल से लेकर नदी किनारे तक ढूंढ़ा, सीसी कैमरे ने खोली पोल**

**मीरजापुर।** पति और सास के साथ माता विंध्यवासिनी का दर्शन करने आयी नवविवाहिता प्रेमी के साथ फरार हो गई। काफी खोजबीन के बाद जौनपुर निवासी पति ने थाना में तहरीर दी हैं। 10 फरवरी को उसका विवाह हुआ था। टायलेट जाने की बात कह कर निकली महिला कुछ दूर पैदल आने के बाद लाल रंग की पल्सर पर सवार होकर निकल गई। बताया जाता है कि जौनपुर निवासी युवक का विवाह 10 फरवरी 2023 को आजमगढ़ में सकुशल संपन्न हुआ था। दुल्हे राजा भी अपनी दुल्हनिया को नाचते हुए गए और विदा कराकर जौनपुर ले आये। विवाह की खुशी के बीच मेहमानों के चले जाने पर नव विवाहित अपनी सास, पति और ससुराली जन के साथ विंध्याचल दर्शन करने पहुंची थी। विवाह के बाद ससुराल से पहली बार मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने पहुंची दुल्हन फिल्मी स्टाइल में फरार हो गई। पति परिवार के साथ खा रहा था। इसी दौरान टायलेट जाने के लिए विवाहिता ने दस रुपया पति से माँगा। उसने अपना मोबाइल पति को दे दिया। इसके बाद वह अकेले ही निकली। कुछ दूर पैदल आने के बाद पहले से ही इंतजार कर रहे युवक के पास पहुंची। लाल रंग की पल्सर बाइक पर बैठकर वह निकल गई। जो पास में ही लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। घंटो हलकान रहने के बाद पति के अनुरोध पर कैमरा चेक किया गया तो प्रेमी के साथ गायब होने का खुलासा हुआ। इसके पूर्व विंध्याचल के साथ ही नदी किनारे पति ने परिजनों के साथ तलाश किया। तलाश करके थक चुके पति ने पुलिस को अपनी बीबी के लापता होने की सूचना दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हैं।

# सामूहिक विवाह में विकास खंड स्तरीय कर्मचारियों की लगायें ड्यूटी : डीडीओ

जनसंदेश न्यूज

**चर्चा**

**स्वस्थ्य संतुलित हो आहार एनर्जी दे शरीर को अपार**

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अन्तर्गत विकास खण्ड हलिया के महुगढ़ ग्राम पंचायत में संचालित कान्हा प्रेरणा महिला लघु उद्योग एवं विकास खण्ड पटेहरा में संचालित खुशी प्रेरणा महिला लघु उद्योग पुष्टाहार उत्पादन इकाई का निरीक्षण जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय द्वारा किया गया।

जिला विकास अधिकारी द्वारा खण्ड मिशन प्रबन्धक हलिया से उत्पादन की स्थिति पर चर्चा की गयी। उत्पादन प्रति दिवस 05 मैट्रिक टन से कम होने पर खण्ड मिशन प्रबन्धक हलिया एवं पटेहरा कलां को निर्देशित किया गया कि उत्पादन क्षमता बढ़ाएं। वर्तमान समय में ढाई से तीन मैट्रिक टन का उत्पादन किया जा रहा है। तत्पश्चात विकास खण्ड हलिया के सभागार में जिला विकास अधिकारी द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा की गयी। जिसमें आयुष्मान कार्ड की प्रगति बढ़ाने हेतु विकास खण्ड स्तरीय सम्बन्धित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम हेतु विकास खण्ड स्तरीय समस्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा के अद्यतन प्रगति पर समीक्षा की गयी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी हलिया, जिला मिशन प्रबन्धक, रा0ग्रा0आ0मि0, सहायक विकास अधिकारी, खण्ड मिशन प्रबन्धक, ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का धरना प्रदर्शन

**मीरजापुर।** वाराणसी एयरपोर्ट पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के खिलाफ फर्जी मनगढ़त मुकदमें दर्ज किए जाने से भड़के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। राज्यपाल को सम्बोधित पत्रक जिला प्रशासन को सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। सौंपे गए पत्रक में कहा गया है कि 18 फरवरी को एयरपोर्ट अथॉरिटी बाबतपुर ने प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ शासन सत्ता के इशारे पर मनगढ़ंत मुकदमा दर्ज किया गया। जबकि प्रांतीय अध्यक्ष ने शासन सत्ता के इशारे पर एयरपोर्ट अथॉरिटी के खिलाफ कोई आंदोलन या तोड़फोड़ जैसा कार्यवाही नहीं किया था। जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्ष करने वाले कांग्रेस पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष राय के आवाज को दबाने के लिए उनके खिलाफ मुकदमा किया गया है। इस मौके पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भगवान दत्त उर्फ राजन पाठक, इरफान खान, विकास ओझा, अमर कुमार दुबे,आयुसी शुक्ला, नितेश तिवारी, मोहित मिश्रा, छोटू एवं गुड्डू मौजूद रहे।

# गरीबों की सेवा के लिए हमेंशा कैम्प का होगा आयोजन : अनिल सिंह

**आयोजन**

**सीडीओ ने निशुल्क जांच शिविर कार्यक्रम किया का उद्घाटन**

जनसंदेश न्यूज



शिविर का उद्घाटन करतीं सीडीओ बगल में हैं प्रमुख कोन व अनिल सिंह

**मीरजापुर।** विकासखंड कोन में प्रमुख क्षेत्र पंचायत कोन मीनाक्षी सिंह व समाजसेवी अनिल कुमार सिंह के पहल से मेदांता मेडिसिटी गुरुग्राम के प्रशिक्षित अनुभवी डॉक्टर द्वारा निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी बीएस द्वारा किया गया। जाँच शिविर में विकासखंड कोन के समस्त अधिकारी, कर्मचारी, प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम वासी का मेदांता हास्पिटल के मैनेजर सुनील उपाध्याय, हार्ट के स्पेशलिस्ट डॉ. सुरेंद्र कुमार तनेजा एवं पूरी टीम द्वारा ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हार्ट आदि का जाँच किया गया। यह जानकारी देते हुए समाजसेवी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जो लोग अपना चेकअप कराने में सक्षम नहीं है उनके लिए यह कैंप लगाया गया था। आगे भी इस तरह के कैंपों का आयोजन कर लोगों की जांच कराने का काम किया जाएगा। इससे लोगों को राहत मिल जाती है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी राकेश शुक्ला, सहायक विकास अधिकारी पंचायत बरसातू राम, प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव चंदू, समाजसेवी क्षेत्र पंचायत सदस्य भारतेंदु यादव, सुरेश सोनकर, संदीप सिंह, विनोद कुमार पांडे, प्रधान अरुण कुमार यादव, अशोक कुमार यादव, ओम प्रकाश दुबे, राजेंद्र प्रताप, सचिव अक्षैवर नाथ यादव, अभिषेक पाराशर, विनोद यादव, प्रथम विनीत मौर्य, कृष्ण लाल, उदय प्रकाश, मंगल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लावारिस लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**दुखद**

**तलाशी के दौरान जेब से मिला ओझाई का सामान**

जनसंदेश न्यूज



शव मिलने की सूचना पर जांच करती पुलिस

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरौंधा चौकी अंतर्गत नैड़ी कठारी के सिवान में लावारिश लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

घटना की सूचना पर अपर पुलिस महेश अत्रि, क्षेत्राधिकारी दिक्षांत राज, लालगंज इंस्पेक्टर ज्ञानू प्रिया, बरौंधा चौकी इंचार्ज धर्म नारायण भार्गव, फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच कर ग्राम प्रधान की मौजूदगी में शव का पंचायत नामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जनपद प्रयागराज और मीरजापुर के बार्डर पर 50 वर्षिय अधेड़ के हत्या की सूचना पर घटना स्थल पर सैकड़ों की तादात में लोग जुट गए। फोरेंसिक टीम के अधिकारियों द्वारा तलाशी लिए जाने पर मृतक के जेब से जायफर, कपूर और लवांग बरामद किया गया। पुलिस द्वारा काफी देर तक शिनाख्त कराया गया किंतु मृतक कहां का और कौन है इसका पता नहीं चल सका। घटना स्थल पर साफ साफ जाहिर हो रहा था कि हत्या किसी अन्यत्र स्थान पर करके शव को ठिकाने लगाया गया है। मृतक के बारे में लोगों द्वारा तरह तरह का अनुमान लगाया जा रहा है। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है जिसका जल्द ही खुलासा किया जायेगा।

# नगर में धड़ल्ले से चल रही अवैध डिजिटल लाइब्रेरी

**मीरजापुर।** नगर में कई जगहों पर अवैध रूप से डिजिटल लाइब्रेरी का संचालन किया जा रहा है। बताते चले कि नगर के पुलिस लाइन, शुक्लहा, भरूहना, टंडन पुरी कॉलोनी, मुसफ्फर गंज, पांडेयपुर अन्य कई जगहों पर डिजिटल लाइब्रेरी बिना सेफ्टी जोन व बिना लाइसेंस के अवैध रूप से चलाए जा रहे हैं और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। नगर में इस समय डिजिटल लाइब्रेरी की भरमार हो गई जहां बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जो कि अवैध रूप से चलाए जा रहे हैं और मनमाना पैसा वसूला जा रहा है। इससे बच्चों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। अवैध रूप से डिजिटल लाइब्रेरी चलाने से विभाग के राजस्व को संचालक चूना लगा रहे हैं। आखिर विभाग द्वारा इन अवैध रूप से चलाए जा रहे डिजिटल लाइब्रेरी के संचालकों के ऊपर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आंदोलन का किया आगाज



स्टेशन पर प्रदर्शन करते कर्मचारी

**मीरजापुर।** प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर पुरानी पेंशन बहाली हेतु आंदोलन का आगाज हुआ। कार्यक्रम अनुसार प्रथनम चरण में मंगलवार को रेलवे मुख्यालय पर रेलवे संगठनों को समर्थन देते हुए सामूहिक जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जनजागरण व सम्बोधन के पश्चात प्लेटफार्म नंबर 1 से होकर रैली निकाली गई। प्लेटफार्म 2 व 3 होते हुए रैली प्लेटफॉर्म 1 पर समापन हुआ। रेल संगठनों को समर्थन देने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद मीरजापुर के घटक संगठन व पदाधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं में विनोद तिवारी, राजाराम, उमाकांत प्रसाद, विनय तिवारी, प्रशांत मिश्र, बृजेश सिंह, पीयूष दुबे, राकेश तिवारी, श्रीराम शाखा मंत्री रमेश कुमार प्रजापति, शाखा मंत्री एसके अकेला, मोहम्मद शकील, मुमताज अहमद खान, सीबी सिंह व अन्य साथी उपस्थित रहे। सभी साथियों ने पुरानी पेंशन बहाली के संकल्प को दोहराते हुए पुनः मार्च 21 को जिला मुख्यालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन में उपस्थित रहने का संकल्प लिया।

# दुर्घटना जोन में तब्दील हुआ बरौंधा का प्रयागराज मोड़

जनसंदेश न्यूज

**सावधानी**

**बरौंधा ओवरब्रिज के नीचे गति अवरोधक लगाने की उठी मांग**

**लालगंज।** नेशनल हाई-वे पर फरार्टा मार रहे वाहनों से आये दिन हो रही दुर्घटनाओं से क्षेत्रिय जनता भयाक्रांत हो उठी है किंतु अधिकारियों की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ता दिख रहा है। बताते चलें कि बरौंधा-माण्डा मार्ग पर अशोक चौराहा के पास से नेशनल हाई-वे की सर्विस रोड पकड़ कर फरार्टा मारते हुए चौबिसों घंटे वाहनों का आवागमन होता है। इस दरम्यान तेज रफ्तार के चलते आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। अब तक में दर्जनों लोग वाहनों की तेज रफ्तार के चपेट में आकर जीवन और मौत से जूझ रहे हैं। वही कई लोगों को अपनी जान तक भी गंवानी पड़ चुकी है। बरौंधा बाजार में अपनी तमाम जरूरतों को लेकर हजारों लोगों का प्रतिदिन का आवागमन होता है। बरौंधा स्थित बैंक, पुलिस चौकी, विद्यालय, अस्पताल, राजकीय बालिका इंटर कालेज और तमाम आवश्यकताओं के चलते आए दिन लोग बरौंधा माण्डा चौराहे पर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। बिगत गुरुवार को क्षेत्र के हंथियाबांध के पूर्व प्रधान अब्दुल बारी की पत्नी आयशा बानो 45 की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। जिससे स्थानीय लोगों का आक्रोश भड़क उठा। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रदेव में मिश्र उर्फ लाला मिश्रा ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर तत्काल प्रभाव से गति अवरोधक लगवाने की मांग की है। वहीं क्षेत्रीय जनता ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए चेतावनी दी है कि अगर समस्या का निराकरण अविलंब नहीं किया गया तो लोग नेशनल हाईवे पर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

# ट्रक ने मोपेड में मारी टक्कर भाभी की मौत, ननद घायल

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के टेढुआ वीर मंदिर के सामने वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर ट्रक ने मोपेड में टक्कर मार दिया जिससे भाभी की मौत मौके पर हो गई तथा ननद घायल हो गई। वहीं मोपेड चालक बाल-बाल बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नंदू राम 46 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामजीत निवासी भौरही थाना चुनार अपनी ससुराल गया हुआ था। मंगलवार को अपनी मोपेड़ पर पर अपनी पत्नी दुर्गा 42 वर्ष स्त्री नंदू राम तथा अपनी सरहज मालती 60 वर्ष स्त्री कल्लू निवासी धारा थाना जमालपुर को बैठाकर अपनी सरहज को मायके वनइलिया छोड़ने जा रहा था। वह गंगा नहर मार्ग से आकर टेढुआ वीर मंदिर के सामने वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर लगभग ज्योहि चढ़ा कि नारायणपुर की ओर से अदलहाट की ओर जा रही अज्ञात ट्रक ने मोपेड में बगल से टक्कर मार दिया जिससे दोनों महिलाएं सड़क पर गिर पड़ीं और ट्रक मालती को कुचलते हुए भागने में सफल रही। वहीं दुर्गा घायल हो गई। जिसे ट्रामा सेंटर वाराणसी भेजा गया। चालक नंदू बायें गिरने से बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया।

# टीबी रोगी का 48 घंटे के अंदर शुरू होता है इलाज : सतीश शंकर

**अभियान**

**सात बैरकों में निरुद्ध 432 बंदियों की कराई गई स्क्रीनिंग**

जनसंदेश न्यूज



जेल में कैदियों को जानकारी देते सतीश शंकर यादव

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शासन स्तर से सक्रिय टीबी रोगी खोजी अभियान के अंतर्गत जनपद में 20 फरवरी से कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

अभियान के अंतर्गत जनपद के 20% जनसंख्या को टारगेट करते हुए शहरी एवं ग्रामीण मलिन बस्ती वह हाइड्रिक्स जनसंख्या के साथ-साथ अनाथालय, वृद्धा आश्रम, नारी निकेतन, बाल संरक्षण गृह, मदरसा, नवोदय विद्यालय, कारागार, ईट भट्ठा, स्टोन क्रेशर प्लांट, खदानें सब्जी मंडी आदि को लक्ष्य करते हुए छिपे टीबी रोगी खोजने का कार्य क्षय विभाग द्वारा किया जा रहा है। मंगलवार को जिला कारागार में क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव के नेतृत्व में विभागीय टीम द्वारा जेल के सात बैरक में निरुद्ध 432 बंदियों का स्क्रीनिंग किया गया। स्क्रीनिंग के दौरान कुल पांच संदिग्ध टीबी रोगी पाए गए, जिनको तत्काल मौके पर ही बलगम जांच कराने हेतु स्पूटम कप दिया गया। वही सतीश यादव द्वारा बंदियों के बीच टीबी के समस्त लक्षणों से परिचित कराते हुए कहा गया कि पाए गए टीबी रोगी को जांचोपरांत 48 घंटे के अंदर इलाज शुरू कर दिया जाएगा। साथ ही रोगी को पोषण योजना के तहत 500 प्रतिमाह पूरे इलाज अवधि तक उसके खाते में दिया भी जाएगा। इस गंभीर बीमारी को 2025 तक भारत देश से पूर्णरूपेण समाप्त करने के लक्ष्य में सहयोगी बनें। उक्त कार्यक्रम के दौरान डिप्टी जेलर सुभाष यादव, फार्मासिस्ट श्याम नारायण बिंद, संध्या गुप्ता डीपीसी, पंकज सिंह, अवध बिहारी कुशवाहा, अंशुमान द्विवेदी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### सड़क पर लगाया गया सोलर कैटाई



**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र अन्तर्गत एक के बाद एक लगातार हो रही सड़क दुघर्टना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं दुर्घटना में मरने वाले परिवारों में मातम का माहौल छाया हुआ है। विगत दो सप्ताह के भीतर आधा दर्जन लोगों की जान सड़क दुघर्टना में जा चुकी है और दर्जनों लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है जिसके बाद क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर दुर्घटना जोन घोषित करते हुए राजगढ़ थानाध्यक्ष एवं उपजिलाधिकारी मड़िहान के अथक प्रयास से जगह जगह बने स्पीड ब्रेकर पर सोलर कैटाई लगाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। माना जा रहा है कि इससे दुर्घटना पर ब्रेक लगेगा और तेज रफ्तार से दौड़ रही गाड़ियों की गति पर भी नियंत्रण रहेगा।

### दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र का संकाय प्रमुख ने किया निरीक्षण

**मीरजापुर।** राजीव गांधी दक्षिण परिसर काशी हिंदू विश्वविद्यालय, बरकछा, में दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र स्नातक व परास्नातक के 11 कोर्स चल रहे है, जिसमें 18 शैक्षणिक और 3 गैर शैक्षणिक तथा 1000 से ऊपर छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे है। मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी विषय में राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणन हेतु पांच प्रयोगशालाएं कार्यरत है। संकाय प्रमुख प्रो. विजय बहादुर सिंह की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्य प्रो. ओंकार नाथ सिंह प्रो एम पी अहिरवार एवं समन्यवक वोकेशनल प्रोग्राम प्रो लालजी श्रावक, प्रो अशफाक अहमद, डा. अशोक सिंह, ने मंगलवार को डीडीयू कौशल केंद्र में चल रहे शैक्षणिक निरीक्षण किया। समिति के सभी सदस्यों ने क्लासरूम में जा कर सभी छात्रों से शैक्षणिक कार्यक्रम के बारे में पूछा तथा प्रयोगशालाओं में जा कर उपकरण रसायन एवं पद्धतियों के बारे में जानकारी ली। अपराह्न में केंद्रीय प्रयोगशाला में शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक तथा विद्यार्थियों के साथ संगोष्ठी की। समिति ने यह भी जानकारी दी मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी के विद्यार्थी अपने चिकित्सालय कार्यशाला अब सर सुंदरलाल व ट्रॉमा सेंटर चिकित्सा विज्ञान संस्थान में कर सकेंगे। इस जानकारी से छात्रों में अति उत्साह है जो कि उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल प्रमाणन के लिए आवश्यक था। आचार्य प्रभारी वी. के. मिश्रा के संस्तुति से अग्निशमन, प्रदूषण प्रमाणन का निरीक्षण भी अग्रसर है।

### कांग्रेसियों ने हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का किया आयोजन

**लालगंज।** विकास खंड क्षेत्र के दुबार कला में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत कांग्रेस जनों को समाज में व्याप्त नफरत उन्माद को दूर करने के लिए कांग्रेस का हाथ हर व्यक्ति के साथ जोड़ने के लिए 26 जनवरी से 26 मार्च तक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आप सब के बीच सामाजिक सौहार्द बनाए जाने के लिए देश में सामाजिक प्राणियों की संख्या घटने और राजनैतिक प्राणियों की संख्या बढ़ने से सामाजिक सौहार्द कम होता जा रहा है। इसीलिए हम कांग्रेस जन आपके बीच आए है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के राष्ट्रीय सचिव शशि भूषण दूबे कंचनीय ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी का पैगाम हर हाथ के साथ के लिए कांग्रेस कटिबद्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालगंज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिव शंकर पाण्डेय और संचालन वरिष्ठ नेता शशि भूषण दूबे कंचनीय ने किया। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल चौधरी, बाबू गुलाब सिंह, बाबू अनिल सिंह, छानने विधान सभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष डा शहाबुद्दीन, आदि लोग उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत

**मीरजापुर।** कटरा थाना क्षेत्र के नटवा हथिया फाटक निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताते चलें कि कटरा थाना क्षेत्र के नटवा हथिया फाटक निवासी 34 वर्षीय युवक रियाज की संदिग्ध परिस्थितियों में घर के बाहर पड़ा मिला। वही आनन-फानन में परिजनों ने उसे जिला मंडलीय अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई।

### नई तकनीकी से किसानों को करनी चाहिए खेती

**जिगना।** छानबे दिन मंगलवार को ग्राम पंचायत चतुरिया में शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में से कृषि से संबंधित योजनाएं जन जन तक पहुंचाने के लिए समूचे प्रदेश में कृषि वैज्ञानिकों ने ग्रामीण स्तर के किसानों को प्रशिक्षित कर नई तकनीकी से खेती करने के लिए जागृत किया। परती भूमि विकास विभाग एवम भूमि संसाधन विभाग भारत सरकार द्वारा डब्ल्यूडीसी प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2 के अंतर्गत एक दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। परती भूमि को उपजाऊ करने की तरीके बताए गए। जल संरक्षण करके सिंचाई और पीने के लिए करा सकते है। काशी हिंदू विश्व विद्यालय से भी कई योजनाएं संचालित की गई है। एसएन सिंह ने बताया कि सोखता गड्ढा नही होने पर केला का पौधा लगाएं। किसी खेत में आलू रोग ग्रस्त हो जाने पर 2 वर्ष तक उस खेत में आलू नही बोना चाहिए। ग्राम प्रधान बृजभूषण मौर्य ने कहा कि हम सबको नई तकनीकि से खेती करना चाहिए। जिससे ऊपर और पैदावार बढ़ेगी। कृषि वैज्ञानिक बीएचयू वाराणसी एस एन सिंह, प्राविधिक सहायक ग्रुप सच्चिदानंद, सचिव राकेश कुमार, कोऑपरेटिव वीर चंद्र, ग्राम प्रधान बृजभूषण मौर्या, देवेंद्र कुमार सिंह प्राविधिक सहायक, राधे कृष्णा प्राविधिक सहायक, रोहित आनंद पीएससी कल्पनाथ मौर्य अनूप कुमार पांडेय, पीएससी चंद त्रिपाठी, सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

### बीईओ के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले सहायक अध्यापक व शिक्षा मित्र

**हलिया।** बीएसए गौतम प्रसाद के निर्देश पर मंगलवार को सीखड़ विकास खंड के खंड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने विकास खंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जहां एक अध्यापक सहित तीन शिक्षा मित्र अनुपस्थित पाए गए। बीईओ ने अनुपस्थित पाए गए अध्यापक व शिक्षा मित्रों का एक दिन का वेतन रोकने की कार्रवाई करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। बीईओ ने सबसे पहले कंपोजिट विद्यालय बेदउर का निरीक्षण किया जहां शिक्षामित्र गीता देवी अनुपस्थित मिली। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय हरसड़ का औचक निरीक्षण किया जहां सहायक अध्यापक दीपक कुमार शुक्ला व शिक्षामित्र ज्ञानचंद भी अनुपस्थित पाए गए। प्राथमिक विद्यालय मगरबिला में भी शिक्षा मित्र अनुपस्थित मिली। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने कंपोजिट विद्यालय कोटार, वीरपुर, पुरवा औसान सिंह आदि विद्यालयों का निरीक्षण किया और अध्यापकों को समय से विद्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया और विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के पठन-पाठन पर विशेष रूप से ध्यान देने के लिए कहा। बीईओ सीखड़ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय बेदउर, प्राथमिक विद्यालय हरसड़ आदि का औचक निरीक्षण किया गया। विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए। सहायक अध्यापक व शिक्षा मित्रों का एक दिन वेतन रोकने की कार्रवाई करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक 24 फरवरी को

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का 24 फरवरी को समय प्रातः 11 बजे आयुक्त कार्यालय, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर में आगमन एवं बैठक कार्यक्रम प्रस्तावित है। अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधि के सन्दर्भ में अनुभाविक जाँच एवं अध्ययन के साथ निकायवार एवं अनुपातिक आरक्षण के बाबत समकालीन आख्या के लिए यदि किसी व्यक्ति, संस्था, पार्टी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना है तो वह लिखित, मौखिक आकलन आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, जिससे वास्तविक निष्कर्ष तक पहुँचा जा सके।

### अवैध तमंचा, कारतूस व नगदी समेत आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** मोटरसाइकिल की डिग्गी तोड़कर रिष्टि करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस मय नगदी बरामद किया। थाना को0शहर पर सात दिसम्बर को श्यामधर पाण्डेय पुत्र शालिग्राम पाण्डेय निवासी गोपालपुर अष्टभुजा थाना विन्ध्याचल मीरजापुर द्वारा अज्ञात के विरूद्ध अपनी मोटरसाइकिल की डिग्गी तोड़कर रिष्टि करने के सम्बंध में लिखित तहरीर दी थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना को0शहर पर धारा 461 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा घटना कारित करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी व बारामदगी के सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक को0शहर को निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक को0शहर अरविन्द कुमार मिश्रा मय पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त व चेकिंग में भ्रमणशील थे कि इस दौरान थाना को0शहर क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त की विवेचना से प्रकाश में आये आरोपी राहुल यादव पुत्र स्व0राजेश यादव निवासी नयाटोला जुराबगंज थाना कोड़ा जिला कटिहार बिहार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी उपरोक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 कारतूस सहित नगदी बरामद की गयी। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# स्पोर्ट्स

## भारतीय जूनियर टीम ने दक्षिण अफ्रीका में सभी मैच जीते

जोहांसबर्ग। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अपने अंतिम मैच में भी दक्षिण अफ्रीकी अंडर-21 टीम को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हरा दिया। इसी के ही भारतीय टीम ने अंडर-21 के अपने इस दौरे में दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ अपने सभी मैच जीत लिए हैं। अंतिम मैच में दोनो ही टीमें तय समय तक गोल नहीं कर पायीं। जिससे यह मैच अतिरिक्त समय में चला गया। इसके बाद भी फैसला नहीं होने पर शूट आउट भी मैच पहुंचा जिसमें भारतीय टीम ने 4-3 से जीत दर्ज की । दक्षिण अफ्रीका का यह दौरा आगामी अंडर-21 एशिया कप को देखते हुए अहम माना जा रहा है। यह आगामी एफआईएच महिला हॉकी जूनियर विश्व कप का क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट भी है। इसमें भारतीय टीम 24 और 25 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका ह्यए के खिलाफ दो मैच खेलेगी।

## भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ निशानेबाजी के मिश्रित वर्ग में सभी पदक जीते

**काहिरा।** भारतीय निशानेबाजों ने यहां अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ( आईएसएसएफ) विश्व कप के मिश्रित टीम एयर पिस्टल और राइफल स्पधाओं में सभी पदक जीत लिए हैं। भारत के नर्मदा नितिन और विश्व चैम्पियन रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीत के साथ ही भारतीय टीम को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। नर्मदा और रुद्राक्ष ने ओलंपिक स्पर्धा में 635.8 का शानदार स्कोर किया। भारतीय जोड़ी 60 निशानेबाजों और 38 टीमों की स्पर्धा के क्वालिफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहीं। इसके बाद स्वर्ण पदक मुकाबले में उसने हंगरी के एज्टर डेन्स और इस्तवान पेनी को 16-6 से पराजित किया।

वहीं व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले वरुण तोमर और रिदम सांगवान ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम प्रतियोगिता में जीत दर्ज की। इसी के साथ ही भारत ने दो स्वर्ण और एक कांस्य के साथ ही पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं इससे पहले सांगवान और तोमर की युवा भारतीय जोड़ी 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम प्रतियोगिता में 583 के संयुक्त स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन दौर में शीर्ष पर रही थी। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में सर्बिया के अनुभवी जोराना अरुणोविच और दामिर माइकेक की जोड़ी को हराया।



## ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की सहायता के लिए तैयार हूं : हेडन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने कहा है कि भारतीय स्पिनरों के खिलाफ परेशानी का सामना कर रहे बल्लेबाजों की सहायता के लिए वह तैयार हैं। भारत दौरे में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज आर अश्विन और रविन्द्र जडेजा का सामना करने में नाकाम रहे हैं। हेडन के अनुसार अगर उनसे कहा जाएगा तो वह बल्लेबाजों की सहायता कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों पर पहले दो टेस्ट में भारतीय स्पिनरों ने अंकुश लगा दिया जिसके कारण वे एक के बाद एक पेवेलिन लौटने लगे।

इस कारण टीम को दोनो ही मैचों में करारी हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने नागपुर और नई दिल्ली में रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के नेतृत्व में भारतीय स्पिनरों के खिलाफ अधिकतर विकेट खोये। हेडन ने कहा कि वह भारतीय स्पिनरों के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की मदद करने के लिए खुशी-खुशी आगे आने के लिए तैयार है इसके लिए वह किसी प्रकार की फीस भी नहीं चाहते हैं।

इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, ह्यह्यमुझे जब भी कुछ भी करने के लिए कहा जाता है तो मैं हमेशा किसी भी समय उसके लिए तैयार हूं। वहीं पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने भी टीम प्रबंधन से हेडन की सेवाएं लेने को कहा है। हेडन ने स्टीव वॉ के नेतृत्व में 2001 के दौरे पर 110 की औसत से रन बनाए थे और 2004 में श्रृंखला जीतने वाली एडम गिलक्रिस्ट के नेतृत्व वाली टीम का भी वह हिस्सा थे। गिलक्रिस्ट की कप्तानी वाली टीम 1969 के बाद भारत में श्रृंखला जीतने वाली एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई टीम थी। हेडन ने कहा कि वह ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ समय बिताने के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से कोई पैसा नहीं लेंगे पर चाहते हैं कि संचालन संस्था मौजूदा खिलाड़ियों को पिछली पीढ़ी के साथ जोड़े। वहीं

ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि अगर खिलाड़ी मौजूदा कोचिंग स्टाफ के साथ हेडन को जोड़ना चाहते हैं तो वह इसके लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यअगर मैथ्यू व्यक्तिगत खिलाड़ियों को फायदा पहुंचा सकता है तो मुझे भरोसा है कि वे व्यक्तिगत खिलाड़ी निश्चित रूप से उसके साथ बातचीत में शामिल होंगे।



वैलिंगटन में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में खेलती हुई खिलाड़ी।

## वार्नर बार्डर-गावस्कर सीरीज के बचे हुए दोनो टेस्ट मैचों से बाहर हुए

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर बार्डर-गावस्कर सीरीज से बाहर हो गये है। वार्नर दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गये थे। वार्नर दोनो ही मैचों में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये थे, ऐसे में उनके बाहर होने से ऑस्ट्रेलियाई टीम पर प्रभाव पड़ने की कोई संभावना नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अभी तक इस सीरीज में पहले दोनो ही मैचों में हारी है। ऐसे में वह सीरीज में 2-0 से पीछे चल रही है और अब अंतिम दोनो मैचों में किसी प्रकार सीरीज को बराबरी पर लाना चाहेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) की एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली टेस्ट में हल्के फ्रैक्चर के कारण वार्नर के ठीक होने में अभी समय लगेगा।

दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के दौरान ही चोट लगने के बाद वार्नर की जगह पर मैथ्यू रेनशॉ को उतारा गया था। इसके बाद एक्स-रे में पता चला कि वार्नर को हल्का फ्रैक्चर है। इसी को देखते हुए सीए ने कहा है कि वार्नर स्वदेश लौट जाएंगे और सीरीज में आगे नहीं खेलेंगे।

वहीं आगे की जांच के बाद, उन्हें रिहैबिलिटेशन की जरुरत होगी, इस कारण वह इस सीरीज जो टेस्ट श्रृंखला के शेष भाग में किसी भी तरह से शामिल नहीं होंगे। वहीं वार्नर के एकदिवसीय सीरीज में शामिल होने की संभावनाएं अभी भी बनी हुई हैं क्योंकि सीए ने एकदिवसीय सीरीज में उनकी अनुपलब्धता को लेकर कोई बात नहीं कही है।

## टी-20 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम

**केपटाउन।** भारतीय टीम ने वर्षा बाधित मुकाबले में आयरलैंड को हराकर टी-20 महिला विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। स्मृति मंधाना के 87 और शैफाली वर्मा के 24 रनों की सहायता से भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 155 रन बनाए थे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड ने 8.2 ओवर में दो विकेट पर 54 रन बनाये। इसके बाद बारिश के कारण खेल रुक गया। बारिश नहीं रुकने पर डीएलएस नियम के तहत भारतीय टीम को पांच रन से विजेता घोषित कर दिया गया। इस मैच में भारतीय टीम ने जीत तो हासिल कर ली पर उसके मध्यक्रम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। मंधाना और शेफाली के अलावा अन्य बल्लेबाज संघर्ष करती नजर आयीं। इन दोनो के अलावा केवल जेमिमा रॉड्रिग्स ही 12 गेंदों पर तीन चौकों के साथ 19 रन बना पायीं।

भारत की शुरूआत धीमी रही। सलामी बल्लेबाज शेफाली को भी रनों के लिए जूझना पड़ा, पर मंधाना ने




आक्रामक बल्लेबाजी कर रन बनाना जारी रखा। शेफाली ने 29 गेंदों पर 3 चौके लगाकर 24 रन बनाए। आयरलैंड के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी कोई अवसर नहीं दिया। हरमनप्रीत 20 गेंद खेलकर केवल 13 रन ही बना पायी। इसी बीच मंधाना ने तेजी से बल्लेबाजी करते हुए हरमनप्रीत के साथ दूसरे विकेट के लिये 52 रन जोड़े। मंधाना को 46 रन के स्कोर पर एक जीवनदान भी मिला जब कैरा मरे की गेंद पर मिडविकेट पर खड़े फील्डर ने उनका कैच छोड़ दिया।

मंधाना ने इसका पूरा-पूरा लाभ उठाते हुए 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर अपने पचास रन पूरे किये। ऋचा घोष खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गयीं। मंधाना ने हालांकि एक छोर से रन बनाते हुए अंतिम 5 ओवरों में 50 रन जोड़। मंधाना के आउट होने के बाद जेमिमा ने कमान संभाली।

## वॉर्नर ने परिवार के साथ तस्वीरें साझा कीं

**नई दिल्ली।** भारत दौरे के पहले दोनो ही टेस्ट मैचों में रन बनाने में विफल रहे ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर खाली समय में अपने परिवार के साथ घूम रहे हैं। इसी के तहत ही वह हुमायूं का मकबरा देखने पहुंचे। वॉर्नर ने अपने इंस्टाग्राम अकाऊंट पर पूरे परिवार के साथ एक तस्वीर भी साझा की है। इसे क्रिकेट प्रशंसकों ने काफी पसंद किया है। वॉर्नर दिल्ली में हुए दूसरे टेस्ट के दौरान चोटिल भी हो गये थे इस कारण उनकी जगह मैट रेनशॉ को मैदान में उतारना पड़ा। वार्नर के अब सीरीज में खेलने की संभावनाएं समाप्त हो गयी हैं।

दूसरे टेस्ट में वार्नर को बल्लेबाजी के दौरान भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की एक गेंद कोहनी पर लगी थी। वहीं बाद में प्राथमिक रिपोर्ट में पता चला है कि वॉर्नर को इससे उभरने में समय लग सकता है।


## रमीज ने भारतीय टीम के साथ ही जडेजा और अक्षर के प्रदर्शन को सराहा

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भी भारतीय टीम की शानदार जीत पर उसकी जमकर प्रशंसा की है। रमीज ने दोनो ही मैचों में शानदार प्रदर्शन के लिए ऑलराउंडर अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा की विशेष रुप से सराहना की है। अक्षर ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में दबाव के बीच भी 74 रन बनाकर भारतीय टीम को संभाला था जबकि जडेजा ने मैच में कुल 10 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को ढ़हा दिया था।

रमीज ने कहा, अक्षर की पहली पारी निर्णायक पारी थी। उन्होंने मैच के ऐसे समय में अश्विन के साथ एक अहम साझेदारी की, जब ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत को कम स्कोर पर आउट कर बड़ी बढ़त लेने का प्रयास कर रही थी। इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई टीम मानसिक रुप से मजबूत नहीं दिखी। उनकी बल्लेबाजी में स्पष्ट रूप से कई तकनीकी खामियां दिखीं। स्पिनरों को खेलने के लिए उनके बल्लेबाजों को कई सुधार करने होंगे। उनके बल्लेबाजी ने कई गलत शॉट भी बल्लेबाजी में लगाये थे।

उन्होंने साथ ही कहा, ऑस्ट्रेलिया पर्थ या ब्रिस्बेन में उप-महाद्वीप की टीमों के साथ जिस प्रकार से पेश आता है। वैसा ही भारतीय टीम ने अपनी धरती पर उसके साथ किया है।

इससे पता चलता है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम की तैयारी सही नहीं थी। क्योंकि भारतीय टीम को उसी की धरती पर हराना आसान नहीं है। भारत में यह स्पिन के खिलाफ एक सामान्य प्रदर्शन था। उन्होंने एक ही सत्र में 9 विकेट गंवाए। जडेजा ने मैच में असाधारण गेंदबाजी की। रमीज पाक क्रिकेट बोर्ड पीसीबी के अध्यक्ष भी रहे हैं पर टी20 विश्वकप में टीम की हार के बाद उन्हें हटा दिया गया था।




न्यूयार्क में मार्क स्कीफेलो एक गोल न्यूयार्क रेंजर्स के खिलाफ दागते हुए।

## क्रिकेटर पृथ्वी से बदसलूकी मामले में सपना सहित तीन आरोपियों को मिली जमानत

**मुम्बई।** सेल्फी को लेकर क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के साथ बदसलूकी के मामले में आरोपी सपना गिल सहित तीन लोगों को जमानत मिल गयी है। इनपर पृथ्वी से धक्का मुक्की के साथ ही उनकी कार पर बेसबॉल के बल्ले से हमला के भी आरोप हैं। इससे पहले दिन में अदालत ने सपना, उसके दोस्त शोभित ठाकुर, रूद्र सोलंकी और साहिल सिंह सिंह को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। इसके बाद आरोपियों द्वारा जमानत याचिका दायर करने और संक्षिप्त दलीलें सुनने के बाद मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट सी.पी. काशिद ने इन सभी को जमानत दे दी। इस मामले में गिरफ्तारियां पिछले सप्ताह हुई थीं।

इस मामले में वकील काशिफ अली खान ने कहा था कि सपना के खिलाफ दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) पूरी तरह से गलत है। वहीं सरकारी वकील आतिया शेख ने जमानत अर्जी का विरोध किया और कहा कि मामले की जांच अभी पूरी नहीं हुई है। अभियोजक, आतिया शेख ने



तर्क दिया कि आरोपी ने बदला लेने के इरादे से ही पृथ्वी की कार का पीछा किया था क्योंकि उसने उनके साथ एक सेल्फी लेने से इंकार कर दिया था। साथ ही कहा कि आरोपी संभावित रूप से 23 वर्षीय क्रिकेटर को नुकसान पहुंचा सकते थे।

### सपना ने छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की

वहीं सपना ने पृथ्वी और उनके दोस्तों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करते हुए मुंबई पुलिस को शिकायत दी है। अंधेरी के एयरपोर्ट थाने में सपन के वकील काशिफ अली खान के जरिये दायर शिकायत में पृथ्वी और उनके दोस्त आशीष यादव और अन्य के खिलाफ कथित छेड़छाड़ और लज्जा भंग करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। सपना की शिकायत के अनुसार वह और उनके दोस्त शोभित ठाकुर नियमित रूप से क्लब में आते जाते हैं, जहां ठाकुर ने शॉ को देखा, जो दोस्तों के साथ पार्टी कर रहे थे और से नशे में थे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि क्रिकेट प्रशंसक होने के नाते ठाकुर सेल्फी के लिए शॉ के पास गए जिनके साथ मारपीट की गयी तब सपना उसे बचाने के लिए गयी थी। इस दौरान उसके साथ ही छेड़छाड़ की गयी।

## अल्कराज ने नॉरी को हराकर अर्जेंटीना ओपन जीता

**ब्यूनस आयर्स।** स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद शानदार वापसी करते हुए अर्जेंटीना ओपन जीता है। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कराज ने सत्र की शुरूआत में ही ब्रिटेन के कैमरुन नॉरी को 6-3, 7-5 से हराकर अपना सातवां एटीपी टूर खिताब जीता है। अल्कराज ने मैच के बाद कहा, मैं फाइनल खेलने के दौरान काफी सहज था क्योंकि मुझे पहले से ही पता था कि यह कठिन मुकाबला होने वाला था। मैंने इस बात पर ध्यान केंद्रित करना शुरू कर दिया था कि मुझे शुरूआत में ही क्या करना है। अल्कराज ने जीत के साथ ही एक अहम उपलब्धि भी अपने नाम की है। साल 2015 में राफेल नडाल के बाद ही ब्यूनस आयर्स ट्रॉफी जीतने वाले वह स्पेन के पहले खिलाड़ी हैं। वह एटीपी टूर पर गुस्तावो कुर्टेन के साथ सर्वोच्च रैंक वाले खिलाड़ी भी बने हैं। अल्कराज ने साल की शुरूआत सबसे कम उम्र के विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी के रूप में की थी पर हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण वह ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गये थे। जिसके कारण वह शीर्ष स्थान से फिसल गए।

## रोहित, युवराज मिलते तो मुझे किसी की जरुरत नहीं रहती : गंभीर

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा है कि केकेआर टीम में अगर उनके दो खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए कहा जाये तो वह रोहित शर्मा और युवराज सिंह का चयन करेंगे। उन्होंने कहा कि इन दोनो के रहते मुझे किसी और की जरुरत नहीं रहेगी। साथ ही कहा कि मैं यह नहीं कह रहा हूं कि हमारे पास एक परफेक्ट टीम होगी, लेकिन हम दो से ज्यादा खिताब जीत चुके होते (अगर हमारे पास ये दो खिलाड़ी होते)। उन्होंने कहा, रोहित और मैं पारी की शुरूआत करेंगे, रॉबिन उथप्पा 3, सूर्यकुमार यादव 4, युवराज 5, यूसुफ पठान 6 और आंद्रे रसेल 7 पर खेलेंगे। आप सोच सकते हैं कि वह क्या टीम होती। हमने युवराज को पाने के लिए अपनी पूरी कोशिश की थी पर ऐसा नहीं हो सका। रोहित ने मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हुए अपनी टीम को पांच खिताब जिताये थे। गंभीर आईपीएल फ्रेंचाइजी केकेआर के कप्तान थे। सात साल तक कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए खेलने वाले गंभीर ने 2012 और 2014 में दो खिताबों में टीम की कप्तानी की थी। उनका कहना है कि तब वह विरोधी टीम के तौर पर जिस बल्लेबाज से परेशान रहे वह रोहित ही थे।

## अश्विन, पुजारा और अय्यर बन सकते हैं उपकप्तान

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल को खराब फार्म के कारण टीम की उपकप्तानी से हटा दिया गया है। ऐसे में अगले दो टेस्ट मैच के लिए कप्तानी को लेकर तीन नाम सामने आये है। इसमें सबसे आगे हैं अनुभवी स्पिनर आर अश्विन जबकि दूसरे नंबर पर हैं बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और श्रेयस अय्यर। अश्विन : स्पिन ऑलराउंडर अश्विन सबसे बेहतर क्रिकेट दिमाग वाले खिलाड़ी माने जाते हैं। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट का भी उन्हें अच्छा खासा अनुभव है। उनके नाम टेस्ट में 450 से ज्यादा विकेट के साथ ही 5 शतक भी हैं। उनके पास आईपीएल में कप्तानी करने का भी अच्छा अनुभव है। अश्विन पिछले 13 साल से अंतराष्ट्रीय क्रिकेट भी खेल रहे हैं। इसी वजह से उन्हें यह जिम्मेदारी मिल सकती है। पुजारा : अनुभवी बल्लेबाज पुजारा को टेस्ट विशेषज्ञ माना जाता है। पिछले साल बांग्लादेश दौरे पर जब नियमित कप्तान रोहित शर्मा चोट के कारण टेस्ट नहीं खेल पाए थे तब राहुल ने ही कप्तानी की थी। उस समय पुजारा उपकप्तान थे। 100 टेस्ट खेल चुके पुजारा ने हालांकि अभी तक टीम इंडिया की कप्तानी नहीं की है पर उन्हें अहम अवसरों पर उपकप्तानी का अनुभव है। इस कारण उन्हें यह जिम्मेदारी मिल सकती है। अय्यर : युवा श्रेयस अय्यर का भी उपकप्तानी का दावा मजबूत हैं क्योंकि अय्यर के पास घरेलू मैचों में मुंबई के लिए कप्तानी करने के साथ ही आईपीएल में कप्तानी करने का भी अनुभव है। उन्होंने इंडिया ए की भी कप्तानी की है। वह तीनों ही प्रारुपों में खेलते हैं और उन्हें भविष्य का कप्तान बनाया जा सकता है।

## विनेश और बजरंग सहित शीर्ष पहलवान दूसरे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से भी हटे

**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया सहित शीर्ष सात भारतीय पहलवान दूसरी रैंकिंग वाले इब्राहिम-मुस्तफा टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे। यह एक माह में दूसरी बार है जब विनेश, बजरंग, रवि दहिया, दीपक पूनिया, अंशु मलिक, संगीता फोगाट और संगीता मोर ने अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से बाहर रहने का फैसला किया है। यह टूर्नामेंट मिस्र के एलेक्सांद्रिया में 23 से 26 फरवरी तक खेला जाएगा। इन पहलवानों ने इससे पहले तैयारी नहीं होने की बात कहकर जागरेब ओपन से भी नाम वापस ले लिया था।

वहीं भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) का कामकाज देख रही निगरानी समिति की प्रमुख एम सी मेरीकोम ने इस टूर्नामेंट के लिए 27 भारतीय पहलवानों के दल को मंजूरी दी है। गौरतलब है कि यह प्रतियोगिता सीनियर एशियाई चैंपियनशिप 2023 और सीनियर विश्व चैंपियनशिप 2023 में बेहतर वरीयता के लिए रैंकिंग अंक हासिल करने के लिए अहम रहेगी। भारतीय टीम में 9 फ्रीस्टाइल पहलवान, आठ महिला पहलवान और 10 ग्रीको रोमन पहलवानों को जगह मिली है। इसके अलावा 16 कोच और सहयोगी स्टाफ भी टीम का हिस्सा हैं।

टीम में जगह पाने वाले 27 पहलवानों में से तीन टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) में शामिल अंशु (67 किग्रा, ग्रीको रोमन), भटेरी (65 किग्रा, महिला) और सुजीत (65 किग्रा, फ्रीस्टाइल) हैं। मेरीकोम ने बयान में कहा, ह्यहम यह तय करना चाहते हैं कि खेल और खिलाड़ियों को नुकसान नहीं हो और अधिक से अधिक पहलवानों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिले जिससे कि उन्हें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा का मौका मिले। अब तक विश्व चैंपियनशिप के नौ मौजूदा और पूर्व स्वर्ण पदक विजेताओं ने दूसरी रैंकिंग सीरीज के लिए पंजीकरण कराया है।



दोहा में एटीपी कतर ओपन टेनिस में खेलते हुए स्पेन के फनाडी वरडेस्को।

# लाहौर के एलयूएमएस विश्वविद्यालय में मनाया गया बॉलीवुड डे

**लाहौर।** लाहौर के एलयूएमएस विश्वविद्यालय में सीनियर बैच के छात्रों ने फेयरवेल पार्टी में बॉलीवुड डे मनाया गया। इस लेकर इंटरनेट पर एक नई बहस छिड़ गई है। वहां की स्थानीय मीडिया में इसकी जानकारी दी गई है। बॉलीवुड डे को लेकर पाकिस्तान दो धड़ों में बंट गया। एक तरफ इसतरह के लोग, जिन्होंने इवेंट का समर्थन किया, वहीं दूसरे रूढ़िवादी लोग, जो इसका विरोध कर रहे है। मूल रूप से टिकटॉक पर पोस्ट किए गए वीडियो ने ट्विटर पर एक अलग जंग छेड़ दी है, जिससे बहस शुरू हो गई।

इवेंट के दौरान मोहब्बतें के राज मल्होत्रा से लेकर अजय देवगन के आइकॉनिक इंस्पेक्टर बाजीराव सिंघम और स्टूडेंट ऑफ द ईयर शनाया सिंघानिया तक, सभी छात्र किसी न किसी किरदार में दिखाई दिए । ट्विटर

### सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

यूजर ने कहा, एक राष्ट्र दशकों से बॉलीवुड फिल्मों का दीवाना है, जहां हर शादी में मुख्य रूप से बॉलीवुड गाने होते हैं, एलयूएमएस द्वारा बॉलीवुड दिवस मनाने पर अचानक आक्रोशित हो जाता है।

एलयूएमएस का बॉलीवुड डे होना कोई समस्या नहीं है, बल्कि यह एक समस्या का लक्षण है। हमें इस पर चिंतन करना चाहिए कि हम अपने मनोरंजन के लिए भारत की ओर क्यों देखते हैं। हमारे अपने फिल्म उद्योग में क्या कमी है? कुछ यूजर्स ने तर्क दिया कि उन्हें कोसने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि छात्र केवल एन्जॉय कर रहे हैं। ए ट्विटर यूजर ने कटाक्ष में कहा, बेवजह राय, एलयूएमएस में बॉलीवुड डे मनाना गलत कैसे है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के यूक्रेन दौरे से तीसरे विश्व युद्ध की अशंका

**मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन यूक्रेन के दौरे पर रहे और यूक्रेन ने कहा कि रूस ने अपनी परमाणु सेना को पूरी तरह से अलर्ट पर रखा हुआ है। बाइडेन के अचानक से यूक्रेन दौरे के बाद पुतिन के भाषण पर दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं। वहीं यूक्रेन ने कहा है कि रूस ने अपनी परमाणु सेना को पूरी तरह से अलर्ट पर रखा हुआ है। यूक्रेन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन पश्चिमी देशों को ब्लैकमेल करना चाहते हैं और इसी वजह से वह परमाणु ताकत का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने चेतावनी दी है कि अगर चीन रूस के साथ जाता है तो दुनिया में तीसरा विश्वयुद्ध छिड़ जाएगा।

यूक्रेन की खुफिया एजेंसी ने रूस पर आरोप लगाया है कि उसने व्यापक स्तर पर परमाणु अभ्यास शुरू किया है और अपने सेंट्रल कमांड सिस्टम मोनोलिथ को सक्रिय कर दिया है। यूक्रेन के जासूसी ने सूचना दी है कि रूस ने अपने परमाणु सेना का अभ्यास शुरू किया है। इसमें परमाणु प्रतिरोधक क्षमता के सभी

### यूक्रेन ने कहा- रूस की परमाणु सेना सर्वोच्च अलर्ट पर

अंगों सबमरीन, मिसाइल और फाइटर जेट शामिल हैं। परमाणु सेना को कथित रूप से उनके सर्वोच्च युद्धक अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि पुतिन परमाणु ब्लैकमेल का इस्तेमाल कर रहे हैं, ताकि पश्चिमी देश यूक्रेन का समर्थन करना बंद कर दें।

वहीं यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने 50 करोड़ डॉलर के सैन-?य पैकेज का ऐलान किया है। यूक्रेन युद्ध गत 24 फरवरी को शुरू हुआ था।

सुपरपावर कहे जाने वाले रूस को युद्ध में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। अब रूस परमाणु अभ-?यास करके अपनी ताकत दुनिया को दिखाना चाहता है। दावा किया जा रहा है कि रूस की एक परमाणु सबमरीन मिसाइल फायर करने का अभ-?यास भी कर सकती है। रूस के परमाणु बॉम-?बर और शीर्ष कमांडरों को भी तामबोव एयर बेस पर तैनात कर दिया गया है, जो यूक्रेन से 300 मील की दूरी पर है। इससे पहले बाइडेन सोमवार को औचक दौरे पर कीव पहुंचे, जहां उन्होंने यूक्रेन के अपने समकक्ष व्लादिमर जेलेंस्की से मुलाकात की।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जो बाइडेन पौलेंड के राष्ट्रपति आंद्रेजेज डूडा से मिलने के लिए गए थे। इसके बाद वह अचानक यूक्रेन पहुंच गए। सोमवार को पहले ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि यूक्रेन की राजधानी में एक महत्वपूर्ण अतिथि का आगमन हुआ है, जिसकी यूक्रेनी राजनीतिज्ञ लेसिया वासिलेंको ने बाद में पुष्टि की कि यह बाइडेन थे।

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सोमवार को यूक्रेन के औचक दौरे के दौरान आधा अरब डॉलर की अतिरिक्त सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पैकेज में अधिक सैन्य उपकरण शामिल होंगे, जिसमें तोपखाने गोला-बारूद और होवित्जर शामिल हैं।



कीव में यूक्रेनी राष्ट्रपति व्लोदिमिर जेलेंस्की से मिले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन।

## पुतिन की बाइडेन को ललकार...

# जंग के मैदान में रूस को हराना नामुमकिन

**मास्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने वार्षिक संबोधन में पश्चिमी देशों पर यूक्रेन में युद्ध शुरू करने का आरोप लगाकर कहा कि रूस ने इस रोकने के लिए बल का इस्तेमाल किया। साथ ही उन्होंने दावा किया कि जंग के मैदान में रूस को हराना नामुमकिन है।

राष्ट्रपति पुतिन ने कहा कि रूस बातचीत करने और पश्चिम के साथ कूटनीति के रास्ते पर चलने के विचार के लिए खुला था और सुरक्षा की समान व्यवस्था के लिए खुला रहा है। इस दौरान उन्होंने नाटो के विस्तार का जिक्र करते हुए दावा किया कि मास्को को ह्यबेईमान जवाब मिले। पुतिन ने अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बनाकर पश्चिमी देशों पर स्थानीय संघर्ष को वैश्विक संघर्ष में बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया। पुतिन ने कहा, ह्यहम उचित तरीके से प्रतिक्रिया देने वाले हैं। हम अपने देश के अस्तित्व के बारे बात कर रहे हैं।

यूक्रेन को साल से सैन्य सहायता देने वाले देश का नाम लिए बिना पुतिन ने अमेरिका को भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा, ह्ययूक्रेन को जितनी ज्यादा लंबी दूरी के हथियार भेजे जाते हैं, हमें खतरे को अपने से उतनी ही ज्यादा दूर धकेलना होगा। कदम दर कदम, हम सावधानीपूर्वक और व्यवस्थित रूप से उन लक्ष्यों को हासिल करने वाले हैं, जो हमारे सामने हैं।

पुतिन ने रूस के खिलाफ पश्चिमी देशों की साजिश का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश ह्यरूस को खत्म करनाह्ण चाहते हैं। पुतिन ने कहा, पश्चिमी अभिजात वर्ग रूस को रणनीतिक रूप से हराने के अपने लक्ष्य को नहीं छिपा रहे हैं। इसका मतलब हम सबको एक ही बार में हमेशा के लिए मिटाना है। उन्होंने कहा कि रूस को दंडित करने के मकसद से लगाए गए प्रतिबंधों का उल्टा असर हुआ है और जिन देशों ने प्रतिबंधों की घोषणा की थी, वे अपने ही नागरिकों को परेशान कर रहे हैं और अपने दर्द के लिए रूस पर दोष मढ़ रहे हैं।

पुतिन ने अमेरिका सहित उसके सहयोगी देशों का नाम लिया बिना कहा कि उन्होंने अपने ही देशों में कीमतें बढ़ाईं, कारखानों को बंद करने, ऊर्जा क्षेत्र को ढहने की ओर ले गए और वे अब अपने नागरिकों को बता रहे हैं कि यह रूसियों का दोष है। पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देशों ने रूस के प्रति आर्थिक आक्रामकता दिखाई है। उन्होंने कहा, ह्यइनमें से किसी भी क्षेत्र में उन्हें सफलता नहीं मिली है। प्रतिबंधों को शुरू करने वाले खुद को सजा दे रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि यूक्रेनी नागरिक ह्यअपने पश्चिमी आकाओं के बंधक बन गए हैं और उन लोगों ने राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य दृष्टि से देश पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के नेतृत्व वाला शासन राष्ट्रीय हित की नहीं, बल्कि विदेशी शक्तियों के हितों की सेवा कर रहा है।

# तुर्की और सीरिया से भी भयावक भूंकप आ सकता हैं उत्तराखंड क्षेत्र में

**नई दिल्ली।** तुर्की और सीरिया में 6 फरवरी को आए भूकंप ने भारी तबाही मचाई है। अब भारत में भी इससे भयंकर भूकंप आने की आशंका है। यह भूकंप उत्तराखंड क्षेत्र में आने की आशंका जाहिर है। इस लेकर राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान में भूकंप विज्ञान के मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एन पूर्णचंद्र राव ने चेतावनी दी है। उन्होंने चेतावनी देकर कहा है कि तुर्की से भी बड़े भूकंप का खतरा उत्तराखंड पर मंडरा रहा है।

राव ने जोर देकर कहा है कि विनाश कई कारकों पर निर्भर करेगा जो एक भौगोलिक क्षेत्र से दूसरे भौगोलिक क्षेत्र में भिन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि हमने उत्तराखंड पर केंद्रित हिमालयी क्षेत्र में लगभग 80 भूकंपीय स्टेशन स्थापित किए हैं। हम इसकी रियल टाइम निगरानी कर रहे हैं। हमारा डेटा दिखाता है कि तनाव काफी समय से जमा हो रहा है। उन्होंने बताया कि हमारे पास क्षेत्र में जीपीएस नेटवर्क हैं। जीपीएस पॉइंट हिल रहे हैं, जो सतह के नीचे होने वाले परिवर्तनों का संकेत दे रहे हैं। पृथ्वी के साथ क्या हो रहा है, यह निर्धारित

### डेटा बता रहा है कि तनाव काफी दिनों से जमा हो रहा

करने के लिए वेरियोमैट्रिक जीपीएस डाटा प्रोसेसिंग विश्वसनीय तरीकों में से एक है।

राव ने साफ किया कि हम सटीक समय और तारीख की भविष्यवाणी नहीं कर सकते लेकिन उत्तराखंड में कभी भी भारी भूकंप आ सकता है। भारत के इस शीर्ष वैज्ञानिक की टिप्पणी बद्रीनाथ और केदारनाथ जैसे तीर्थ स्थलों के प्रवेश द्वारा जोशीमठ में भू-धंसाव के बारे में बात करते हुए आई है। मालूम हो कि चार धाम यात्रा अगले दो महीने में शुरू होगी। इस दौरान लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उत्तराखंड के पहाड़ों पर जुटती है। 8 और उससे अधिक तीव्रता का भूकंप काफी विनाशकारी होता है। तुर्की में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 7.8 मापी गई थी। जहां हजारों इमारतें जमींदोज हो गई और मरने वालों की संख्या 46 हजार के पार चली गई।

# कुशवाहा के बाद कांग्रेस भी दे सकती है नीतीश को झटका

**नई दिल्ली।** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में अभी एक साल से ज्यादा समय बचा है। विपक्षी दलों ने अभी से विपक्षी एकता को मजबूत करने की कोशिशें तेज कर दी हैं। एक ओर जहां बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जल्द से जल्द एकता पर फैसला लेने की अपील की जा रही हैं। वहीं, खबर है कि कांग्रेस चुनाव के बाद गठबंधन पर विचार कर रही है। हालांकि, कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर अभी कुछ नहीं कहा है, लेकिन पार्टी 2009 के फॉमूर्ले पर गठबंधन के मूड में दिख रही है।

कांग्रेस का मानना है कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता तैयार करना कठिन काम है। उसका मानना है कि भाजपा विरोधी होने का दावा कर रही पार्टियों के एक वर्ग को चुनाव के बाद साथ लाया जा सकता है। एक गढ़ में एक से ज्यादा दलों के वर्चस्व ने कुछ पार्टियों को आपस में प्रतिद्वंदी बना दिया है। ऐसे में चुनाव से पहले राज्यों में गठजोड़ बनाना काफी चुनौतीपूर्ण होगा।

ऐसे में कांग्रेस के रणनीतिकार 2009 मॉडल की मदद लेने की सोच रहे हैं। जहां पार्टी विपक्ष के नेतृत्व वाली प्रगतिशील सरकार को ध्यान में रखते हुए राज्य विशेष गठबंधन की तैयारी करती है। खास बात है कि 2004 में कांग्रेस की रणनीति चुनाव से पहले गठबंधन

### चुनाव के बाद ही करेगी गठबंधन पर विचार

की थी, जिसकी मदद से अटल बिहारी वाजपेयी की नेतृत्व वाले एनडीए को पीछे छोड़ दिया गया था।

एक कांग्रेस नेता बताते हैं केरल में सीपीएम और कांग्रेस लड़ेंगे, तेलंगाना में कांग्रेस, बीआरएस के साथ नहीं जा सकती, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, सीपीएम के साथ नहीं जा सकती। ये परेशानियां बनी रहेंगी। ऐसे में चुनाव से पहले हमारी महत्वकांक्षाओं को इस सच्चाई के हिसाब से तैयार किया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया राज्यवार गठबंधन की मदद से राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा की संख्या कम करने की कोशिश की जा सकती है।

उन्होंने इसके लिए झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा, तमिलनाडु में द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम, महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शिवसेना, केरल में यूडीएफ, बिहार में जेडीयू-आरजेडी के साथ का हवाला दिया। कांग्रेस के एक नेता का कहना है कि पार्टी से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि तेलंगाना में सीएम के चंद्रशेखर राव के साथ जुड़कर अपनी पहचान सरेंडर कर दे। हालांकि, यहां भी एक विकल्प यह हो सकता है कि कांग्रेस उन राज्यों में सीटें छोड़ दे, जहां वह मजबूत नहीं है।



त्रिपोली में कीमतों पर नियंत्रण की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए लोग।



ओहियो में एक संयंत्र में धमाके और आग लगने के बाद मलबे के पास नजर आ रहे दमकलकर्मी।

# मार्च में पीएम मोदी आएंगे गुजरात अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया पीएम के साथ देखेंगे मैच

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी मार्च महीने में गुजरात आएंगे और अपने इस दौरे के दौरान अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होनेले चौथे और अंतिम टेस्ट मैच देखेंगे 9 से 13 मार्च के दौरान दोनों देशों के बीच होनेवाली इस मैच में पीएम मोदी के साथ ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एन्थनी अल्बेनिज मौजूद रहेंगे गौरतलब है भारत जी-20 समिट 2023 का यजमान है और इसके अंतर्गत गुजरात में महत्वपूर्ण 16 इवेंट का आयोजन किया गया है समिट में भाग लेने ऑस्ट्रेलियन पीएम एन्थनी अल्बेनिज भी भारत आनेवाले हैं इसी दौरान भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बोर्डर-गावस्कर ट्रोफी की चौथी और अंतिम मैच का आयोजन अहमदाबाद के मोटेरा स्थित नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में



किया गया है यह मैच 9 से 13 मार्च के दौरान होनी है, जिसे भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एन्थनी अल्बेनिज साथ बैठकर देखेंगे ऐसा पहली बार होगा जब पीएम मोदी अपने नाम के यानी नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट मैच देखेंगे दुनिया के सबसे बड़े नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होनेवाले बोर्डर-गावस्कर ट्रोफी की इस मैच का भारत और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री गवाह बनेंगे।

# झारखंड में हाथी का कहर, पिछले तीन दिनों में 11 लोगों की कुचल कर मौत

**रांची।** झारखंड में हाथी लगातार कहर बरपा रहे हैं। इसी कड़ी में रांची के इटकी प्रखंड में झुंड से बिछड़े दो हाथियों ने चार लोगों को कुचलकर मार डाला। इसके पहले लोहरदगा में भी एक हाथी ने पांच लोगों की जान ले ली थी। पिछले तीन दिनों में पूरे राज्य में हाथियों के हमले में ग्यारह लोग मारे गए हैं। बताया गया कि जंगल की ओर से आए एक हाथी ने मंगलवार को 55 वर्षीय किसान सुखबीर को कुचल डाला। यहां के ग्रामीणों ने एकजुट होकर हाथी को यहां से खदेड़ा, तब वह पास स्थित गढ़गांव पहुंचा और वहां भी एक-एक कर 52 वर्षीय पुनई उरांव, गोविंदा उरांव और राखवा देवी को कुचल डाला।

बताया जा रहा है कि हमलावर हाथी अभी गढ़गांव में ही मौजूद है। इस बीच वन विभाग और प्रशासन के अफसरों की टीम प्रभावित गांव में पहुंची है। हाथी को गांव से छह-सात किलोमीटर दूर जंगल की ओर भेजने की कोशिश हो रही है। गांव में लोगों की भारी भीड़ जमा है।

प्रशासन की ओर से लोगों से घरों में रहने की अपील की जा रही है। फरवरी महीने में हाथियों ने हजारीबाग शहर और आसपास के इलाकों में तीन, लोहरदगा में पांच, लातेहार में एक और जामताड़ा में एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला है।

वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूटीआई) ने साल 2017 में रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें बताया गया था कि झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और दक्षिण पश्चिम बंगाल का 21 हजार वर्ग किलोमीटर इलाका हाथियों का आवास है। मानव-हाथी संघर्ष के चलते देशभर में जितने लोगों की जान जाती है, उसमें 45 फीसदी इसी इलाके से हैं।

## फडणवीस का बड़ा आरोप

# एमवीए नेताओं ने पूर्व राज्यपाल कोश्यारी को धमकी भर पत्र लिखा था

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने उन्हें बताया था कि महाविकास आघाड़ी (एमवीए) के नेताओं ने विधानपरिषद में सदस्यों को मनोनीत करने को लेकर उन्हें (कोश्यारी को) धमकी भरा एक पत्र लिखा था। राज्य में ठाकरे नीत एमवीए सरकार रहने के दौरान राज्यपाल कोटा के तहत विधानपरिषद में 12 सदस्यों को मनोनीत करने की सिफारिश को रोक कर रखने के अपने रुख का कोश्यारी द्वारा बचाव करने के एक दिन बाद फडणवीस की यह टिप्पणी आई है।

कोश्यारी ने कहा था कि एमवीए के नेताओं ने विधानपरिषद में सदस्यों को मनोनीत करने को लेकर उन्हें धमकाने की कोशिश की थी। फडणवीस ने कहा, ह्यह्यमेरी जानकारी के अनुसार, एमवीए के नेताओं ने राजभवन का दौरा किया और (तत्कालीन) राज्यपाल कोश्यारी से मुलाकात की थी। फडणवीस ने कहा कि राज्यपाल ने मुझे बताया कि एमवीए नेताओं ने धमकी भरे लहजे में एक पत्र लिखा था। उन्होंने (कोश्यारी ने) उनसे एक नया पत्र सौंपने को कहा था, लेकिन अपने अहम के कारण उन्होंने ऐसा करने से मना कर दिया।

विधानपरिषद में राज्यपाल कोटे के तहत सदस्यों के मनोनयन को लेकर कोश्यारी और एमवीए सरकार के बीच तकरार देखने को मिला था। कोश्यारी ने हाल में महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था।



ताइपे में ताइवान के राष्ट्रपति तसाई इंग वेन से मुलाकात करते हुए चीन मामलों की समिति के अमेरिकी प्रतिनिधि आरओ खन्ना।

## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुंबई। मुंबई शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही निवेशकों के सतर्क रुख से बिकवाली हावी होने के कारण बाजार में यह गिरावट आई है। आज कारोबार के दौरान दिन भर उतार-चढाव भी रहा। सुबह बाजार की तेज शुरूआत हुई पर बाद में सेंसेक?स और निफ्टी में गिरावट आने लगी। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक?स 19 अंकों की गिरावट के साथ ही 60,672.72 के स्तर पर बंद हुआ जबकि पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 18 अंक फिसलकर 17,826.70 के लेवल पर बंद हुआ है। निफ्टी पर आईटी, पीएसयू और रिय?ल्टी इंडेक?स के शेयरों में 1 से 1.5 फीसदी तक गिरावट रही। वहीं कई शेयरों में बिकवाली आई है। सेंसक?स के 30 में से 17 शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए हैं। वहीं लाभ वाले शेयरों में एनटीपीसी, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, आदि हैं जबकि नुकसान वाले शेयरों में सन फार्मा, टाटा मोटर्स, विप्रो और टीसीएस आदि रहे। आज के कारोबार में आडानी इंटरप्राइजेस में 2 फीसदी से ?ज्यादा गिरावट आई है और यह 1570 रुपये तक आज कमजोर हुआ। वहीं अडानी गैस में 5 फीसदी गिरावट रही। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया और चीन लाभ के साथ ही हरे निशान में समाप्त हुए, जबकि हांगकांग और जापान में गिरावट रही। यूरोपीय शेयर बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

## रतन टाटा की एयरलाइन कंपनी दे रही सस्ते हवाई सफर का मौका

नई दिल्ली। हवाई यात्रा करने वालों के लिए अच्छी खबर है। देश का सबसे बड़ा औद्योगिक घराना टाटा ग्रुप उन्हें सस्ते में हवाई यात्रा का मौका दे रहा है। ग्रुप की एयरलाइन कंपनी एयरएशिया इंडिया ने स्टार्ट ऑफ समर सेल शुरू की है। इसके तहत कंपनी मुंबई-चेन्नई जैसे रूट्स पर सस्ता टिकट दे रही है। यह टिकट मात्र 1,400 रुपये से शुरू हो रहा है। इस ऑफर का फायदा 24 फरवरी तक उठाया जा सकता है और यह 12 मार्च से 30 सितंबर, 2023 तक की यात्रा के लिए है। एयरलाइन के समर सेल से उन लोगों का फायदा मिलेगा जो गर्मियों में घूमने जाने की योजना बना रहे हैं। एयरएशिया इंडिया देश के बड़े शहरों से कोच्चि, श्रीनगर और गोवा के लिए डायरेक्ट फ्लाइट्स ऑपरेट करती है। साथ ही कंपनी गुवाहाटी और इंफाल के लिए भी फ्लाइट्स संचालित करती है। एयरएशिया इंडिया देश के 19 शहरों के लिए 50 डायरेक्ट और 100 कनेक्टिंग फ्लाइट्स ऑपरेट करती है। कंपनी ने हाल ही में सूरत से उड़ानें शुरू करने की घोषणा की हैं। तीन मार्च, 2023 से बेंगलुरु, दिल्ली और कोलकाता के लिए डायरेक्ट फ्लाइट शुरू की जाएगी।

## अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल बिकने को तैयार, 40,000 करोड़ रुपये का कर्ज

मुंबई। भारी कर्ज में डूबे उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल बिकने जा रही है। नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने रिलायंस कैपिटल के ऋणदाताओं की याचिका पर सुनवाई पूरी कर अपना आदेश सुरक्षित रखा। याचिका में कर्ज में डूबी इस फर्म के लिए दूसरे दौर की फाइनेंशियल बिडिंग का अनुरोध किया गया है। कंपनी इनदिनों इनसॉल्वेंसी प्रोसिडिंग प्रोसेस से गुजर रही है। रिलायंस कैपिटल में करीब 20 फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां हैं। इसमें सिक्योरिटीज ब्रोकिंग, इंश्योरेंस और एक एआरसी शामिल है। आरबीआई ने भारी कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को 30 नवंबर 2021 को भंग कर दिया था और इसके खिलाफ इनसॉल्वेंसी प्रोसिडिंग शुरू की थी। पिछले राउंड में टॉरेंट इन्वेस्टमेंट ने इसके लिए 8,640 करोड़ रुपये की सबसे बड़ी बोली लगाई थी।

**एनसीएलएटी ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा**

टॉरेंट इन्वेस्टमेंट की ओर से सीनियर वकील मुकुल रोहतगी ने अपनी दलीलें पूरी कर कहा कि इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) के तहत अधिकतम मूल्य हासिल करने का इरादा रहता है, लेकिन साथ ही संपत्ति के रिवाइवल पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। रोहतगी ने तर्क दिया कि आईबीसी एक लोन रिकवरी प्लेटफॉर्म नहीं है और ऋणदाताओं की समिति को उनकी व्यक्तिगत वसूली से परे देखना चाहिए। दूसरी ओर लेंडर्स की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा था कि आईबीसी का मकसद संपत्ति के मूल्य को अधिकतम करना है और सीओसी शर्तों पर बातचीत करने के लिए स्वतंत्र है।

एनसीएलएटी रिलायंस कैपिटल को कर्ज देने वाली एक कंपनी विस्ट्रा आईटीसीएल (भारत) की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा है। रिलायंस कैपिटल को कर्ज देने वाले बैंकों ने एनसीएलटी के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें दिवालिया फर्म की आगे की नीलामी को रोक दिया गया है। एनसीएलटी की मुंबई पीठ ने दो फरवरी को कहा था कि वित्तीय बोलियों के लिए चुनौती व्यवस्था 21 दिसंबर, 2022 को खत्म हो गई है, जिसमें 8,640 करोड़ रुपये की सबसे ऊंची बोली टॉरेंट इन्वेस्टमेंट्स की थी। रिलायंस कैपिटल पर करीब 40,000 करोड़ रुपये का कर्ज है।

## टाटा मोटर्स और उबर के बीच 25000 ईवी कार की डील

मुंबई। टाटा मोटर्स ने कहा कि वह उबर को 25,000 एक्सप्रेस-टी इलेक्ट्रिक वाहनों की आपूर्ति करेगी। एक संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों कंपनियों के बीच हुए एमओयू के अनुसार उबर अपनी प्रीमियम श्रेणी की सेवा में इलेक्ट्रिक सेडान का इस्तेमाल करेगी। कंपनियों ने सौदे का वित्तीय ब्यौरा नहीं दिया। इन इलेक्ट्रिक गाड़ियों को दिल्ली-एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु और अहमदाबाद में उतारा जाएगा। मुंबई स्थित ऑटो विनिर्माता इस महीने से चरणबद्ध तरीके से उबर फ्लीट साझेदारों को कारों की आपूर्ति शुरू करेगी। एक्सप्रेस-टी की दिल्ली में शोरूम कीमत 13.04 लाख रुपए से शुरू है। एक्सप्रेस-टी की 315 किमी रेंज वाली गाड़ी की कीमत 14.98 लाख रुपए है और इसके लिए 2.6 लाख रुपए की फेम सब्सिडी मिलती है। टाटा मोटर्स के यात्री वाहन और टाटा यात्री इलेक्ट्रिक गतिशीलता के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने एक बयान में कहा कि देश में टिकाऊ गतिशीलता बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता के तहत हम भारत के प्रमुख सवारी साझा करने वाले मंच उबर के साथ साझेदारी करके खुश हैं।

उन्होंने कहा कि इस पहल से ग्राहकों को उबर की प्रीमियम श्रेणी की सेवा के जरिए पर्यावरण के अनुकूल ईवी सवारी का अनुभव मिलेगा। उबर के अध्यक्ष प्रभजीत सिंह का कहना है ?कि कंपनी भारत में टिकाऊ, साझा गतिशीलता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और टाटा मोटर्स के साथ यह साझेदारी इस यात्रा में एक प्रमुख कदम है।

## ऋणदाताओं की समिति को बातचीत का अधिकारः रिलायंस कैपिटल

नई दिल्ली। रिलायंस कैपिटल के ऋणदाताओं ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) को बताया कि दबाव वाली संपत्ति के ऊंचे मूल्यांकन के लिए मोलभाव को लेकर ऋणदाताओं की समिति (सीओसी) मे अधिकारों में कोई कमी नहीं की गई है। लेनदारों की ओर से अदालत में अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) का उद्देश्य परिसंपत्ति की कीमत को अधिकतम करना है और सीओसी नियमों के साथ वार्ता करने के लिए स्वतंत्र है। रिलायंस कैपिटल के ऋणदाताओं ने दिवाला कंपनी की नीलामी पर रोक लगाने के राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के आदेश को एनसीएलएटी में चुनौती दी थी।

## ईपीएफओ ने दिसंबर में जोड़े 14.93 लाख नए सदस्य

मुंबई। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने दिसंबर, 2022 में 14.93 लाख नए सदस्य जोड़े हैं। एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में यह दो प्रतिशत अधिक है। श्रम मंत्रालय ने यह जानकारी दी। ईपीएफओ के शुरूआती पेरोल आंकड़े हाल ही में जारी किए गए। इन आंकड़ों से पता चलता है कि दिसंबर, 2022 में सदस्यों की संख्या में 14.93 लाख का इजाफा हुआ है। मंत्रालय ने कहा कि यदि पिछले साल के समान महीने से तुलना की जाए, तो दिसंबर, 2022 में इससे पिछले साल के समान महीने की तुलना में सदस्यों की संख्या 32,635 अधिक बढ़ी है। श्रम मंत्रालय ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के पेरोल आंकड़े भी जारी किए हैं।

इनसे पता चलता है कि दिसंबर, 2022 में ईएसआईसी के साथ 18.03 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। सालाना आधार पर तुलना करने पर पता चलता है कि दिसंबर, 2022 में दिसंबर, 2021 की तुलना में ईएसआई योजना में अंशदान देने वाले कर्मचारियों की संख्या 14.52 लाख अधिक रही है। ईपीएफओ द्वारा दिसंबर, 2022 में जोड़े गए 14.93 लाख नए सदस्यों में से 8.02 लाख पहली बार इस सामाजिक सुरक्षा के तहत आए हैं। नए जुड़े सदस्यों में सबसे अधिक 2.39 लाख 18 से 21 साल के आयु वर्ग के हैं। 22 से 25 साल के आयु वर्ग में 2.08 लाख नए सदस्य जोड़े गए। कुल नए सदस्यों में से 55.64 प्रतिशत 18 से 25 साल आयु वर्ग के हैं।

## ट्विटर ने फिर निकाले सेल्स और मार्केटिंग टीम से कर्मचारी

नई दिल्ली। पहले ही लगभग आधे कर्मचारियों को नौकरी से निकाल चुकी ट्विटर ने एक बार फिर छंटनी का ऐलान किया है। इस बार सेल?स और मार्केटिंग टीम के कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है। हालांकि कंपनी ने यह नहीं बताया है कि कितने कर्मचारियों को निकाला है। सेल्स और मार्केटिंग टीम में करीब 800 कर्मचारी काम करते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह छंटनी ऐसे समय में की है जब हाल ही में कंपनी ने भारत के मुंबई और नई दिल्ली के अपने ऑफिसों को ताला लगा दिया है और कर्मचारियों को घर से काम करने को कहा है। पिछले साल अक्टूबर 2022 में एलन मस्क ने 4400 करोड़ डॉलर में ट्विटर को खरीद लिया था। इसके बाद कंपनी में बड़े स्तर पर बदलाव हुआ है। ट्विटर का मालिक बनने के कुछ ही हफ्तों में ही मस्क ने 7500 कर्मचारियों में से करीब आधे कर्मियों यानी 3500 कर्मचारियों को बाहर कर दिया था। इसमें से भारत से करीब 200 कर्मचा?रियों की छंटनी हुई जो भारतीय वर्कफोर्स का करीब 90 फीसदी था। एलन मस्क ने जब से ट्विटर को अपने नियंत्रण में लिया है, तब से ट्विटर सैन फ्रैंसिस्को स्थित मुख्यालय और लंदन के ऑफिसों का किराया नहीं चुका पा रही है। नवंबर 2022 में मस्क ने कहा था कि विज्ञापन नहीं मिलने के चलते ट्विटर के राजस्व में भारी गिरावट आई थी। ट्विटर का राजस्व दिसंबर 2022 तिमाही में सालाना आधार पर 35 फीसदी गिरकर 102.5 करोड़ डॉलर पर आ गया था।

## यूपीआई के साथ जुड़ा पे नाउ, पीएम मोदी ने लांच की क्रॉसबॉर्डर कनेक्टिविटी सर्विस

नई दिल्ली। भारत का डिजिटल पेमेंट सिस्टम यूपीआई अब सिंगापुर के पे नाउ से जुड़ गया है। दोनों देशों के बीच क्रॉस बॉर्डर फिनटेक कनेक्टिविटी सर्विस को पीएम नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली सियन लूंग के साथ लांच किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, आज यूपीआई भारत में सबसे पसंदीदा भुगतान प्रणाली बन गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और सिंगापुर के ह्यपे नाउह्न को आपस में जोड़ना भारत-सिंगापुर के संबंधों के लिए एक नया मील का पत्थर है।

इस सर्विस को लांच कर पीएम मोदी ने कहा कि यूपीआई- पे नाउ लिंकेज दोनों देशों के नागरिकों के लिए तोहफा है, जिसका उन्हें काफी दिनों से इंतजार था। मैं इसके लिए भारत और सिंगापुर दोनों देशों को बधाई देता हूं। अनेक विशेषज्ञों का ऐसा अनुमान है कि डिजिटल वॉलेट से होने वाला लेनदेन जल्द ही नकद लेनदेन को पीछे छोड़ देगा।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास और सिंगापुर मौद्रिक प्राधिकरण के प्रबंध निदेशक रवि मेनन ने इस सुविधा को शुरू किया। पीएम मोदी ने कहा, आज हुई इस शुरूआत ने ह्यक्रॉस बॉर्डर फिनटेक कनेक्टिविटीह्न के एक नए अध्याय का शुभारंभ किया है। आज के बाद सिंगापुर और भारत के लोग अपने मोबाइल फोन से उसी प्रकार पैसे का हस्तांतरण कर पाएंगे जैसे वे अपने-अपने देशों में करते हैं।

उन्होंने कहा कि सुविधा से प्रवासी भारतीयों, छात्रों, पेशेवरों और उनके परिवारों को विशेष रूप से लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 में यूपीआई के जरिए 12,6,000 अरब रुपए से अधिक के 74 अरब लेनदेन हुए हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्ययूपीआई के जरिए इतनी अधिक संख्या में होने वाला लेनदेन यह दिखाता है कि स्वदेशी स्तर पर तैयार यह भुगतान प्रणाली बहुत सुरक्षित है।

## रिलायंस समूह के टोनी जेसुदासन का निधन

नई दिल्ली। अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह के संकटमोचन टोनी जेसुदासन का सोमवार को 71 साल की उम्र में निधन हो गया। एंथोनी (टोनी) जेसुदासन, प्रसिद्ध और हाई-प्रोफाइल कॉर्पोरेट संचार और कॉर्पोरेट मामलों के पेशेवर, दिल की बीमारियों से पीड़ित थे और गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। इस महीने की शुरूआत में भोपाल से उड़ान भरते ही उन्हें दिल का दौरा पड़ा। आगमन पर, उन्हें फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया, और एंजियोप्लास्टी की गई। बाद में टीजे के नाम से मशहूर जेसुदासन को मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां सोमवार को उनका निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी पारुल शर्मा और बेटी प्रीतिका हैं। जेसुदासन को मंगलवार दोपहर 2.30 बजे बरार स्क्वायर श्मशान घाट, दिल्ली छावनी में अंतिम विदाई दी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक टोनी जेसुदासन की अंतिम यात्रा में अनिल अंबानी और उनकी पत्नी टीना अंबानी के शामिल होने की उम्मीद है। एफएमएस दिल्ली से एमबीए, जेसुदासन ने अमेरिकी दूतावास में भी काम किया, उसी दौरान उन्हें धीरूभाई अंबानी ने 1990 में रिलायंस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। धीरूभाई अंबानी की मृत्यु के बाद, टीजे 2006 में रिलायंस साम्राज्य के विभाजन के बाद से अनिल अंबानी के साथ मिलकर काम कर रहे थे। अपने तीन दशक से अधिक के पेशेवर करियर में, जेसुदासन ने मीडिया, व्यापार, नौकरशाही और राजनीति में संबंधों को बनाए रखने के लिए बेहतर आचरण और कौशल विकसित किया।

## शिक्षा में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से शैक्षणिक परिणाम में सुधारः बायजू

गुरुग्राम। कंपनी बायजू की सह-संस्थापक दिव्या गोकुलनाथ ने कहा कि शिक्षा में प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से शैक्षणिक परिणाम बेहतर हो रहे हैं। शिक्षा प्रौद्योगिकी क्षेत्र खासतौर से कोरोना के बाद तेजी से बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी और कर्तव्य है कि जब हम एक संगठन के रूप में अच्छा करते हैं, तब व्यापार से आगे बढ़कर काम करते हैं। हम समाज के लिए अच्छा करते हैं। शिक्षा एक ऐसा क्षेत्र है, जहां आप वित्तीय लाभ के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व को भी निभाते हैं। मुझे नहीं लगता कि किसी दूसरे क्षेत्र में ऐसा किया जा सकता है। बायजू के बारे में उन्होंने कहा कि कंपनी के पास करीब 75 लाख भुगतान करने वाले ग्राहक हैं। इसके अलावा देश के दूरदराज के इलाकों से आने वाले अन्य 55 लाख छात्र हैं, जिन्हें मुफ्त ऑनलाइन शिक्षा दे रहे है। बायजू के 25 प्रतिशत छात्र भारत के बाहर हैं।

## सोना सस्ता, चांदी में भी गिरावट

नई दिल्ली। सोना और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं। हालांकि मंगलवार को सोने और चांदी के भाव में गिरावट आई है। मंगलवार को देश में 22 कैरेट 10 ग्राम सोने का भाव 52,100 रुपए है, जो बीते दिन 52,200 रुपए था। यानी सोना 100 रुपए सस्ता हुआ है। वहीं 24 कैरेट सोने की कीमत 56,830 रुपए प्रति 10 ग्राम है, जो बीते दिन 56,950 रुपए थी, यानी आज 120 रुपए की कमी आई है। वहीं लखनऊ में 22 कैरेट सोना प्रति 10 ग्राम 52,250 रुपए है। बीते दिन यह कीमत 52,350 रुपए थी। 24 कैरेट सोने प्रति 10 ग्राम 57,000 रुपए है। बीते दिन यह कीमत 57,100 रुपए थी। गौरतलब है ?कि उपरोक्त सोने की दरें सांकेतिक हैं और इसमें जीएसटी, टीसीएस और अन्य शुल्क शामिल नहीं हैं। वहीं चांदी में भी गिरावट आई है। लखनऊ में एक किलो चांदी 68,500 रुपए है, जो बीते दिन 68,600 रुपए थी।

## गुजरात सरकार ने 9,852 करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए

अहमदाबाद। गुजरात सरकार ने सोमवार को आत्मनिर्भर गुजरात उद्योगों को सहायता की योजनाह्न मुहिम के तहत 9,852 करोड़ रुपए के 18 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। राज्य में नए निवेश को बढ़ावा देने के लिए पिछले साल इस योजना की घोषणा की गई थी। इन 18 समझौतों के माध्यम से विभिन्न फर्मों ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में 9,852 करोड़ रुपए का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई, जिससे 10,851 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इन एमओयू पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। विज्ञप्ति के अनुसार राज्य सरकार के साथ करार करने वालों में रसायन और कृषि रसायन उत्पादन, फार्मस्युटिकल्स, उपकरण और इलेक्ट्रिक रिक्शा से संबंधित कंपनियां हैं।

## घरेलू शेयरों में एफपीआई का निवेश 11 प्रतिशत घटा

मुंबई। घरेलू शेयरों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का निवेश मूल्य दिसंबर, 2022 के अंत में घटकर 584 अरब डॉलर रह गया, जो सालाना आधार पर 11 प्रतिशत कम है। रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी गई। यह गिरावट काफी हद तक भारतीय शेयरों से कम प्रतिफल और घरेलू शेयर बाजार से विदेशी धन की निकासी के कारण है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय शेयरों में एफपीआई निवेश का मूल्य दिसंबर, 2021 के अंत में 654 अरब डॉलर की तुलना में घटकर दिसंबर, 2022 तक 584 अरब डॉलर रह गया। एफपीआई निवेश का मूल्य तिमाही आधार पर सितंबर, 2022 के मुकाबले तीन प्रतिशत बढ़ा। यह लगातार दूसरी तिमाही भी थी, जब घरेलू शेयर बाजार में एफपीआई का निवेश मूल्य बढ़ा। ऐसे में भारतीय इक्विटी के बाजार पूंजीकरण में एफपीआई का योगदान सितंबर, 2022 तिमाही के 16.97 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर, 2022 तिमाही में 17.12 प्रतिशत हो गया।

## राजस्थान और महाराष्ट्र में पेट्रोल-डीजल महंगा

**ब्रेंट क्रूड का भाव 83.85 डॉलर प्रति बैरल**

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटे के दौरान उछाल दिख रहा है और ब्रेंट क्रूड का भाव एक बार फिर 84 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया है। मंगलवार को सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल की ताजा कीमतों में भी बदलाव दिख रहा है। राजस्थान और महाराष्ट्र के कई शहरों में तेल के दाम बढ़ाए गए हैं। हालांकि, दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेट्रोल 13 पैसे महंगा होकर 108.54 रुपए लीटर बिक रहा है, जबकि डीजल 49 पैसे चढ़कर 93.85 रुपए लीटर हो गया है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद जिले में पेट्रोल के भाव 83 पैसे चढ़े और 106.96 रुपए लीटर पहुंच गया, जबकि डीजल 1.78 रुपए महंगा होकर 95.94 रुपए लीटर हो गया है। कच्चे तेल में बीते 24 घंटे में तेजी दिखी है। ब्रेंट क्रूड का भाव चढ़कर 83.85 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी बढ़त के साथ 77.12 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, जयपुर में पेट्रोल 108.54 रुपए और डीजल 93.85 रुपए प्रति लीटर हो गया है। औरंगाबाद में पेट्रोल 106.96 रुपए और डीजल 95.94 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

## गेहूं की फसल पर तापमान में वृद्धि का प्रभाव देखने समिति का गठन

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने गेहूं की फसल पर तापमान में वृद्धि के प्रभाव की निगरानी के लिए एक समिति का गठन किया है। यह कदम राष्ट्रीय फसल पूवार्नुमान केंद्र (एनसीएफसी) के अनुमान के बीच आया है कि मध्यप्रदेश को छोड़कर प्रमुख गेहूं उत्पादक क्षेत्रों में अधिकतम तापमान फरवरी के पहले सप्ताह के दौरान पिछले सात वर्षों के औसत से अधिक था। इतना ही नहीं मौसम विभाग ने भी अगले दो दिन में गुजरात, जम्मू, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान जताया है।

कृषि सचिव मनोज आहूजा ने बताया कि गेहूं की फसल पर तापमान में वृद्धि से पैदा होने वाली स्थितियों की निगरानी के लिए समिति का गठन किया है। उन्होंने कहा कि समिति सूक्ष्म सिंचाई को अपनाने के लिए किसानों को परामर्श जारी करेगी। उन्होंने कहा कि कृषि आयुक्त की अध्यक्षता वाली समिति में करनाल स्थित गेहूं अनुसंधान संस्थान के सदस्य और प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों के प्रतिनिधि भी शामिल रहने वाले हैं।

हालांकि, सचिव ने कहा कि जल्दी बोई जाने वाली किस्मों पर तापमान में वृद्धि का असर नहीं होगा और यहां तक कि गर्मी प्रतिरोधी किस्मों को भी इस बार बड़े क्षेत्रों में बोया गया है। फसल वर्ष 2022-23 (जुलाई-जून) में गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 11.21 करोड़ टन रहने का अनुमान है।

कुछ राज्यों में लू की स्थिति के कारण पिछले वर्ष गेहूं का उत्पादन मामूली रूप से घटकर 10 करोड़ 77.4 लाख टन रह गया था। गेहूं एक प्रमुख रबी फसल है, जिसकी कटाई कुछ राज्यों में शुरू हो गई है।

## शिक्षा प्रौद्योगिकी नेक्स्टवेव ने वित्तपोषण दौर में जुटाए 3.3 करोड़ डॉलर

नई दिल्ली। शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी नेक्स्टवेव ने निजी इक्विटी कंपनी ग्रेटर पेसिफिक कैपिटल के नेतृत्व में हाल में आयोजित हुए वित्तपोषण दौर में उसने 3.3 करोड़ डॉलर (करीब 272 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इसमें नेक्स्टवेव की मौजूदा वेंचर निवेशक ओरिओस वेंचर पार्टनर्स भी शामिल हुई। कंपनी की योजना इस कोष का इस्तेमाल घरेलू और विदेशी बाजारों में उत्पादन और बिक्री बढ़ाने के साथ-साथ अधिग्रहण के लिए करने की है। नेक्स्टवेव के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी राहुल अतुलुरी ने कहा ?कि हमारी यात्रा में ग्रेटर पेसिफिक कैपिटल के रूप में नया साझेदार पाने की हमें खुशी है। भारत को प्रौद्योगिकियों का केंद्र बनाने की शुरूआत युवाओ को कुशल बनाने के साथ होगी। हम भारत के युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली, रोजगारपरक शिक्षा देंगे और उन्हें भविष्य के रोजगारों के लिए तैयार करेंगे। कंपनी ने दावा किया कि नेक्स्टवेव से मार्गदर्शन पाने वाले युवाओं को बीते कुछ वर्षों में 1,250 ये अधिक कंपनियों ने भर्ती किया है।

## एक्मे और जापान की आईएचआई कॉरपोरेशन के बीच करार

नई दिल्ली। स्वच्छ ऊर्जा कंपनी एक्मे समूह और जापान की भारी उद्योग क्षेत्र की विनिर्माण कंपनी आईएचआई कॉरपोरेशन ने हरित हाइड्रोजन क्षेत्र में कारोबारी संभावनाओं की तलाश की खातिर करार किया है। एक बयान में कहा गया कि इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य संभावित परियोजनाओं का मिलकर अध्ययन तथा आकलन करना और हरित हाइड्रोजन तथा अमोनिया मूल्य श्रृंखला में उत्पादन, साज-संभाल, परिवहन, वितरण और ऊर्जा उत्पादन समेत अन्य क्षेत्रों में सहयोग के अवसर तलाश करना है। इसमें बताया गया कि इस करार के जरिए आईएचआई ओमान, भारत, अमेरिका और मिस्र में एक्मे की एक या अधिक परियोजनाओं में निवेशक के तौर पर शामिल हो सकेगी।

## तेजी से बढ़ रही इलेक्ट्रिक बाइक और स्कूटर की डिमांड

**- खरीदें ये इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल, नहीं रहेगा पेट्रोल का टेंशनं**

नई दिल्ली। भारतीय बाजार में वाहन निमार्ता कंपनियां धांसू मोटरसाइकिलें लॉन्च कर रही हैं। भारत में इस समय तेजी से बढ़ती जा रही है। आज हम मार्केट में मौजूद दमदार इलेक्ट्रिक बाइक्स की लिस्ट लेकर आए हैं। भारतीय बाजार में रेवॉल्ट आरवी 400 मोटरसाइकिल की शुरूआती कीमत 1.25 लाख रुपये हैं। इसमें 3.24 केडब्ल्यूएच की लिथियम ऑयन बैटरी पैक दी गई है। इसे 3 घंटे के अंदर ही 75 प्रतिशत तक चार्च किया जा सकता है। इस बाइक की अधिकतम स्पीड 85 केएमपीएचहै। इसके रेंज की बात करें तो ये लगभग 150 केएम की रेंज प्रदान करता है। टॉर्क कारटोस बाइक में 48वी के सिस्टम वोल्टेज के साथ आईपी 67-रेटेड 4 केडब्ल्यूएच लिथियम-आयन बैटरी पैक मिलता है। वहीं , इसके आईडीसी रेंज की बात करें तो 180 किमी है। इस मोटरसाइकिल की टॉप स्पीड 100 किमी प्रति घंटे की है। टॉर्क कारटोस की शुरूआती कीमत मात्र 1.22 लाख रुपये है। ये 4 किलो वाट की बैटरी बैटरी पैक के साथ आती है जिसे एक बार फुल चार्ज करके 180 किलोमीटर तक चलाया जा सकता हैं। 4 से 5 घंटे में यह बैटरी फुल चार्ज हो जाती है।

इसकी टॉप स्पीड 105 केएमपीएच है। अल्ट्रावायलेट एफ 77 बाइक का नाम अधिक रेंज प्रदान करने वाली इलेक्ट्रिक बाइक की लिस्ट में शामिल है। इसकी शुरूआती कीमत 3.80 लाख रुपये है। अल्ट्रावायलेट एफ77 प्रीमियम एडिशन की कीमत 5.50 लाख रुपये है। यह 10.3 किलोवाट बैटरी पैक के साथ आती है। इसे एक बार फुल चार्ज करने में लगभग 307 किलोमीटर तक चलाया जा सकता है। इसकी टॉप स्पीड 152 केएमपीएच है। कोमाकी रेंजी मोटरसाइकिल को आप एक बार फुल चार्ज करके लगभग 200 किलोमीटर तक चला सकते हैं।

भारतीय बाजार में इसकी शुरूआती कीमत 1.68 लाख रुपये है। वाहन निमार्ता कंपनी ने इसे कई आधुनिक फीचर्स से लैस किया है।अगर आप बाइक खरीदते समय बजट 1 लाख रुपये से कम का है तो आप ओबेन रॉर मोटरसाइकिल को खरीद सकते हैं। भारतीय बाजार में इसकी कीमत 1.03लाख रुपये है। इसमें 4.4 किलोवाट के बैटरी पैक का इस्तेमाल किया जाता है। लगभग 4 घंटे में इसे आप फुल चार्ज कर सकते हैं। इसकी टॉप स्पीड 100 केएमपीएच है।

## ई-स्कूटर एम्पीयर प्राइमस लॉन्च

**-5 सेकेंड में पकडता है 40 किमी की रफ्तार**

नई दिल्ली। अपने नए ई स्कूटर एम्पीयर प्राइमस को ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने लॉन्च कर दिया है। ये हाई स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर है। कंपनी का दावा है कि स्कूटर में 4 किलोवॉट की मोटर दी गई है जो इसे 5 सेकेंड में 40 किमी प्रति घंटा की रफ्तार तक ले जाती है। वहीं इसकी टॉप स्पीड की बात की जाए तो ये 77 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक जा सकता है। इस स्कूटर की सीधी टक्कर बाजार में ओला, एथर और बजाज से होने जा रही है। स्कूटर को खास बनाने के लिए कंपनी ने इसमें चार ड्राइविंग मोड्स भी दिए हैं। आप इसमें ईको, सिटी, पावर और रिवर्स मोड को एंजॉय कर सकते हैं।स्कूटर की कीमत को भी काफी कंपीटीटिव रखा गया है। जानकारी के अनुसार एम्पीयर प्राइमस की एक्स शोरूम प्राइस 109900 रुपये रखी गई है। वहीं कंपनी ने दावा किया है कि ये एक्कुअल रनिंग कंडीशंस में सिंगल चार्ज पर 100 किमी तक की रेंज देगा। ये रेंज पावर मोड में मिलेगी और यदि कोई ईको मोड में स्कूटर को रन करता है तो ये बढ़ भी सकती है। वहीं स्कूटर में एप कनेक्टिव?टी, ब्लूटूथ, नेविगेशन जैसे कमाल के फीचर्स के साथ ही वन टच रिवर्स मोड भी है। स्कूटर में टेलिस्कोपिक फ्रंट फोर्क, रियर स्प्रिंग फोर्क, ड्रम ब्रेक्स, एप्रन माउंटेड टर्न इंडिकेटर्स, स्टेप अप सीट और सिंगल पीस ग्रैब्रिल भी इसको अलग पहचान देते हैं। स्कूटर चार कलर ऑप्?शंस में अवेलेबल है। इसमें मैट फिनिश के साथ ही डुअल टोन का ऑप्?शन भी है। आप हिमालयन वाइट, रॉयल ऑरेंज, हैवलॉक ब्लू और बक ब्लैक में से अपनी पसंद को चुन सकते हैं। माना जा रहा है कि ये ओला एस 1, बजाज चेतक, एथर और टीवीएस आई क्यूब जैसे मौजूद इलेक्ट्रिक स्कूटर्स के साथ ही हीरो के विदा को भी भारी टक्कर देगा।

## फरवरी में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या बढ़कर 420000 पहुंची

नई दिल्ली। भारत में हवाई सफर करने वाले यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। फरवरी 2023 में इसमें रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। फरवरी में औसत प्र?तिदिन घरेलू हवाई या?त्रियों की संख्या दिसंबर 2022 के 410000 के मुकाबले बढ़कर 420000 हो गई है। यानी फरवरी में हर दिन 10 हजार लोगों ने हवाई सफर किया है।नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि रविवार को घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या लगभग 4.45 लाख रही जो अभी तक का एक और कीर्तिमान है। मंत्री ने बताया कि कोविड से पहले, घरेलू यात्रियों की दैनिक औसत संख्या 3,98,579 थी। सिंधिया ने एक ट्वीट में कहा ?कि घरेलू हवाई यात्रियों की आवाजाही ने कोविड के बाद एक नया उच्च स्तर हासिल किया। घरेलू विमानन कंपनियों ने रविवार को 4,44,845 लोगों को यात्रा कराई। दरअसल जनवरी-फ?वरी में देश में फ्लाइट से सफर करने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है, इसके पीछे कुछ कारक है। देश में हो रहे कॉरपोरेट मीटिंग, जी20 सम्मेलन, एरो इंडिया जैसे समिट के कारण एविएशन सेक्टर को बूस्ट मिला है। ऑनलाइन ट्रैवल साइटों से बुकिंग में 20 फीसदी की बढ़ोतरी हुई हैष वहीं शादियों के सीजन के कारण फरवरी में यात्रा करने वाले या?त्रियों की संख्या बढ़ी है।

# पुरानी पेंशन बहाल नहीं तो होगा रेल का चक्का जाम : सीपी सिंह

**मांग**

पीएफआरडीए काला कानून संसद में रद्द हो

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर केंद्रीय व राज्य कर्मियों का जौनपुर जंक्शन पर संयुक्त धरना

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मंगलवार को जौनपुर जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन के आह्वान पर नार्दन रेलवे मेंस यूनियन जौनपुर शाखा एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आम सभा/धरने का आयोजन किया गया। धरने की अध्यक्षता कॉमरेड सीपी सिंह शाखा मंत्री नार्दन रेलवे मेंस यूनियन तथा संचालन डॉ. प्रदीप सिंह अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया।

अध्यक्षता करते हुए सीपी सिंह ने कहा कि भारत सरकार यदि कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली पर शीघ्र कोई निर्णय नहीं लेती है तो देश के समस्त रेलवे कर्मचारी केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर 1968 एवं 1974 की रेल हड़ताल की पुनरावृति करने पर मजबूर होंगे जिससे भारत की आर्थिक जीवन रेखा कही जाने वाली रेलों के चक्के पूरे देश में जाम होंगे जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी। धरने का संचालन कर रहे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली हेतु उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश के कर्मचारी एवं शिक्षक एकबद्ध होकर दृढ़ निश्चय के साथ संकल्पित हैं। पेंशन कल्याणकारी राज्य की अवधारणा मे हमारा मूल संवैधानिक अधिकार है, जिसके लिए संघर्ष करना कहीं से भी असंवैधानिक नहीं है। छः राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हो चुकी है ऐसे में भारत सरकार को पीएफआरडीए का काला कानून रद्द करते हुए तत्काल कर्मचारी शिक्षक हित में पुरानी पेंशन बहाल करनी चाहिए। धरना सभा में नार्दन रेलवे मेंस यूनियन से आरके श्रीवास्तव, अरविंद कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार, विद्या देवी, अनिल कुमार मिश्रा तथा राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से देवेश कुमार यादव, राकेश कुमार श्रीवास्तव, सीबी सिंह, इं राजकुमार गुप्ता, डॉ. फूलचंद कनौजिया आदि विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।



जौनपुर जंक्शन पर प्रदर्शन करते केंद्रीय व राज्य कर्मचारी

## खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 24 को

**जौनपुर।** क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ.प्र. लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जूनियर बालक/बालिका एथलेटिक्स एवं जूनियर बालक हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में 24 फरवरी को कराया जा रहा है। एथलेटिक्स बालक/बालिका जूनियर वर्ग में 100 मी., 200 मी., 400 मी., 800 मी., 1500 मी., 3000 मी., लांग जम्प, शाटपुट, डिसकस तथा जैवलिन थ्रो इवेन्ट आयोजित किये जायेंगे। एथलेटिक्स के खिलाड़ी अपनी इन्ट्री इन्दिरा गांधी स्टेडियम में कृष्ण कुमार यादव, पूर्व चौम्पियन एथलीट तथा हैण्डबाल में कुल 8 टीमों की इन्ट्री कन्हैया सिंह यादव, अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर ली जायेगी तथा दोनो खेलों की इन्ट्री 23 फरवरी को अपरान्ह 5 बजे तक ली जायेगी। सभी खिलाड़ी अपने साथ अपना आधार कार्ड एवं अपना खाता सं. के लिए पासबुक की छायाप्रतियां अवश्य लेकर आयेंगे क्योकि पुरस्कार की राशि सम्बन्धित खिलाड़ी के खाते में ही उपलब्ध कराया जायेगा।

# बॉयोटेक्नोलॉजी की मदद से पकड़े जा सकते हैं अपराधी : एनबी सिंह

**व्याख्यान माला**

मशरूम उत्पादन से किसान हो सकते हैं समृद्धः एनपी सिंह

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय संकाय भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में व्याख्यान माला के अंतर्गत विज्ञान विषय के विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए।

मैरीलैंड विश्वविद्यालय यूएसए के रसायन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर एनबी सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में जैव प्रौद्योगिकी का बड़े पैमाने पर प्रयोग हो रहा है। सैनिकों के सुरक्षा कवच ऐसे तैयार किए जा रहे हैं कि वह उपकरणों के द्वारा न चिन्हित किए जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसी तकनीक का विकास हो गया है जिससे मिसाइल को गंतव्य स्थल जाने से फ्रीक्वेंसी के माध्यम से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि चेहरे पर किसी प्रकार के परिवर्तन पर अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों को बायो टेक्नोलॉजी की मदद से पकड़ा जा रहा है।

इसी क्रम में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर एमपी सिंह ने मशरूम उत्पादन के संबंध में विद्यार्थियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों को मशरूम उत्पादन की जानकारी देकर आर्थिक समृद्ध किया जा सकता है इसका उत्पादन बहुत ही सरल तरीके से होता है। उन्होंने विविध प्रकार के मशरूम के बारे में भी बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर मनीष कुमार गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर राजेश शर्मा ने किया। विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रोफेसर रामनारायण ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. एसपी तिवारी, डॉक्टर विवेक पांडे, रिसीव श्रीवास्तव, इशानी नाहिदा, मधुमिता, रोशन समेत विज्ञान संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# मेडिकल कॉलेज का डीएम और एसपी ने किया औचक निरीक्षण

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल द्वारा मेडिकल कालेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को प्रधानाचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि एनएमसी द्वारा तीसरे बैच की प्रवेश की अनुमति मिल गयी है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा खुशी जताई गयी।

निरीक्षण के दौरान निमार्णाधीन भवनों के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। अस्पताल भवन 150 बेड और ओटी का कार्य, प्रशासनिक भवन के अपूर्ण निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिया साथ ही शैक्षणिक भवन के चतुर्थ तल स्थित पैथोलॉजी विभाग एवं कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के अधूरे निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। प्रधानाचार्य द्वारा अवगत कराया गया कि 13 फरवरी को एनएमसी द्वारा उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर के स्थलीय निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशों में एनएमसी मानक अनुसार छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन हेतु 125 सीटों का लेक्चर हाल 3 नग, 250 सीटों का परीक्षा हाल 1 नग, 250 सीटों का सेमिनार रूम 1 नग, सीनियर/जूनियर रेजिडेन्ट को कैम्पस में आवासित करने हेतु आवास, गर्ल्स/ब्वॉयज हास्टल 300 की संख्या में आवासित करने हेतु व साथ ही टाईप-2 (ए), टाईप-2 (डी), इन्टर्नहास्टल (50 बेड), मुख्य मार्ग एवं महाविद्यालय की चहार दीवारी का निर्माण कार्य भी पूर्ण कराना नितान्त आवश्यक है। उक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को उक्त निर्माण कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द निर्माण कार्यों को पूर्ण कराते हुये एनएमसी मानकों को पूर्ण करा लें। जिलाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक द्वारा एलटी हॉल-1 में 100 मेडिकल छात्रों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को जाना व उसके निस्तारण के लिये सम्बंधित को निर्देशित किया साथ ही छात्र-छात्राओं को शैक्षिक, प्रशासनिक व सामाजिक अनुभवों का भी आदान-प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य प्रो. शिवकुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, मेडिकल कालेज डा. एए जाफरी, विभागाध्यक्ष-एनाटमी, फिजियोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, जनरल मेडिसिन व कार्यदायी संस्था उ.प्र. रा.नि.नि.लि. सिविल एवं विद्युत, टाटा कम्पनी व बाला जी कम्पनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।


निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते जिलाधिकारी

# जमीन के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट

**दबंगई**

घटना का वीडियो वायरल

**जफराबाद।** स्थानीय कस्बे के पूर्वी चौराहे पर सोमवार की रात को जमीनी विवाद में एक 42 वर्षीय युवक की जमकर पिटाई की गयी। मारपीट की घटना का वीडियो देर रात वायरल हो गया। घटना की जानकारी होते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उक्त मुहल्ले के निवासी शब्बीर हुसैन उर्फ बबलू पुत्र स्वर्गीय महमूद व ओवैस खान के बीच मकान की बाउंड्रीवाल के गेट ओर लगे नेम प्लेट को उखाड़ कर फेंकने को लेकर कहा सुनी हुई। वैश खान का आरोप है कि बबलू ने उसके बाउंड्रीवाल के गेट पर लगा नम्बर प्लेट उखाड़ कर फेंक दिया था। सुबह दोनों में कहासुनी भी हुई। बबलू द्वारा नेमप्लेट उखाड़ने तथा वहां रखा कुछ सामान उठा ले जाने की सूचना पुलिस को दी गयी थी। शाम को वैश खान ने गेट पर दूसरा नेमप्लेट लगवाया था। वैश खान शाम को एक दुकान पर चाय पी रहा था। वैश का आरोप है कि उक्त चाय की दुकान पर अचानक बबलू ने उस पर थप्पड़ मार दिया। उसके बाद वैश खान व उसके साथ के कुछ लोग शब्बीर उर्फ बबलू को मारने पीटने लगे। बबलू को मारने पीटने का वीडियो बनाकर किसी ने वायरल कर दिया। घटना के बाद मारपीट में गम्भीर रूप से घायल बबलू को जिला चिकित्सालय भेजवाया। बबलू का आरोप है कि वैश और उसके साथियों ने उसके कमरे में आग लगा दिया जिससे कमरे में रखा गद्दा, रजाई व अन्य सामान जल गया। वह पूछने गया तो उन लोगों ने मारा पीटा। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी व चौकी प्रभारी आशीष पाण्डेय ने 3 आरोपियों रिजवान, निहाल तथा वैश खान को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा लिख कर उचित कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## अधिवक्ता संघ बदलापुर के समर्थन में उतरे तहसील अधिवक्ता

**मछलीशहर।** अधिवक्ता संघ बदलापुर के समर्थन में तहसील अधिवक्ता भी उतर आये। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुये जमकर नारेबाजी किया और न्यायिक कार्य से विरत रहे।अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में मंगलवार को अधिवक्ता भवन में अधिवक्ताओं की आकस्मिक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें अधिवक्ताओं ने बदलापुर में उपजिलाधिकारी द्वारा अधिवक्ता के चैंबर में तोड़फोड़ करने, गिरवाने व अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने की भर्त्सना की गई। अधिवक्ताओं ने सर्व सम्मति से बदलापुर अधिवक्ता संघ के समर्थन में न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर तहसील में नारेबाजी किया। इस अवसर पर महामंत्री बनवारी राम मौर्य, वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा, जगदंबा प्रसाद मिश्रा, भरत लाल यादव, अशोक श्रीवास्तव, सुरेन्द्र मणि शुक्ला, आरपी सिंह, जय प्रकाश दुबे, अजय सिंह, महेंद्र मौर्य, रमेश चंद्र यादव, विपिन मौर्य, अमित सिंह, अशोक मिश्रा सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित थे।

# मांगों को लेकर रेलवे संघर्ष समिति का धरना-प्रदर्शन


रेलवे स्टेशन के बाहर धरना देते रेलवे संघर्ष समिति के लोग

**केराकत।** रेलवे संघर्ष समिति के सदस्य स्टेशन पर लम्बी दूरी के ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर और प्रशासन की तानाशाही, जनता के हक व सुविधाओं के लिए डटे रहे। समिति के लोग रेलवे गेट के बाहर बगल में अपने टेंट में बैठ शांतिपूर्ण तरीके से धरना देने ही जा रहे थे कि रेलवे पुलिस ने उन्हें टेंट से बाहर बैठकर प्रदर्शन करने को कहा और उस टेंट में पुलिस स्वयं बैठ गयी। उस पर समिति के लोगों ने चिलचिलाती धूप में बैठ अपना प्रदर्शन जारी रखा। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि यह क्षेत्र की जनता की लड़ाई है जिसमे पूरे जोश के साथ समिति के लोग आगे भी लड़ते रहेंगे। उनकी मांगें थीं कि कुछ विशेष ट्रेनों को केराकत स्टेशन पर ठहराव व टिकट काउंटर पर रिजर्व टिकट की बिक्री हो। धरने पर मनोज कमलापुरी, एडवोकेट गांगुली सोनकर, कृष्ण कांत यादव, आजाद कुरैशी, सुबास यादव, वकील अहमद, विनोद कन्नौजिया, मकालू सोनकर आदि लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### टाईबीर बाबा की पुलिया क्षतिग्रस्त



**केराकत।** क्षेत्र के केराकत-खुज्जी मार्ग पर औरी ग्राम स्थित टाईबीर बाबा पुलिया इन दिनों क्षतिग्रस्त हो गया जिससे लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की माने तो इस पुलिया का निर्माण एक सदी के पहले कराया गया था। वर्तमान में चन्दवक पुल क्षतिग्रस्त होने से भारी वाहनों का आवागमन लगातार इसी रोड पर होने से इस पुलिया को काफी नुकसान हुआ है जिससे इस पुलिया में दरार आ गयी। फिलहाल पुलिस प्रशासन ने ईंट व ड्रम वगैरह लगाकर आधे पुलिया को कवर कर दूसरे तरफ से आने जाने का रास्ता खोला है परंतु नीचे से क्षतिग्रस्त होने से अभी भी पुलिया पर आने जाने में काफी खतरा बना हुआ है।

### खौलते पानी के गिरने से युवती गंभीर रूप से जली

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के जखांव नामक ग्राम में एक युवती के ऊपर खौलता पानी गिर जाने से गंभीर रूप से जल कर घायल हो गयी। घायलावस्था में युवती को सीएचसी गोपीगंज से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि पूनम कुमारी 28 वर्षीय पिता स्वर्गीय कवलधारी हलवाई अपने घर में गैस सिलेंडर युक्त चूल्हे पर पानी गर्म कर रही थी, कि अचानक चूल्हे से खौलता पानी पास में बैठी युवती के ऊपर जा गिरा। जिससे वह गंभीर रूप जल गई। जिसको तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। जहां पर हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल महाराजा चेतसिंह जिला अस्पताल ज्ञानपुर को रेफर कर दिया गया।

### ऑटो, रिक्शा ट्राली की टक्कर में युवती गंभीर रूप से घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के फूलबाग में ज्ञानपुर से आ रही मां बेटी ट्राली के टक्कर से युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी, जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से परिजनों ने रेफर कराकर निजी नर्सिंग होम ले गए। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि मंगलवार को को मां बेटी ज्ञानपुर से बैठकर गोपीगंज की तरफ आ रही थी। जैसे ही ऑटो फूल बाग गोपीगंज में पहुंची थी सामने से जा रहे रिक्शा ट्राली जिस पर सरिया लगा था। ऑटो चालक उसी में जा भिड़ा। जिससे पुष्पा 20 पुत्री खेतल राम ग्राम पसडियापुर थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही। गंभीर रूप से घायल हुई। जिसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में ले जाया गया। जहां पर उसके परिजनों ने निजी नर्सिंग होम में रेफर करा कर ले गए।

### सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाशित होगी विकास पुस्तिका

ज्ञानपुर। शासन के निर्देश पर वर्तमान सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरकार की उपलब्धियों, नए कीर्तिमानों पर आधारित पुस्तिका प्रकाशित की जायेगी। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों, कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया है कि अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओ एवं उपलब्धियो को विधानसभावार विगत पाँच वर्ष तथा एक वर्ष की प्रगति व विशेष कार्यों का विवरण फोटोग्राफ सहित 22 फरवरी तक जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में हार्ड कॉपी तथा ईमेल आईडी पर सूचना फाइल फार्मेट में सॉफ्ट कापी में उपलब्ध कराने की व्यवस्था करें। डीएम ने कहा कि प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री का निर्देश हैं कि जिन विभागो की सूचना निर्धारित अवधि मे प्राप्त नही होगी वो उस विभाग के कार्यालयध्यक्ष की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी ।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

प्रधान सम्पादक - सुभाष राय

स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. -0532 - 2400063

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# समय से निपुण लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर होगी समीक्षा: चंद्र शेखर

**बैठक**

शिक्षक संकुल की बैठक को लेकर शासन का निर्देश जारी

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** शासन के निर्देश पर न्यायपंचायत बीसापुर के शिक्षक संकुल की बैठक मंगलवार को कंपोजिट विद्यालय मिसिरपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में तेरह विद्यालय के प्रधानाध्यापक, नवाचारी शिक्षक तथा शिक्षक संकुल को लेकर चार दर्जन से अधिक अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। बैठक में मुख्य अतिथि चंद्र शेखर आजाद खंड शिक्षा अधिकारी भदोही और विशिष्ट अतिथि धीरज सिंह एसआरजी भदोही व एआरपी भदोही जितेंद्र उपाध्याय मौजूद रहे।

इस बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि शासन के आदेश से प्रत्येक मास के तीसरे मंगलवार को ऐसी बैठक होगी, जिसमे सभी विद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता की परख होगी। इस बैठक से शासन के सभी पहलुओं का मूल्यांकन और समीक्षा होगी जिससे ससमय निपुण लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। धीरज सिंह ने निपुण लक्ष्य के सभी पैरा मीटर को बताया तथा जितेंद्र उपाध्याय ने शिक्षण योजना पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिवाकांत यादव नोडल शिक्षक संकुल ने सभी का स्वागत अभिनंदन किया। इस बैठक में कंचन सेठ, साधना यादव,निधि सिंह, मेही लाल, सुरेश गुप्ता, पूजा, नंदिनी कौशल ने टीएलएम का प्रदर्शन किया।

इसी तरह नगर क्षेत्र भदोही में भी एआरपी विनोद सिंह की अध्यक्षता में शिक्षक संकुल की बैठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदोही में आयोजित की गई। इस अवसर पर इमरान हसन, साबिर अंसारी, जमील अहमद और समीर हसन आदि मौजूद रहे।


शिक्षक संकुल की बैठक के दौरान संचालन करते नोडल शिक्षक संकुल शिवाकांत यादव


## फर्जी मुकदमे को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**ज्ञानपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय जी के ऊपर भाजपा शासन प्रशासन द्वारा फर्जी मुकदमा लगाया गया है। फर्जी मुकदमे हटाने की मांग को लेकर शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दूबे राजन के नेतृत्व में राज्यपाल सम्बोधित पत्रक जिलाधिकारी को सौंपा गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राजेश राकेश व जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दूबे राजन ने कहा कि गत 13 फरवरी 2023 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी प्रयागराज में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वाराणसी एयरपोर्ट पर आने का कार्यक्रम था, परंतु प्रशासन के इजाजत न देने पर राहुल गांधी जी को सीधे दिल्ली जाना पड़ा, तत्पश्चात 3 दिनों के पश्चात शासन के इशारे पर अध्यक्ष अजय राय पर फर्जी मुकदमा कर दिया जाता है। आज कांग्रेसजन इस ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हैं कि फर्जी मुकदमे को तुरंत हटाया जाए अन्यथा कांग्रेसजन आने वाले समय में सड़क से संसद तक संघर्ष करेंगे।

# हाईकोर्ट के फैसले का केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट फेडरेशन ने किया स्वागत

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुछ दवाओं की बिक्री पर मानक निर्धारित किया गया था। जिससे दवा विक्रेताओं को हानि का सामना करना पड़ रहा था। इसके विरोध में केमिस्ट एंड ड्रैगिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा उच्च न्यायालय में वाद दायर किया गया, इसकी सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने केमिस्ट एंड ड्रैगिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश को सही ठहराते हुए रोकी गई दवाओं की बिक्री सुचारू रूप से जारी रखने का आदेश पारित कर दिया। केमिस्ट एंड ड्रैगिस्ट फेडरेशन द्वारा फैसले का स्वागत करते हुए उच्च न्यायालय का आभार जताया। मंगलवार को भदोही स्थित शिव मेडिकल स्टोर पर केमिस्ट एवं ड्रैगिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री पारसनाथ यादव ने मीडिया से बातचीत अवगत कराया कि फेडरेशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गत 15 फरवरी को राज्य सरकार के प्रतिबंध के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के फैसले से विक्रेताओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा सरकार के प्रतिबंधात्मक आदेश पर रोक लगाए जाने से जहां फार्मा कंपनियों को व्यापार में सुविधा मिलेगी। वही जरूरतमंदों को सुगमता पूर्वक यह जीवन रक्षक दवाएं प्राप्त हो जाएंगी। बल्कि महामंत्री ने सरकार से मांग किया कि ऑनलाइन दवाओं की बिक्री निर्धारित की जा रही है जिससे जनहित को नुकसान होता है। प्रेस वार्ता के दौरान मनीष, यशपाल आदि मौजूद रहे।



# थाने का चक्कर लगा रहे मालिक व ड्राइवर, नहीं लिखी जा रही रिपोर्ट

जनसंदेश न्यूज

**गोपीगंज।** चोरी की घटनाओं की प्राथमिकी दर्ज करने में पुलिस की हीलाहवाली करना सर्वविदित हैं।योगीराज में भी इस मामलें में कोई परिवर्तन नहीं हुआ हैं। नजीर के तौर पर गोपीगंज कोतवाली को लिया जा सकता हैं। जहाँ पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए ट्रक के चालक व मालिक तीन दिनों से चक्कर लगा रहे हैं, किंतु कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के संबंध में बताया जाता है कि दिनांक 18 फरवरी की देर रात्रि को ड्राइवर नासिर ट्रक संख्या यूपी 92 टी 7987 उरई से रामनगर वाराणसी के लिए साबुन लादकर जा रहा था। टोल प्लाजा के कुछ पूर्व ही उसकी पेट में दर्द हुआ। जिस पर वह ढाबे पर गाड़ी खड़ी कर दवा खाना खाने के बाद सो गया। सुबह जब उठा तो देखा कि उसकी गाड़ी से 200 पेटी साबुन अज्ञात चोरों द्वारा तिरपाल का रस्सा काट कर उड़ा दिया गया था। जिसकी सूचना उसने तत्काल डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी सहित ड्राइवर को थाने ले आई और तीन दिनों से वह अपनी रिपोर्ट लिखाने के लिए परेशान है। रिपोर्ट नहीं लिखे जाने पर चालक ने अपने मालिक को सूचित किया मंगलवार को जब उसका मालिक आया तो भी रिपोर्ट नहीं लिखी गई। वह मायूस होकर पुलिस अधीक्षक भदोही से अपनी रिपोर्ट लिखाने के लिए गया, जहां उसकी मुलाकात एसपी से नहीं हो पाई।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह व शाहगंज महोत्सव 19 मार्च को

**शाहगंज।** मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह एवं शाहगंज महोत्सव का आयोजन 19 मार्च को तहसील मुख्यालय के बगल स्थित रामलीला मैदान में होगा। पूर्व में उक्त कार्यक्रम छह मार्च को आयोजित था। लेकिन विधानसभा सत्र प्रारम्भ होने के कारण इसकी तिथि 19 मार्च कर दी गई। उक्त जानकारी विधायक रमेश सिंह ने दी। कहाकि इस दौरान 251 जोड़ों का विवाह होगा।

## अबूझ हाल में आग लगने से एक लाख से अधिक का सामान जलकर खाक

**गोपीगंज।** कोतवाली गोपीगंज क्षेत्र के बिशेश्वरपुर ग्राम में अबूझ हाल में झोपड़ी में खड़ी रिश्तेदार की दो बाईकों, दो साइकिल सहित बिदाई का सारा सामान जलकर खाक हो गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सूर्यबली गौतम निवासी विशेश्वरपुर कोतवाली गोपीगंज में चौकीदार है। उनके यहां दिन मंगलवार को बहू की विदाई थी, रिश्तेदार भी आये थे कि सोमवार की रात लगभग 1:30 बजे मकान से सटे मड़हे आग लग जाने से मड़हे में खड़ी रिश्तेदार की दो बाइकें, दो साइकिल व अपनी बहू की विदाई में रखे सामान सहित गृहस्थी के सामान चौकी, आदि जलकर खाक हो गए। सूर्यबली ने बताया की 21 फरवरी को ही बिदाई थी। उसकी बिदाई का सभी समान भी उसी में था। आग कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो पाया। वैसे परिजनों एवं आजाद समाज पार्टी भदोही के जिलाध्यक्ष दिलीप कनौजिया ने शासन प्रशासन से जांचकर आर्थिक मदद की मांग की है।

# संगठन की मजबूती को लेकर आप ने की बैठक, सौंपी जिम्मेदारी

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** संगठन की मजबूती को लेकर आम आदमी पार्टी भदोही की एक आवश्यक बैठक मंगलवार को महान कवि डॉक्टर कृष्णा अवतार राही के आवास ज्ञानपुर घोसियां, खमरिया और तुलसी चित्रा मन्दिर गोपीगंज में कार्यकताओं ने बैठक की। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने किया। इन बैठकों में मुख्या अतिथी के रूप में जिला प्रभारी इंजीनियर राजन सिंह मुख्या रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान संगठन को मजबूत करते हुए नगर पंचायत ज्ञानपुर के निकाय प्रभारी महेन्द्र नाथ पाल, नगर पालिका परिषद गोपीगंज के निकाय प्रभारी पंकज कुमार एडवोकेट, नगर पंचायत खमरिया के निकाय प्रभारी श्यामसुंदर मौर्या, नगर पंचायत घोसियां निकाय प्रभारी कविता राय एडवोकेट को मनोनित किया गया। इस दौरान जिला प्रभारी इंजीनियर राजन सिंह ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर पंचायत और पालिका में जिस तरह लोगो का झुकाव आम आदमी पार्टी की तरफ हो रहा है, इस बात में कोई शक नहीं कि आम आदमी पार्टी नगर पालिका चुनाव मजबूती से लड़ रही है और जीत रही है। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे जितेंद्र उपाध्याय, आर्यन मौर्या आशुतोष दुबे, राजेश गौतम, महेन्द्र पाल, राजधर बिंद, प्रमेश मौर्या, रोशन अली, अरूण कुमार पासवान, सरताज, मुनावर, पंकज कुमार एडवोकेट, अशोक, चंद्रेश मौर्या, धर्मेंद्र कुमार, राजेश भाई आदि लोग उपस्थित रहे।


आम आदमी पार्टी की बैठक में शामिल लोग



# छोटे उद्यमियों का सपना कुटीर औद्योगिक नगर हो अपना

**कुटीर उद्यमियों के सपने को साकार करने के लिए संघर्ष जारी : बग्गा**

**जीएसटी काउंसिल में व्यापारियों-उद्यमियों को भी दिया जाए प्रतिनिधित्व**

**केंद्र और प्रदेश सरकार को लिखा गया है पत्र, सीएम योगी से बड़ी आस**

**दोनों किडनी फेल पर व्यापारियों-उद्यमियों के हितों के लिए संघर्ष का जुनून**

## खास मुलाकात

जितेंद्र श्रीवास्तव

वाराणसी। केंद्र और प्रदेश सरकार सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग के विकास की खातिर जिस तरह से प्रयत्नशील है। उनके लिए औद्योगिक नगर बसाया गया है। बनारस में रामनगर, चांदपुर, करखियावं आदि इंडस्ट्रियल बेल्ट में ऐसे उद्योगों को स्थान मिल जाता है। लेकिन दो-चार-पांच-10 लाख की पूंजी से उद्योग चलाने वाले कुटीर उद्यमियों का कोई पुरसाहाल नहीं है। गली-कूचों में छोटी-छोटी मशीन लगाकर जीविकोपार्जन करने के साथ गरीब, असहाय परिवार को काम देने वाले कुटीर उद्यमियों के विकास की घोषणाएं तो दूर उनके बारे में सोचा तक नहीं जाता। कुटीर उद्यमियों की अनदेखी से उनका हौसला टूट रहा है। वाराणसी व्यापार मंडल और काशी बिस्कुट एण्ड कंफेक्शनरी व्यापार मंडल इन उपेक्षित कुटीर उद्यमियों के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। जब तक सांस चलेगी, इनके उत्थान की लड़ाई जारी रहेगी। 'कुटीर औद्योगिक नगर' का सपना साकार कराकर ही दम लिया जाएगा। यह कहना है संगठन के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा का। दोनों किडनी फेल होने के बावजूद व्यापारियों-उद्यमियों के हितों के लिए संघर्ष उनका जुनून है। 'जनसंदेश टाइम्स' से 'खास मुलाकात' में वे कहते हैं कि यहीं जुनून उनको संबल प्रदान करता है। संघर्ष की प्रेरणा और ताकत देता है।एक सवाल के जवाब में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा कहते हैं कि उनका संगठन लगातार सड़क पर उतर व्यापारियों-उद्यमियों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहता है। यदि कोई विभाग किसी भी व्यापारी या उद्यमी का उत्पीड़न करता है तो उसका पूरजोर विरोध किया जाता है। जीएसटी में 40 लाख तक के कारोबार पर टैक्स की छूट उनके संगठन के संघर्ष का ही परिणाम है। उनका कहना है कि पारदर्शिता के लिए जीएसटी काउंसिल में व्यापारियों और उद्यमियों का भी प्रतिनिधित्व होना चाहिए। जीएसटी विभाग के सलाहकार समिति में वाराणसी का भी प्रतिनिधित्व होना चाहिए। इतना ही नहीं, जिस तरह अन्य विभागों में आयोग बने हैं। उसी तर्ज पर 'व्यापारी आयोग' का भी गठन होना चाहिए, ताकि व्यापारियों और उद्यमियों के हित में यह आयोग फैसला ले सके, जिसे मानने को सरकार बाध्य हो। शिक्षक, स्नातक आदि के तर्ज पर व्यापारी वर्ग से भी एमएलसी सीट का प्रावधान होना चाहिए। इसमें चुनाव लड़ने और वोटिंग का अधिकारी उसी व्यापारी को मिले, जो जीएसटी में पंजीकृत हो। इसके लिए केंद्र और प्रदेश सरकार को पत्र लिखा गया है। बनारस के सांसद व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस सवालों को लेकर बड़ी आस है और उम्मीद है कि वे व्यापारियों-उद्यमियों को निराश नहीं करेंगे।



## इन संकल्पों को संगठन ने किया आत्मसात

वाराणसी व्यापार मंडल, वाराणसी महिला व्यापार मंडल, वाराणसी अल्पसंख्यक व्यापार मंडल, पूर्वांचल व्यापार मंडल, पूर्वांचल महिला व्यापार मंडल, पूर्वांचल अल्पसंख्यक व्यापार मंडल, काशी बिस्कुट एण्ड कंफेक्शनरी व्यापार मंडल समेत छोटे-बड़े 50 से अधिक क्षेत्रीय व्यापार मंडल ने कई संकल्पों को आत्मसात किया है। उसमें से प्रमुख है- 'शान से जीयेंगे-शान से मरेंगे', 'अन्याय करेंगे नहीं-न्याय के लिए झुकेंगे नहीं', 'अभिमान करेंगे नहीं-सम्मान खायेंगे नहीं' आदि। यहीं कारण है कि तमाम विभागों के अफसर संगठन के पत्रक को तवज्जों देते हुए व्यापारियों और उद्यमियों का काम बगैर किसी हीलाहवाली आसानी से कर देते हैं।


## सप्ताह में तीन बार डायलिसिस फिर भी सेवा का भाव

सप्ताह में तीन बार डायलिसिस कराने वाले अजीत सिंह बग्गा के जीवन का मूलमंत्र सेवा भाव है। दिन हो या रात, वह व्यापारियों और उद्यमियों के हितों की रखा के लिए बराबर तत्पर रहते हैं। महिला व्यापारियों और उद्यमियों के उत्थान के लिए तमाम योजनाओं पर काम किया और उसे मूर्तरूप दिया। चिकित्सकों के लाख मना करने के बावजूद उनको जब भी किसी व्यापारी या उद्यमी या फिर दिव्यांग के संकट में पड़ने की जानकारी मिलती है तो वे उसे दूर करने के लिए दौड़ जाते हैं।

## दिव्यांगों के लिए लगातार संघर्ष

व्यापारी नेता अजीत सिंह बग्गा बताते हैं कि सिर्फ कुटीर व लघु उद्यमियों और व्यापारियों के लिए ही नहीं दिव्यांगों के उत्थान की खातिर संघर्ष लगातार चलता रहता है। यहीं कारण है कि केंद्र और प्रदेश सरकार भी दिव्यांगों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलायी है। साथ ही ऑटो व ई-रिक्शा चालकों की दुश्वारियों को दूर करने के लिए बराबर संघर्ष किया जा रहा है। समाजसेवा ही अब उनकी जिदंगी का अहम हिस्सा बन चुका है।

## डिवाइन अस्तित्व ने दी रत्नों के संदर्भ में जानकारी



**वाराणसी।** विश्वविख्यात धार्मिक नगरी काशी की आध्यात्मिक एवं वैदिक संस्था डिवाइन अस्तित्व ने वर्ष 2023 का अपना दूसरा प्रेस क्रांफ्रेस महमूरगंज स्थित कार्यालय में 20 फरवरी को किया। निदेशक शैलेन्द्र सिंह ने इसको संबोधित करते हुए आज के मुख्य आकर्षण रत्नों के संदर्भ में उल्लेखनीय जानकारी साझा किया। उन्होंने मोती जो चन्द्रमा से जुड़ा हुआ रत्न है, उसकी धारण करने की उपयोगिता व उद्देश्य और साथ ही किस राशि के जातक के लिए सर्वश्रेष्ठ रहेगा, इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। मोती पर्ल के संदर्भ में बताया कि भारत के समुद्र से लेकर साउथ सी व सात समुन्द्र पार आस्टेलियन सी से लाये गये हैं। मोती के विभिन्न प्रारूप जैसे नेकलेस, माला, विभिन्न प्रकार के सम्पूर्ण रेंज की प्रस्तुति किया गया है। मोती का रेंज 100 प्रति रत्ती से उपलब्ध रहेगा। साउथ सी मोती 450 प्रति रत्ती व आस्टेलियन सी सुनहला मोती 1450 प्रति रत्ती है।

## मूलगादी मठ का शैक्षणिक भ्रमण कर जाना संत कबीर का इतिहास

**वाराणसी।** गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने मंगलवार को कबीरचौरा स्थित मूलगादी मठ का शैक्षणिक भ्रमण किया। प्रधानाचार्य डॉ. अनुपमा सिंह के नेतृत्व में छात्राओं का दल संत कबीर के साधना एवं कर्मस्थली कबीरचौरा मठ में जाकर संत कबीर के विचारों को जाना और समझा। छात्राओं को डॉ. भागीरथी ने संत कबीर के जीवन एवं दर्शन के बारे में बताया। उन्होंने कबीरचौरा मठ के इतिहास से छात्राओं को अवगत कराया। संत कबीर भक्ति आंदोलन के प्रमुख थे। इसलिए इतिहास एवं हिंदी में उनको पढ़ा एवं समझा जाता है। संत कबीर ने पूरी मानव जाति को प्रभावित किया। छात्राओं के दल में साथ डॉ. नीतालाल, गायत्री यादव, बुलेंद्र कुमार और देवेंद्र दास मौजूद थे।



## खेलो इंडिया में शीएट कॉलेज की अंजलि ने रजत और नीलम ने जीता कांस्य




**चांदमारी।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय (शीएट) गहनी की बीए प्रथम वर्ष की दो छात्राओं अंजलि पटेल ने रजत और नीलम पटेल ने जूनियर में कांस्य पदक प्राप्त किया। जीत की खुशी पर विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं देते हुए खुशी जाहिर की। दोनों छात्राएं खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भी विश्वविद्यालय के वेट लिफ्टिंग टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। 18 से 24 फरवरी तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 का आयोजन पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, कनकड़बाग में हो रहा है। अपने खेल से महाविद्यालय का गौरव बढ़ाने के लिए हर्ष जताते हुए निदेशक नवीन कुमार सिंह ने कहा कि हमारा महाविद्यालय पठन-पाठन के साथ ही खेल के कौशल और गुणवत्ता को निखारने की भी पूरी कोशिश करता है, जिसका सुखद परिणाम इन खिलाड़ियों के रूप में प्राप्त होने पर खुशी होती है। प्राचार्य डॉ. संतोष कु सिंह ने कहा कि खेल के विभिन्न पक्षों पर महाविद्यालय ध्यान देता है। विगत वर्षों में महाविद्यालय के कई विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में राज्य व देश स्तर पर महाविद्यालय के साथ ही साथ विश्वविद्यालय का भी नाम रोशन किया है। डॉ. संजीव कु सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स में अंडर 19 का एज ग्रुप होता है। प्रदेश के हाई रैंकर जो देश में कहीं भी पढ़ रहे हो अपने अपने प्रदेश से ओपन प्रतिभाग करते हैं। खेल के क्षेत्र में यह बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. सीमांत प्रियदर्शी, डॉ. दिग्विजय नारायण वर्मा, डॉ. सुजीत सिंह आदि ने हर्ष जताया।

## करीब 11 प्रतिशत लोगों में दांत न बनने की समस्या

**टूथ एजेनेसिस के चलते दांत का विकास नहीं हो पाता**

**बीएचयू के अध्ययन दल ने सुझाई नई चिकित्सीय विधि**

वाराणसी। टूथ एजेनेसिस ऐसी स्थिति है, जिसमें पैक्स9 जीन (दांतों के विकास के लिए महत्वपूर्ण जीनों में से एक) में बदलाव के कारण दांत विकसित नहीं हो पाता है। यह दांतों के विकास में कई अन्य स्थितियों के बीच सबसे अधिक पाए जाने वाले विकारों में से हैं। कुछ अध्ययनों के अनुसार, भारतीय आबादी के लगभग 11 प्रतिशत लोग दांतों के न बनने की समस्या का सामना करते हैं। टूथ एजेनेसिस के कारणों और समस्या के संभावित इलाज को लेकर दुनिया भर में कई शोध कार्य किए जा रहे हैं। बीएचयू के शोधकर्ताओं ने इस संबंध में अपनी तरह की पहली खोज की है।



प्रो. परिमल दास व प्रशांत रंजन



सेंटर फॉर जेनेटिक डिसऑर्डर्स-विज्ञान संस्थान के समन्वयक प्रो. परिमल दास और उनके पीएचडी छात्र प्रशांत रंजन ने बच्चों में टूथ एजेनेसिस की समस्या के निदान के लिए एक नई चिकित्सीय विधि सुझाई है। यह पहली बार है कि इस तरह की विधि पर शोध किया गया है। पैक्स9 दांतों के विकास के लिए जिम्मेदार एक महत्वपूर्ण जीन है। पैक्स9 में उत्परिवर्तन से टूथ एजेनेसिस हो सकता है। शोध दल ने सैकड़ों ऐसे म्युटेंट पैक्स9 प्रकारों का अध्ययन किया, जिनमें टूथ एजेनेसिस हो सकता था। इस दौरान छह सबसे अधिक पैथोजेनिक पाए गए, जिसका परिणाम टूथ एजेनेसिस था। वैज्ञानिकों ने इन सबसे पैथोजेनिक पैक्स9 वेरिएंट का अध्ययन किया और छह म्युटेंट प्रोटीन का स्ट्रक्चर कंप्यूटर सॉफ्टवेयर से डिजाइन किया। उन्होंने पाया कि सारे म्युटेंट के प्रोटीन स्ट्रक्चर में एक ही जगह पर बदलाव है। विस्तृत अध्ययन में पता चला कि वहां कुछ ऐसे स्थान थे, जो प्रोटीन इंटरेक्शन तथा डीएनए प्रोटीन इंटरेक्शन में भागीदार नहीं थे। गौरतलब है कि दांत के विकास के लिए प्रोटीन-प्रोटीन इंटरएक्शन तथा डीएनए-प्रोटीन इंटरएक्शन आवश्यक है। शोध दल ने ऐसे स्थानों को दवा से जोड़ा और पाया कि दवा उस म्युटेंट प्रोटीन के स्ट्रक्चर की मरम्मत कर करके म्युटेंट प्रोटीन के कार्य को भी सक्रिय करेगा। यह अध्ययन बच्चों में टूथ एजेनेसिस के निराकरण के लिए दवा के विकास की दिशा में नए कार्यों का मार्ग प्रशस्त करता है। प्रो. परिमल दास और प्रशांत रंजन अब मानव सेल लाइन का उपयोग करते हुए इस अध्ययन के परिणामों के आधार पर दवा के अणु की खोज पर काम कर रहे हैं।

## काशिका है विश्व की सबसे पुरानी मातृभाषा

### काशिका को संवैधानिक मान्यता व संरक्षण देने की पुरजोर मांग

**वाराणसी।** विश्व भोजपुरी संघ की ओर से मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर लक्सा में आयोजित सभा में काशी की मातृभाषा काशिका को संसार की सबसे प्राचीन मातृभाषा और लोकभाषा बताते हुए इसके संवैधानिक मान्यता और सरंक्षण की सरकार से मांग की गयी । बीज व्यक्तव्य देते हुए विश्व भोजपुरी संघ के महासचिव डा.अपूर्व नारायण तिवारी ने कहा कि भगवान शिव की काशी नगरी के निर्माण के समय ही काशिका भाषा का सृजन किया गया था । यह भाषा हजारों वर्षों से आज भी अक्षुण्य है और ये भोजपुरी की एकमात्र पुल्लिंग भाषा और मानक भोजपुरी रुप में जानी जाती है । काशिका भाषा महर्षि अगस्त्य, काशीराज दिवोदास से लेकर पार्श्वनाथ, चन्द्रप्रभु, सुपार्श्वनाथ, श्रेयांसनाथ, रामानदांचार्य, कबीरदास रैदास, दरियादास, पीपादास,भारतेंदु हरिश्चंद्र,जयशंकर प्रसाद तक की मातृभाषा रही है । इसे आज संवैधानिक सरंक्षण और मान्यता देना सरकार का नैतिक दायित्व है । इस अवसर पर काशिका शब्दकोष बनाये जाने की पुरजोर वकालत की गयी । स्वागत जयदीप शुक्ल, संचालन कौशल कुमार मिश्र और अध्यक्षता डा.अपूर्व नारायण तिवारी व धन्यवाद ज्ञापन पुरुषोत्तम मिश्र ने दिया। कार्यक्रम में बृजमोहन दास, उमेश पांडेय, राहुल शाह, ओमप्रकाश शर्मा, वैद्य दिनेश सिंह, शालिनी, रागिनी, बच्चेलाल गौड़ सुधांशु, मित्र माधव, परशुराम,केएन.दत्ता आदि मौजूद थे ।

## क्षेत्रीय भाषाओं में भोजपुरी सर्वाधिक लोकप्रिय

**बोले दुबे**

**भोजपुरी को राजभाषा का दर्जा न मिल पाना निराशाजनकः डॉ. सिंह**

**मातृभाषा दिवस के अवसर पर विश्व भोजपुरी सम्मेलन का आयोजन**

**वाराणसी।** भोजपुरी आज भारत में किसी भी अन्य क्षेत्रीय भाषा की तुलना में सर्वाधिक लोकप्रिय भाषा है जिसका प्रभाव वैश्विक है। उक्त विचार विश्व भोजपुरी सम्मेलन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे ने व्यक्त किए। वह बड़ालालपुर स्थित जीवनदीप शिक्षण संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर आयोजित विश्व भोजपुरी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के बड़े भूभाग में बोली जाने वाली भाषा दरअसल उस संस्कृति की पहचान है। भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करना इस भाषा-भाषी के अस्तित्व का सम्मान करने के बराबर है। विश्व भोजपुरी सम्मेलन के अंतरराष्ट्रीय महासचिव डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि विगत कई वर्षों के प्रयासों से आज भोजपुरी भाषा का संवैधानिक होना लगभग सुनिश्चित है। यह श्रम और संघर्ष की भाषा है। ऐसे में इसका जनप्रिय होना स्वाभाविक है। भोजपुरी क्षेत्र के 25 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली इस भाषा को राजभाषा का दर्जा ना मिल पाना निराशाजनक है। इस मौके पर प्रो. गुरुचरण सिंह, विश्व भोजपुरी सम्मेलन में प्रांतीय अध्यक्ष चंद्रकांत, महासचिव ओम धीरज ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में त्रैमासिक भोजपुरी ₹सझवाती₹ प्रधान संपादक डॉ अशोक कुमार सिंह, विजय किशोर पांडेय की पुस्तक व्याज्ञानिक वैदिक सभ्यता एवं राम बहादुर राय रचित भोजपुरी के मान्यता देई ए सरकार व अब गांवुओं में शहर आ गइल का विमोचन हुआ। इस अवसर पर आचार्य जनार्दन पांडेय, डॉ अजय ओझा, लाखन सिंह, प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा बिहार भाजपा पूनम सिंह, कवि कुमार अजय, उमा शंकर साहू, एस. आनंद, डॉ अंशु सिंह, अल्केश कुमार सिंह, पूनम शर्मा स्नेहिल, भोजपुरी गायिका पम्मी शांडिल्य सहित सैंकड़ों लोग मौजूद थे।



भोजपुरी पत्रिका का लोकार्पण करते अतिथिगण।

## मातृभाषाओं से हमें स्व का बोध

**बोले प्रो. देवीप्रसाद द्विवेदी**

**'मौलिकता और मातृभाषा' विषय पर एक परिचर्चा**

**वाराणसी।** 23वें अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर भोजपुरी अध्ययन केंद्र,बीएचयू के शोध संवाद समूह की ओर से 'मौलिकता और मातृभाषा' विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन केंद्र के राहुल सभागार किया गया। परिचर्चा सत्र की अध्यक्षता वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने की। मुख्य अतिथि पद्मभूषण प्रो.देवी प्रसाद द्विवेदी रहे। मुख्य अतिथि पद्मभूषण प्रो.देवीप्रसाद द्विवेदी ने कहा कि माता के माध्यम से हमें यथार्थ का बोध होता है कि हम क्या हैं तथा मातृभाषा के माध्यम से हमें अपने यथार्थ व्यक्तित्व का बोध होता है। अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि दुनिया की ज्ञान परंपरा से हमें जुड़ने के लिए अन्य भाषाएं हमें पढ़नी चाहिए लेकिन अपनी भाषा की कीमत पर नहीं। भाषाओं के बीच सामंजस्य की आवश्यकता है। एक दूसरे के सम्मान से हम अपनी मातृभाषाओं का संरक्षण और संवर्धन कर सकते हैं। मुख्य वक्ता 'सोच-विचार' पत्रिका के सम्पादक डॉ. जितेन्द्रनाथ मिश्र ने कहा कि मातृभाषा व्यक्ति के समस्त को समाज के सम्मुख प्रस्तुत करती है। मातृभाषा संस्कृति का लक्षण है। स्वागत वरिष्ठ कवि व केंद्र समन्वयक प्रो.श्रीप्रकाश शुक्ल ने दिया। विशिष्ट वक्ता प्रो.श्रीकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि मातृभाषा वह भाषा है जो एक बच्चे को उसकी मां सिखाती है। हिंदी विभाग में सहायक आचार्य डॉ. अशोक ज्योति ने कहा कि मातृभाषा में वह शक्ति है जो राष्ट्रों का निर्माण कर सकती है। डॉ.ज्योति ने कहा कि व्यक्ति को अपने समाज का व्यवहार अपनी मातृभाषा में करना चाहिए। संचालन केंद्र की शोधार्थी शिखा सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन उदय प्रताप पाल ने किया। इस अवसर पर प्रो.देवेश त्रिपाठी, प्रो.धनंजय पाण्डेय, डॉ. प्रभात कुमार मिश्र, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. महेंद्र कुशवाहा , डॉ. प्रीति त्रिपाठी, डॉ, विंध्याचल यादव समेत काफी लोग मौजूद थे।



## मिथिला संस्कृति का प्रतीक है मिथिला मोद

वाराणसी। प्रख्यात साहित्यकार डा. जितेन्द्र नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में विश्व मातृ भाषा दिवस के अवसर पर मिथिला मोद पत्रिका लोकार्पण समारोह का नागरी प्रचारिणी सभा में आयोजित किया गया। अतिथियों द्वारा वैशेषिक दर्शन के प्रवर्तक ऋषि कणाद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि प्रो श्रद्धानन्द ने कहा कि 21 फरवरी को यूनिष्कों ने विश्व के विलुप्त हो रहे भाषाओं का संरक्षण,संवर्धन के उद्देश्य से विश्व मातृ भाषा दिवस घोषित कर रखा है यह जानकर आश्चर्य होता है कि विश्व के लगभग सात करोड़ लोगों द्वारा मैथिली भाषा बोली जाती है जो कि आज विलुप्ति के कगार पर है। मिथिला मोद पत्रिका का प्रकाशन सन1905 से हो रहा है, और इसे मैथिली भाषा की प्रथम पत्रिका होने का गौरव प्राप्त है। अध्यक्षता साहित्यकार डा. जितेन्द्रनाथ मिश्र ने किया। संचालन गौतम कुमार झा ने व धन्यवाद ज्ञापन संस्था सचिव दास पुष्कर ने किया।